इंदौर-भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक राजीव टाइम्स

विश्वास पुराना, ख़बर सच्ची



पेज 03 फूटी पाइप लाइन, घरों में घुसा पानी...



चेन्नई ने मुंबई को 20 रन से हराया... पेज 04

संस्थापक : स्व. श्री राजेन्द्र खंडेलवाल

इंदौर, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024, चैत्र शुक्ल - 07, विक्रम संवत् 2081

वर्ष 44, अंक 04, पृष्ठ 08, कीमत 3 रुपए

## शॉर्ट न्यूज़

### रामलला के वीआईपी दर्शन व्यवस्था आज से 4 दिन बंद

**अयोध्या ।** रामलला के दरबार में 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। ट्रस्ट ने गाइडलाइन जारी करते हुए बताया है कि सोमवार से चार दिनों तक वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। जिन लोगों ने 15 से 18 अप्रैल के बीच के वीआईपी पास बनवाए हैं, उनके पास भी निरस्त माने जाएंगे। चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी सोमवार से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपील की है कि इन तिथियों पर वीआईपी प्रोटोकाल धारक अयोध्या न आएं। भीड़ में वीआईपी दर्शन कराना संभव नहीं होगा। पहले से बने विशिष्ट व सुगम पास 18 अप्रैल तक मान्य नहीं होंगे। ऐसे में पास धारकों को भी वीआईपी सुविधा नहीं दी जाएगी। रामलला की दर्शन अवधि में 16 अप्रैल से बदलाव किए जाएगा। भीड़ की स्थिति को देखते हुए 16 अप्रैल से मंदिर को 20 घंटे खोलने की योजना है।



### कंबोडिया में भारतीय राजदूत देवयानी का अप्सरा अवतार

**कंबोडिया।** यहां भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागडे अपने नए रुप को लेकर चर्चाओं में हैं। दरअसल कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देवयानी की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वे पारंपरिक परिधानों को पहने हुए 'खमेर अप्सरा' के रुप में दिख रही हैं। कंबोडिया में सबसे बड़ा पारंपरिक त्योहार 'खमेर नव वर्ष' मनाया जा रहा है। इसे देखते हुए देवयानी खोब्रागडे ने 'खमेर अप्सरा' का रुप धारण कर लोगों को शुभकामनाएं दीं। देवयानी ने कंबोडिया की खमेरी संस्कृति और परंपरा के प्रति गहरा प्रेम जताया है।



### इस्राइल-ईरानी क्षेत्र के लिए एयर इंडिया उड़ानें निलंबित

**नई दिल्ली।** ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे तनाव के बीच भारतीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के साथ ही एयर इंडिया ने इस्राइल के लिए अपनी उड़ानें अस्थायी रुप से निलंबित कर दी हैं। इसके अलावा ईरानी हवाई क्षेत्र से बचने के लिए वैकल्पिक रुट तैयार किया है, जिस वजह से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किराए में बढ़ोतरी हो सकती है। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच उड़ानें फिलहाल निलंबित रहेंगी। एयर इंडिया द्वारा दिल्ली से इस्राइल के लिए सप्ताह में चार उड़ानें संचालित की जाती हैं। यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व में एयर इंडिया की उड़ानों का संचालन किया जाता है।



### कांग्रेस की नई सूची में दिल्ली से कन्हैया, जालंधर से चन्नी



**नई दिल्ली ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने रविवार रात को एक और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस सूची में कुल 10 उम्मीदवारों में पंजाब की छह, दिल्ली की तीन और यूपी की एक सीट पर उम्मीदवारों का एलान किया है। दिल्ली के चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से कन्हैया कुमार, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली से उदित राज, अमृतसर से गुरजीत सिंह औजला, जालंधर से पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, बठिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खेरा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और इलाहाबाद से उज्जवल रेवती रमण सिंह को टिकट दिया है। कांग्रेस को यूपी में गठबंधन में मिली 17 सीटों में रायबरेली और अमेठी छोड़कर अन्य सभी पर उम्मीदवार उतारे जा चुके हैं। ऐसे में अब लोगों की निगाह इन दोनों सीटों पर लगी हैं।

## इस साल 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, आज से पंजीकरण

**जम्मू ▪ एजेंसी**

अमरनाथ यात्रा 2024 इस बार 29 जून, 2024 से शुरू होगी और 19 अगस्त, 2024 को समाप्त होगी। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने कहा, अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। अधिकारियों ने कहा कि भक्तों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। एमआरटी, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल हैं, को पवित्र गुफा मंदिर के जुड़वां मार्गों



पर लगभग एक दर्जन चिन्हित महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जाएगा। अमरनाथ यात्रा के बारे में जम्मू-कश्मीर एमआरटी टीम प्रभारी राम सिंह सलाथिया ने कहा, "श्री अमरनाथ जी यात्रा जम्मू-कश्मीर में जून में शुरू होगी और लगभग दो महीने तक चलेगी। देश भर से लाखों श्रद्धालु आएंगे। यात्रा के दौरान बाबा बर्फानी की पूजा करने आने वाले तीर्थयात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। स्थिति से निपटने के लिए माउंटेन रेस्क्यू टीम (एमआरटी) यात्रियों की सहायता के लिए जिला सांबा में प्रशिक्षण ले रही है।''

उन्होंने कहा, "पहाड़ी इलाकों में बलों को गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि ये जवान किसी भी आपदा पर आसानी से काबू पा सकें और तीर्थ यात्रा के दौरान मुसीबत में फंसे लोगों की मदद कर सकें।* जेके एमआरटी टीम प्रभारी राम सिंह सलाथिया और उनके प्रशिक्षकों की टीम के साथ वर्तमान में जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान और लुधियाना पंजाब से एनडीआरएफ के जवान भी हैं।

उन्होंने कहा, "सैनिकों को महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। वे किसी भी आपात स्थिति में भक्तों की मदद के लिए तैयार हैं और लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं और नई तकनीक और उपकरणों का परीक्षण कर रहे हैं।* हर साल की तरह, इन सैनिकों को 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर में पवित्र गुफा के दोनों मार्गों पर चिह्नित स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

### 1300 जवान पूरी तरह प्रशिक्षित

जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इन जवानों को किसी भी आपदा से निपटने के गुर सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण व्यवस्था में भूस्खलन, बाढ़, आग और सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव अभियान सहित आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। कर्मियों को रस्सी पुल निर्माण, खतरनाक स्थानों से घायल व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने और अन्य जीवन रक्षक तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाता है। इसके अलावा कुछ जवानों को मेडिकल ट्रेनिंग भी दी गई है ताकि वे यात्रियों को प्राथमिक उपचार दे सकें। अब तक जम्मू-कश्मीर पुलिस के 1,300 जवानों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जा चुका है। अमरनाथ यात्रा हर साल लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करती है जो जुलाई-अगस्त (हिंदू कैलेंडर में श्रावण माह) में श्रावणी मेले के दौरान इस स्थल पर आते हैं। पूरे वर्ष में एकमात्र समय जब अमरनाथ गुफा तक पहुंचा जा सकता है। वार्षिक 'अमरनाथ यात्रा' को 'प्रथम पूजन' द्वारा चिह्नित किया जाता है।

भाजपा का संकल्प-पत्र : मोदी की गारंटी

## विकसित भारत के लिए 5 साल का विजन

**नई दिल्ली▪ एजेंसी**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं और जनता की मौजूदगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी इस संकल्प पत्र में कहा गया है कि आने वाले 5 साल तक मुफ्त राशन दिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज जारी रहेगा। पीएम सूर्य घर को प्रमुखता दी गई है। नारी शक्ति, सीनियर सिटिजन, बॉर्डर-विदेश नीति जैसे प्रमुख वादे मैनिफेस्टो में पीएम मोदी ने किए हैं। संकल्प पत्र का मोदी की गारंटी नाम दिया गया है।

### चार स्तंभों पर आधारित संकल्प पत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पत्र को लॉन्च करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती है। ये विकसित भारत का संकल्प पत्र है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार स्तंभ पर आधारित है, जिसमें युवा, किसान, गरीब और नारी शामिल हैं। यह 'संकल्प पत्र' विकसित भारत के सभी 4 मजबूत स्तंभों- युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाता है।

### किसानों के लिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के 10 करोड़ किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि का लाभ आने वाले समय में भी मिलता रहेगा। 'सहकारिता से समृद्धि' के दृष्टिकोण के साथ, बीजेपी 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति' पेश करेगी। इसके माध्यम से हम एक क्रांतिकारी दिशा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। देशभर में डेयरी और सहकारी समितियों की संख्या भी बहुत बड़ी मात्रा में बढ़ाई जाएगी। भारत को वैश्विक पोषण केंद्र बनाने के लिए हम 'श्री अन्न' पर बहुत जोर देने जा रहे हैं। भाजपा का संकल्प भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इससे वैल्यू एडिशन होगा, किसान का फायदा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। फसल पूर्वानुमान, कीटनाशक अनुप्रयोग, सिंचाई, मिट्टी स्वास्थ्य और मौसम पूर्वानुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत कृषि उपग्रह लॉन्च करेंगे।



### 3 तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी तीन तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर - 1) सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, 2) डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, 3) फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए 21वीं सदी के भारत की नींव को मजबूत करने जा रही है। हम सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए नए शैक्षणिक संस्थान खोल रहे हैं। फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत, हम देश भर में राजमार्गों, रेलवे, वायुमार्ग और जलमार्गों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत हम 5जी नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं, 6जी पर काम कर रहे हैं और इंडस्ट्री 4.0 को ध्यान में रखते हुए हम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

### महिला सशक्तिकरण

हमने एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बनाया है। अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बनाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने के लिए आईटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और पर्यटन जैसे प्रमुख सेवा क्षेत्रों में कौशल और उपकरणों के साथ सशक्त बनाएंगे। हम कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास, क्रेच आदि जैसे बुनियादी ढांचे का विकास सुनिश्चित करेंगे। महिलाओं के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करते हुए एनीमिया, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम और कमी पर केंद्रित मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करेंगे। सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने के लिए एक केंद्रित पहल शुरु करेंगे। हमने लंबे समय से प्रतीक्षित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू किया है। हम संसद और राज्य विधान मंडलों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए इसे व्यवस्थित रुप से लागू करेंगे।

### रोजगार के अवसरों का विस्तार

वैश्विक चुनौतियों और कोविड महामारी जैसी अभूतपूर्व घटनाओं के बावजूद, हमारी आर्थिक नीतियां बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करने में सफल रही हैं। विनिर्माण, सेवाओं, ग्रामीण उद्योग, बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों पर हमारे रणनीतिक फोकस के साथ-साथ स्वनिधि और मुद्रा के माध्यम से ऋण सुविधाओं के समर्थन से आजीविका की संभावनाओं में काफी विस्तार हुआ है। हम अपने नागरिकों के लिए रोजगार, स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### देश के लिए UCC जरुरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। बीजेपी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को भी देशहित में उतना ही जरुरी मानती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी, विकास भी और विरासत भी के मंत्र पर विश्वास करती है। हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर कल्चरल केंद्रों का निर्माण करेंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारा गौरव है। तमिल भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए भाजपा हर पर्यटन करेगी।

### सीएए का कार्यान्वयन

हमने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) बनाने का ऐतिहासिक कदम उठाया है और सभी पात्र व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए इसे लागू करेंगे।

### सुरक्षा योजनाओं का विस्तार

हम ई-श्रम पोर्टल पर ऑटो, टैक्सी, ट्रक-अन्य ड्राइवरों को शामिल करेंगे। बीमा तथा अन्य कल्याण कार्यक्रमों के तहत सभी ड्राइवरों की 100% कवरेज सुनिश्चित करेंगे।

### भ्रष्टाचार पर सख्ती जारी रहेगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब गरीबों को उनका हक मिल रहा है और गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ये मोदी की गारंटी है।

**एक राष्ट्र, एक चुनाव को वास्तविकता बनाना** : हमने एक साथ चुनाव कराने के मुद्दों की जांच के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। हम समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन की दिशा में काम करेंगे।

**गरीब परिवारों को मुफ्त राशन :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2020 से 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अगले पांच वर्षों तक मुफ्त राशन दिया जाना जारी रखेंगे।

### पीएम आवास-पाइप से गैस

पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे।

### आयुष्मान भारत योजना का विस्तार

पीएम मोदी ने कहा कि बुजुर्गों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि वे अपनी बीमारियों का इलाज कैसे कराएंगे। मध्यम वर्ग के लिए तो यह चिंता और भी गंभीर है। बीजेपी ने अब ये संकल्प लिया है कि 75 साल से ज्यादा उम्र के हर व्यक्ति को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। ट्रांसजेंडर समुदाय और दिव्यांगों को भी आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आएगा।

### फ्री राशन योजना जारी रहेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी। बीजेपी ने घोषणापत्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा पर, जीवन की गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है।

### मुद्रा योजना के तहत 20 लाख रुपये लोन मिलेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मुद्रा योजना ने करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाया है। मुद्रा योजना के तहत पहले 10 लाख रुपये तक का लोन दिया गया। अब बीजेपी ने इस सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का फैसला किया है। मुझे विश्वास है कि इसका उपयोग इंडस्ट्री 4.0 के युग के लिए जरुरी इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एक नई ताकत के रुप में किया जाएगा।

### बिजली बिल जीरो होगा

करोड़ों परिवारों का बिजली बिल जीरो करने और बिजली से कमाई के अवसर पैदा करने की दिशा में हमने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की है।

### देश के चारों भागों में बुलेट ट्रेन

पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार भी देश के कोने-कोने तक करेगी। देश में वंदे भारत के 3 मॉडल चलेंगे- वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो। अहमदाबाद मुंबई बुलेट ट्रेन का काम जोरों से चल रहा है और लगभग समाप्ति पर है। इसी तरह उत्तर भारत में एक बुलेट ट्रेन, दक्षिण भारत में एक बुलेट ट्रेन और पूर्वी भारत में एक बुलेट ट्रेन चलेगी।

## जयशंकर ने 17 भारतीयों की वापसी पर की चर्चा

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन और इस्राइल के विदेश मंत्री इस्राइल काट्ज से बात की। रविवार शाम हुई बातचीत में ईरान-इस्राइल संघर्ष की वजह से बने हालात पर चर्चा की गई। इस दौरान ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए जहाज पर मौजूद 17 भारतीयों की सुरक्षित वापसी पर भी बात हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन से रविवार शाम बात की। एमएससी एरीज के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई पर चर्चा की। क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर भी बात हुई। इस दौरान इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश तनाव बढ़ाने से बचें, संयम बरतें और कूटनीति की ओर लौटें। वहीं, विदेश मंत्री ने इस्राइल के समकक्ष से भी बात करने के बाद ट्वीट किया कि इस्राइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज के साथ बातचीत हुई। कल के घटनाक्रम पर बात की और चिंता व्यक्त की। हमने पूरे क्षेत्र के हालात पर विस्तार से बात की। हमारे बीच संपर्क में रहने पर सहमति बनी।



## नंगल में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष की हत्या

**नंगल।** पंजाब के नंगल के रेलवे रोड पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विकास प्रभाकर की एक्टिवा पर आए दो युवकों ने तेजधार हथियारों से हत्या कर दी। पुलिस को सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध युवक नजर आए हैं। दोनों एक्टिवा पर थे और दोनों ने हेलमेट पहन रखा है। बताया जा रहा है कि विकास अपनी दुकान पर बैठे थे। इस दौरान अज्ञात युवकों ने उन पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। पास की दुकान का एक कर्मचारी विकास की दुकान से सामान लेने गया तो उसने विकास को जख्मी हालात में देखा और अपने मालिक को बताया। इसके बाद दुकानदार मनीष ने अन्य दुकानदारों के साथ मिलकर विकास को गंभीर हालात में अस्पताल पंहुचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीएसपी अजय सिंह, थाना प्रभारी इंसपेक्टर रजनीश चौधरी भी मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। डीएसपी ने कहा कि वैसाखी पर इस तरह की वारदात दुर्भाग्यपूर्ण है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज में दो एक्टिवा सवारों पर संदेह जताया जा रहा है।



अदावत

अभिनेता सलमान खान के घर पर किए चार फायर, 307 का केस दर्ज, सुरक्षा बढ़ाई

## लॉरेंस विश्नोई गैंग पर शक, हमलावरों की तस्वीरें जारी

**मुंबई ▪ एजेंसी**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर रविवार तड़के हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग की। अब इस मामले में दो हमलावरों की पहली तस्वीर सामने आई है। एक हमलावर काली और सफेद टी-शर्ट में नजर आ रहा है। वहीं, दूसरा लाल टी-शर्ट में दिख रहा है। सीसीटीवी फुटेज से ये तस्वीर हाथ लग पाई है। इस तस्वीर के आधार पर दोनों की सरगर्मी से तलाश तेज हो गई है। पुलिस, दोनों को ढूंढने में जुटी हुई है। शूटर्स को लेकर महत्वपूर्ण सुराग सेंट्रल एजेंसियों के हाथ लगे हैं।

रविवार सुबह 4:55 बजे मुंबई स्थति एक्टर के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर दो मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने 4 गोलियां दागी थीं। इसके बाद से ही दोनों फरार हैं। वारदात के वक्त सलमान घर में ही थे। सीएम एकनाथ शिंदे और गृह मंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सलमान से बात की है। एक्टर और उनके परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, वहीं पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 15 टीमें बनाई हैं। ये टीम अलग-अलग एंगल से मामले की जांच में जुट गई हैं। बांद्रा पुलिस ने सलमान के सुरक्षा गार्ड के बयान के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने मोटरसाइकिल सेंट मेरी चर्च के बाहर छोड़ दी और रिक्शे से भाग गए।



**7.62 कैलिबर की बंदूक से चली गोली** – पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोलीबारी में अपराधियों ने 7.62 कैलिबर के हथियार का इस्तेमाल किया था। हमलावरों ने चार गोलियां दागीं। इनमें से एक गोली सलमान की बालकनी के नेट को चीरते हुए अंदर गई। दो गोलियां आस-पास की दीवारों पर लगीं, जबकि एक गोली वहीं जमीन पर गिर गई। पुलिस ने इस गोली की शेल यानी खोखा एक्टर के घर के अंदर से बरामद किया है। फॉरेंसिक टीम को गैलेक्सी अपार्टमेंट की दीवार पर गोलियों के निशान मिले हैं।

### अनमोल विश्नोई ने ली जिम्मेदारी

इस बीच लॉरेंस विश्नोई के अमेरिका में बैठे भाई अनमोल विश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए लिखा है, 'ऊं जय श्री राम, जय गुरुजी जम्भेश्वर, जय गुरु दयानंद सरस्वती, जय भारत। हम अमन चाहते हैं। जुल्म के खिलाफ फैसला अगर जंग से हो तो जंग ही सही। सलमान खान हमने ये तुम्हें सिर्फ ट्रेलर दिखाने के लिए किया है, ताकि तुम समझ जाओ, हमारी ताकत को और मत परखो। यह पहली और आखरी वॉर्निंग है। इसके बाद गोलियां खाली घर पर नहीं चलेंगी। जिस दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील को तुमने भगवान मान रखा है, उसके नाम के हमने दो कुत्ते पाले हुए हैं। बाकी ज्यादा बोलने की मुझे आदत नहीं है। जय श्रीराम, जय भारत।' आखिर में लिखा है, '(लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप) गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा। काला जठेड़ी'। अनमोल भारत में वांटेड है। वह अमेरिका में छुपा बैठा है। उसने यह भी लिखा है कि बस एक शब्द (माफी) बोल दे सलमान तो खत्म हो जाएगा सारा मामला।

एबी रोड स्थित सी21 मॉल के सामने टावर-61 में लगी आग, लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला
आज एफएसएल और फायर ब्रिगेड की टीम जांच करने पहुंचेगी

# टॉप फ्लोर पर बंद पड़े रेस्टोरेंट में लगी आग

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

एबी रोड स्थित सी-21 मॉल के सामने स्थित बिल्डिंग टावर-61 में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी। रविवार शाम करीब 5.15 बजे लगी आग ने बिल्डिंग की चौथी और पांचवीं मंजिल को चपेट में ले लिया। देर शाम करीब साढ़े सात बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। हालांकि अब तक आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। शॉर्ट सर्किट सहित गैस लीकेज की बात कही जा रही है। घटना में कोई जनहानि नहीं है। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, लेकिन इससे पहले सामने वाली बिल्डिंग से पाइप लाकर आग बुझाने की कोशिश की गई, मगर पानी का प्रेशर ऊपर तक नहीं जा सका। फायर ब्रिगेड ने आते ही प्रेशर से पानी डालना शुरू किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने करीब पौन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी की गाड़ी की भी मदद ली गई। ऊपरी मंजिल पर प्रेशर से पानी डाला गया। जिस समय बिल्डिंग में आग लगी, तब वहां लोग थे। हालांकि सभी को वक्त रहते सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना में चौथी और पांचवीं मंजिल स्थित ऑफिस और रेस्टोरेंट में मौजूद सामान जलकर खाक हो गया। फर्नीचर भी पूरी तरह से जल गया।

### 31 मार्च से बंद था पांचवीं मंजिल स्थित मचान रेस्टोरेंट

बिल्डिंग के मालिक सतपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने पांचवीं मंजिल पर मचान रेस्टोरेंट और बार अर्पित चौकसे को किराए पर दे रखा है। लाइसेंस रिन्यू नहीं होने के कारण 31 मार्च से रेस्टोरेंट बंद था। चौथी मंजिल स्थित एसबीआई क्रेडिट कार्ड के ऑफिस में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना मिली थी। पता नहीं आग कैसे लगी। ऊपर रेस्टोरेंट में कोई कुछ बना रहा था, इसकी जानकारी नहीं है। मामले में जोन 2 के एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल आग लगने का कारण साफ नहीं है। शॉर्ट सर्किट से आग लगी या अन्य कोई कारण रहा, इसकी जांच कर रहे हैं। सोमवार एफएसएल टीम और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर आकर जांच करेगी। इसके बाद स्पष्ट हो पाएगा कि आग कैसे लगी। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### विधायक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे








एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह का कहना है कि लगातार आग लगने की घटना सामने आ रही है। इसे लेकर फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन के साथ बैठक की जाएगी। इधर, भाजपा विधायक रमेश मेंदोला भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अफसरों से घटनाक्रम की जानकारी ली। इधर, फायरकर्मी मास्क पहनकर बिल्डिंग में पहुंचे और पता लगाया कि आग कहीं और तो नहीं लगी। इधर, आग के कारण एबी रोड पर जाम की स्थिति बन गई है। दोनों तरफ सड़क पर वाहनों की लाइन लग गई। आग के कारण लोटस चौराहे से विजय नगर की तरफ जाना वाला ट्रैफिक बंद कर दिया गया। बिल्डिंग के सामने वाली लेन का ट्रैफिक भमोरी चौराहे और लोटस चौराहे के बीच में बंद कर दिया। ट्रैफिक को बीआरटीएस लेन से निकाला गया। एसपी फायर शशिकांत कनकने का कहना है कि आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है। संभवतः शार्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो एयरपोर्ट से भी फायर फाइटर वाहन पहुंचा और आग पर काबू पाने की कोशिश की।

### मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई के दिए निर्देश

एबी रोड स्थित बिल्डिंग टावर-61 में लगी आग से अफरा-तफरी मच गई थी। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्वीट कर लिखा कि इंदौर में एक बिल्डिंग में स्थित रेस्टोरेंट में आग लगने का समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन की टीम और बचाव कर्मी दल द्वारा घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। मैंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि आग के कारणों का पता कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एक माह पहले लगी थी इंडस्ट्री हाउस में आग

शहर की सबसे पुरानी व्यवसायिक बहुमंजिला इमारत इंडस्ट्री हाउस में आग लग गई थी। चौथे माले पर लगी इस आग ने कईं दफ्तरों को चपेट में ले लिया था और पूरी इमारत में धुआं भर गया। 70 से ज्यादा लोग आग में तीन घंटे तक इमारत में फंसे रहे। हालांकि एसडीईआरएफ, पुलिस और दमकलकर्मियों ने सभी को सुरक्षित निकाल लिया। जांच के लिए पुलिस ने इमारत को सील कर दिया। एमपीइबी, फोरेंसिक एक्सपर्ट और पुलिस टीम ने जांच कर शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण बताया था।

## चलती कार में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**इंदौर।** देवगुराड़िया के आगे डी मार्ट के पास शनिवार रात बायपास पर चलती कार में आग लग गई। ड्राइवर के अलावा कार में और कोई नहीं था। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई और आग पर काबू पाया। कार चला रहे 50 वर्षीय व्यक्ति जैसे ही बाहर निकले कार में धमाका हो गया और पूरी कार जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड के अनुसार घटना करीब सवा आठ बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि क्रूज में आगे बोनट के यहां से धुआं निकल रहा था। कार एमपी 09 डीएम 9279 के कार चालक ने गाड़ी साइड में की और बाहर निकलने की कोशिश की। जैसे ही वो बाहर निकले आग ने कार को चपेट में ले लिया। कार मालिक ने



अपने बेटे सचिन को तुरंत फोन किया। आग लगते ही सचिन ने पुलिस को सूचना दी और फायर ब्रिगेड को बुलाया। सूचना मिलते ही डायल 100 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। आग की वजह से सड़क पर अन्य वाहन चालकों को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। इसके बाद पुलिस ने ट्रैफिक को डायवर्ट किया। सचिन ठाकुर ने बताया कि कार 2014 मॉडल है। हमने अभी इसकी सर्विसिंग करवाई थी, लेकिन पिछले एक-दो दिन से गाड़ी बहुत गर्म हो रही थी। इस वजह से मैंने पिता को मना भी किया था। वे बाल बाल बच गए।



## पुलिस ने दहशत फैलाने वाले गुंडे-बदमाशों पर कसी नकेल

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शहर में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। रात में सड़कों पर उतरकर दहशत फैलाने वाले गुंडे-बदमाशों नकेल कस रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार रात शहर के सभी जोनों में कार्रवाई कर 774 गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों की पड़ताल की। इनमें से 419 के खिलाफ कार्रवाई की गई। एडीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक विभिन्न अपराधों के 375 से ज्यादा वारंटों को तामील कराया गया। इनमें लंबे समय से फरार, 103 स्थाई, 118 गिरफ्तारी और 154 जमानती वारंट सहित कई समंस भी तामील किए। अवैध शराब के 4 केस, आर्म्स एक्ट के 6 केस, एनडीपीएस एक्ट के 3 और खुले में शराबखोरी का एक केस बनाया गया। आदतन बदमाशों पर 110 सीआरपीसी में 29, 151 सीआरपीसी में 11, 122 सीआरपीसी में 2 व 107/116 सीआरपीसी में 96 सहित कुल 138 बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने



के साथ समंस तामील किए गए। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 46 लोगों पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट में कार्रवाई की गई। साथ ही अपराधिक प्रवृत्ति के गुंडे/बदमाशों, चोरों और निगरानीशुदा बदमाशों, कई चाकूबाजो, ड्रग्स पैडलर और जिलाबदर बदमाशों सहित करीब 201 से ज्यादा को चेक किया गया। इस दौरान कई फरार अपराधी भी पुलिस की गिरफ्त में आये है, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग में पकड़े गए कई बदमाशों को अपराध ना करने की हिदायत देते हुए उनसे डोजियर भी भरवाए गए हैं।

## छात्र-छात्राओं को सप्लाई करने के लिए मंगवाया था 21 किलो गांजा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

पुलिस ने 21 किलो गांजा सहित तस्कर और दो पैडलर को पकड़ा है। आरोपित इंदौर के होस्टल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, मॉल और यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं को गांजा सप्लाई के प्रयास में थे। आरोपित छत्तीसगढ़ के माफिया से जुड़े हैं तथा विभिन्न राज्यों में गांजा की सप्लाई करते हैं। डीसीपी जोन-4 ऋषिकेश मीना के मुताबिक पुलिस को खबर मिली थी कि छत्तीसगढ़ का गांजा माफिया इंदौर में गांजा का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का प्रयास कर रहा है। कईं लोगों के संपर्क में है, जो 50 किलो तक गांजा खरीद सके। मुखबिर के जरिए पुलिस ने माफिया के एजेंट हरिशंकर शाह निवासी पांडेसरा बम्हरोली रोड देवकीनंदन स्कूल के पास सूरत गुजरात से बात की। आरोपित पहली बार में 21 किलो गांजा देने के लिए तैयार हो गया। शनिवार को उसे गांजा लेकर इंदौर बुलाया और पैडलर दीपक ठाकुर निवासी चौकसे नगर रामाखेड़ा निशातपुरा भोपाल और शुभम राठौर निवासी पूजा कालोनी करोंद निशातपुरा भोपाल को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी के मुताबिक, हरिशंकर छत्तीसगढ़ के माफिया का विश्वनीय एजेंट है। अलग-अलग जगह पर गार्ड की नौकरी कर चुका है। वह इंदौर में बड़े पैमाने पर गांजा खपाना चाहता था। उसने डिस्ट्रीब्यूटर बनाने की साजिश की जो उससे गांजा खरीदे। आरोपित ने यह भी बताया कि स्टूडेंट क्षेत्रों में गांजा की ज्यादा मांग है। इधर, आजाद नगर पुलिस ने भी दो आरोपितों को चार किलो गांजा के साथ पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक आरोपित बबलू मोची निवासी द्वारकापुरी और कमल उर्फ भायला निवासी पवनपुरी कॉलोनी है। दोनों आरोपित मूसाखेड़ी चौराहे पर डिलीवरी देने के लिए खड़े थे। पुलिस ने चार किलो गांजा के साथ पकड़ लिया।

## दंपति ने ज्वेलरी शॉप से चुराई अंगूठी, केस दर्ज

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



परदेशीपुरा में ज्वेलरी शॉप से अंगूठी चुराने का सीसीटीवी सामने आया है। एक दंपति ने काउंटर पर अंगूठी देखने के लिए निकलवाई और चुराकर भाग गए। पुलिस के मुताबिक ज्वेलर रमांकात काटकर की शिकायत पर अज्ञात दंपति पर चोरी का केस दर्ज किया है। रमाकांत ने बताया कि उनकी परदेशीपुरा में महाराष्ट्रीयन ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। यहां शनिवार को एक दंपति पहुंचे। उन्होंने लेडीज अंगूठी दिखाने को कहा। दुकान पर बैठे कर्मचारी युवराज गोयल ने शोकेस से निकालकर पांच पांच अंगूठिया ट्रे में रखकर बताई। महिला ने इनमें से एक अंगूठी अपनी अंगुली में पहनी और दूसरी अंगूठियां दिखाने को कहा। इसके बाद युवराज उन्हें और अंगूठियां दिखाने लगा। कई अंगूठियां देखने के बाद महिला ने कहा कि सभी पुरानी डिजाइन की अंगूठी बता रहे हो। मुझे ये पसंद नहीं आ रही। यह कहकर दंपति उठकर चले गए। दंपति के जाने के बाद रजनी ने अंगूठिया चेक की तो उसमें एक अंगूठी कम निकली। इसके बाद युवराज और रजनी ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए उसमें पता लगा कि महिला अंगुठी पहन दुकान से उठकर चली गई। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर आरोपी दंपति की तलाश शुरू कर दी है।

## दूसरी मंजिल से गिरने से मासूम की मौत

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

चंदन नगर में स्टूल से गिरकर डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। वह स्टूल पर चढ़कर बारिश देख रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। उसे रिश्तेदार गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर आए थे।

यहां उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में रहने वाले डेढ़ वर्षीय राजा पुत्र रज्जाक खान को उसके परिजन शुक्रवार देर शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिवार ने बताया कि शुक्रवार को जब आंधी तूफान के साथ बारिश हुई तो राजा स्टूल पर खड़े होकर देख रहा था। अचानक स्टूल से उसका पैर फिसला और वह दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। उसके सिर और मुंह पर गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने शनिवार को बच्चे का पोस्टमार्टम कराया है। इधर, छोटी ग्वालटोली इलाके में यशोनील होटल में काम करने वाले पर्वतसिंह पुत्र अनूपसिंह की हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वह बाथरूम से बाहर निकला था।

इस दौरान उसका पैर फिसल गया। सिर में चोट लगने के बाद पर्वत को उसके साथी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसकी मौत हो गई। पर्वत मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। वह दो साल वही ही होटल में काम करने आया था।

## बेटी की शादी का कार्ड देने गए पिता को ट्रक ने रौंदा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

बायपास पर सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। वह बेटी की शादी के काड्र्स बांटकर घर जा रहा था। अचानक बाइक का पहिया फिसल गया और ट्रक रौंदते हुए निकल गया। किसान की पहचान मन्ना सिंघार के रूप में हुई। रविवार को मन्ना के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

कनाड़िया थाना पुलिस के मुताबिक नयापुरा तिरला सरदारपुर (धार) निवासी 43 वर्षीय मन्ना की बेटी की शादी 20 अप्रैल को है। मन्ना शनिवार को रिश्तेदारों को निमंत्रण देने गया था। लौटते वक्त उसकी बाइक का पहिया फिसल गया। मन्ना कच्चे रास्ते से सड़क पर आने की कोशिश कर रहा था। तभी बाइक गिरी और पीछे से आ रहा ट्रक चढ़ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टीआई केपी यादव के मुताबिक मन्ना के बैग में शादी के काड्र्स रखे हुए थे। कार्ड पर लिखे नंबर पर कॉल लगाया तो पता चला कि मन्ना तो बेटी की शादी की तैयारियों में जुटा था। रिश्तेदार मौके पर पहुंचे लेकिन पुलिस ने शव एमवाय अस्पताल भिजवा दिया।

### एंबुलेंस और कार टकराई

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ टावर के पास कार और एंबुलेंस में टक्कर हो गई। कार चालक को मामूली चोट आई है। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार देर रात की है। एंबुलेंस (एमपी 09 एक्यू 5499) और कार (एमपी 09 सीवी 7776) में टक्कर हुई है।

## कुत्ते के भौंकने पर महिला को पीटा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

लसूड़िया में मकान मालकिन पर एक किरायेदार ने लोहे के तवे से हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घायल महिला का नाम अनिता बडोले निवासी देवास नाका काकड़ है।

उस पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने किरायेदार परमांनद पुत्र कन्हैयाल पाल पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। दूसरी किरायेदार त्रिलोचनी ने बताया कि शनिवार रात 11 बजे मकान मालकिन अनिता का पालतू कुत्ता जैकी जोर-जोर से भौंक रहा था। कमरे से झांककर देखा तो अनिता बचाओ-बचाओ चिल्ला रही थी। उसकी आवाज सुनकर बिल्डिंग में रहने वाले अधिकांश किराएदार और पड़ोसी इकट्ठा हो गए, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था, तभी किराएदार परमानंद निकला। उसके हाथ खून से सने थे। हाथ में कपड़े और तवे से खून टपक रहा था। किराएदार कुछ समझ पाते इससे पहले ही परमानंद ने कहा कि मैंने मकान मालकिन को मार डाला। इतना कहकर उसने बाहर की तरफ दौड़ लगा दी। इसके बाद किरायदार महिला अंदर पहुंची तो वहां अनिता खून से लथपथ पड़ी थी। दीवारों पर भी खून के छींटे थे। सिर पर चोट के कई निशान थे। आसपास वालों ने पुलिस को सूचना दे दी।

### 10 साल के बच्चे को कुत्ते से कटवाया

द्वारकापुरी पुलिस ने भी 10 साल के बच्चे को कुत्ते काटने के केस में मालिक पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक ललिता पति शंभुसिंह वाडेल निवासी मालवा सिड्स सेक्टर ए स्कीम 71 की शिकायत पर मूयर डिडोरकर ए सेक्टर स्कीम नंबर 71 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह और उनका 10 साल का बेटा को गार्डन जा रहे थे। बेटा साइकिल से आगे-आगे जा रहा था। इस दौरान मयूर डिंडोरकर का पालतू कुत्ता हमें देखकर भौंकने लगा। मयूर ने घर के अंदर से कुत्ते को इशारा किया तो उसने बेटे को पैर और जांघ में काट लिया। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया।

**प्रोत्साहन** पुलिस अफसरों के सामने परिजन से करवाया सम्मान

## ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

अच्छे से अपनी ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों को हर सप्ताह सम्मानित किया जाएगा। रविवार को डीसीपी यातायात प्रबंधन ने 'ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक' को मेडल, प्रशस्ति पत्र, नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया है। प्रधान आरक्षक बेटे को मेडल पहनाने के दौरान मां भावुक हो गई। पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन महानगर इंदौर अरविंद तिवारी द्वारा यातायात प्रबंधन पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए "ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर



ऑफ द वीक साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिसमें अपने कर्तव्य क्षेत्र पर बेहतर कार्य करने वाले यातायात प्रबंधन पुलिस के चयनित अधिकारी/कर्मचारियों को हर सप्ताह पुरस्कृत किया जाएगा।

रविवार को पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन कार्यालय पलासिया में यातायात प्रबंधन के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी और निरीक्षकों की साप्ताहिक यातायात व्यवस्था समीक्षा बैठक रखी गई। एएसआई लाल सिंह भण्डारी द्वारा पीपली बाजार (राजवाड़ा क्षेत्र) और प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव द्वारा रेडिसन चौराहा पर मुस्तैदी के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला गया। उन्हें ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक (14 से 19 अप्रैल) के लिए चयन कर मेडल, प्रशस्ति पत्र, नकद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में परिवारजन भी सम्मिलित हुए। एएसआई लाल सिंह भंडारी को उनकी बेटी-दामाद ने और प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव को उनकी माताजी ने मेडल पहनाया।

बेटे को अपने हाथों से मेडल पहनाते हुए खुशी से मां की आंखें नम हो गई। बेहतर यातायात प्रबंधन करने के लिए रेडिसन चौराहा से सूबेदार अमित कुमार यादव और टीम, चोइथराम मंडी चौराहा से सूबेदार सुमित बिलोनिया और टीम को भी नकद पुरुस्कार दिया।

# देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए नई आधुनिक सुविधाएं वाली चलेंगी टूरिस्ट बसें

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) द्वारा आने वाले दिनों में शहर के बाहर से आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ सैलानियों के लिए भी बड़ी सुविधा और सौगात देने की तैयारी चल रही है, जिसके तहत बाहर से शहर घूमने आने वाले नागरिकों के लिए प्रबंधन पर्यटन विभाग के साथ मिलकर विशेष टूरिस्ट बसें संचालित करेगा। हालांकि वर्तमान में निगम द्वारा एआईसीटीएसएल की चुनिंदा बसों के माध्यम से उज्जैन-ओंकारेश्वर जैसे प्रमुख ज्योर्तिलिंग के दर्शनों के लिए बसें चलाई जा रही है, जबकि अब भविष्य में सफाई में अव्वल लगातार नंबर वन इंदौर शहर में देश- दुनिया से बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों को इंदौर और शहर के आसपास के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक क्षेत्रों तक जाने के लिए पहली बार टूरिस्ट बस की सुविधा भी मिलने वाली है। बताया जा रहा है कि चुनाव बाद बेहद जल्द यात्रियों के लिए बस सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है, जो शहर के बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

**दो तरह के पैकेज में मिलेगी बस सुविधा** : ऐसे पर्यटकों की सुविधा के लिए एआईसीटीएसएल पर्यटन विभाग के साथ मिलकर बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए दो पैकेज में विशेष बस सेवा शुरू करेगा। ये बसें दो तरह के पैकेज में होंगी। पहला पैकेज सिटी टूर यानी लोकल का होगा, जिसमें यात्रियों को खजराना गणेश मंदिर, बिजासन माता मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर, राजवाड़ा, लालबाग, चिड़ियाघर, 56 दुकान, म्यूजियम जैसे स्थानों पर ले जाएगी। वहीं दूसरे पैकेज में इंदौर के आसपास का टूर कराया जाएगा। इसमें महाकाल लोक उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर और मांडू जैसे प्रसिद्ध पर्यटन औरधार्मिक स्थान शामिल होंगे।



### 'पर्यटकों के लिए बनाए जाएंगे ' आई राइड सेंटर'

एआईसीटीएसएल की पीआरओ माला सिंह के अनुसार पैकेज सिटी टूर के लिए आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए हमारी प्लानिंग है कि नई आधुनिक सुविधाओं वाली टूरिस्ट बसें चलाई जाएगी, जिसमें लोगों को आसपास के लोकल मंदिरों के दर्शन करवाएंगे।' पर्यटकों के लिए' आई राइड सेंटर' बनाए जाएंगे, जहां से लोग बाइक किराए पर ले सकेंगे। इन बसों के चलने से एक ही बस में बुकिंग कर पर्यटक आसानी से पूरा इंदौर और आसपास के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। एआईसीटीएसएल से जुड़े अफसरों का कहना है कि कुछ साल पहले पर्यटन विभाग द्वारा इंदौर टूर के लिए 'इंदौर दर्शन' नाम से बस चलाई जाती थी, लेकिन लंबे समय से इंदौर दर्शन को बंद कर दिया गया है, इन बसों के चलने से एक ही बस में बुकिंग करने से पर्यटक आसानी से पूरा इंदौर और आसपास के प्रमुख स्थलों के दर्शन करने के साथ वहां आराम से घूम भी सकेंगे।

पेयजल पाइप लाइन फूटने से प्रभावित हुई जल सप्लाई, 18 टंकियां नहीं भर पाईं

# फूटी पाइप लाइन, घरों में घुसा पानी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

आधी रात को नर्मदा पाइप लाइन फूटने से हजारों गैलन पानी बह गया। इतना ही नहीं, आठ से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। ये घटना शनिवार रात 1:30 बजे ग्राम बरखेड़ा (महू ) की है। हालांकि घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन किसानों का लाखों रुपए का अनाज पूरी तरह खराब हो गया। अचानक तेज पानी के भाव घरों में घुस गया हम हमारे बच्चों को लेकर घरों से बाहर भागे। नगर निगम डिप्टी कमिश्नर अभिलाष मिश्रा का कहना है नर्मदा प्रथम और द्वितीय चरण की पाइपलाइन काफी पुरानी हो चुकी है। लाइन फूटने के बाद पाइपलाइन रिपेयरिंग करवाने का कार्य किया जा रहा है जल्द ही नई पाइपलाइन डलवाई जाएगी, लीकेज के चलते इंदौर की 18 नर्मदा पानी की टंकियां प्रभावित हुई है। यहां मौजूद किसान हरि सिंह ने बताया हम घर में सो रहे थे, तभी अचानक ऐसा लगा जैसे ओलावृष्टि हो रही है, घरों की छत पर ब्लास्ट होते ही पत्थर गिरने लगे, तभी तेज बहाव में पानी घर में घुस गया कुछ समझ पाए उसके पहले ही घर के बच्चों और सदस्यों को घर से बाहर निकाला हमारी आंखों के सामने ही लाखों रुपए का लहसुन बह गया कुछ भी नहीं बचा सब कुछ खत्म हो गया। यहां मौजूद भूरी भाई ने बताया कि जैसे ही धमाके की आवाज आई तो हमें लगा तूफान आ गया देखते ही देखते पूरे खेत में पानी ही पानी भर गया। हम घर के बाहर ही सो रहे थे आवाज से नींद खुल गई तुम तो भगवान ने बचाया।

## ग्रामीण बोले- हमें लगा बादल फट गए



निगम के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा का कहना है कि लाइन फूटने के बाद चार मीटर की पाइपलाइन को बदला गया, यह काम रविवार देर रात तक चलता रहा। हालांकि इसके कारण कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति में समस्या आएगी, इसके लिए 50 टैंकर बढ़ा दिए गए हैं। वहीं फेस-3 की लाइन से भी डायवर्शन करते हुए अन्य टंकियों को भरा जाएगा। इसके अलावा हाइड्रेंड और बोरिंग के माध्यम से पानी की सप्लाई को सुचारु रखने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं महापौर परिषद सदस्य व जल प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू का कहना है कि पानी की लाइन फूटने से जल वितरण प्रभावित हुआ है। 80 टंकियां भर गईं, जबकि 18 टंकियां खाली रहीं। देर रात तक काम चलता रहा पानी की समस्या ना हो, इसलिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यहां मौजूद दुकानदार अंतर सिंह चौहान ने बताया कि जैसे ही ब्लास्ट की आवाज आई तो बाहर निकाल कर देखा तो पत्थर ऊपर उड़ रहे थे एकदम पानी का प्रेशर करीबन 50 फीट ऊपर उछला जो पीपल से पेड़ से भी बड़ा ऊपर जा रहा था। पानी में इतना प्रेशर था ऐसा लगा जैसे कि बादल फट गए हो और ओले गिर रहे हों। पानी का प्रेशर इतना था कि तीन दिशाओं से पानी आने लगा और यहां मौजूद लोगों के घरों में पानी घुसने लगा। ग्रामीण राज गुर्जर ने बताया कि पूरा परिवार शादी में गया हुआ था फोन आया तो मामले की जानकारी लगी जब घर आकर देखा तो घर में कुछ भी नहीं बचा था पूरा घर का सामान बाहर रखना पड़ा पूरे घर की स्थिति तहस-नस हो गई हो गई।

### जलसंकट के बीच नई समस्या, पानी हो रहा बर्बाद

**इंदौर।** गर्मी शुरु होने के साथ शहर में जलसंकट शुरु हो गया है, लेकिन जहां लोगों को पानी मिल रहा है, वह लापरवाही कर रहे हैं। इसमें नगर निगम की गलती है, तो रहवासी भी जिम्मेदार हैं। रिंग रोड से लगी कुछ कॉलोनियों में नर्मदा की टंकी से नल कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन उनमें टोंटियां नहीं लगवाई गईं। नतीजा, पानी बह जाता है। वार्ड 37 और 40 की कुछ कॉलोनियों में खजराना और साईं कृपा कॉलोनी की टंकियों की नई लाइन से कनेक्शन दिए गए हैं। हालांकि ये कनेक्शन लोगों ने खुद ही करवा लिए। कनेक्शन घरों के बाहर अस्थायी प्रकार के हैं, जिनमें केवल एक-एक फ्लेक्सिबल नली लगी है। कनेक्शन में न तो स्थायी पाइप हैं और न ही इनमें टोंटियां लगी हैं, ताकि इन्हें बंद किया जा सके। सुबह-शाम जब नल आते हैं तो लोगों को पता नहीं चलता और शुरुआत में काफी पानी बह जाता है। इसके अलावा जब लोगों की पूर्ति हो जाती है तो नल में कपड़ा तो कहीं लकड़ी ठूंसकर बंद करने की कोशिश की जाती है, लेकिन प्रेशर के कारण टिक नहीं पाते और पानी बहता रहता है। न तो रहवासियों को पानी की बर्बादी की चिंता है और न ही निगम जल यंत्रालय (नर्मदा प्रोजेक्ट) के अधिकारियों को। इस संबंध में निगम के जल यंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग प्रभारी बबलू शर्मा का कहना है कि जहां भी पानी बहने की सूचना मिलती है, वहां जाकर चालान बनाते हैं। कनेक्शन भी काटते हैं। यहां भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी।




# चुनाव का पर्व : कार रैली से दिया मतदान करने का संदेश

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

इंदौर को मतदान में नंबर वन बनाने के लिए रविवार को वोटरों को जागरुक करने के उद्देश्य से कार रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। दरअसल, इंदौर में स्वीप गतिविधि के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसके तहत द वर्ल्ड ऑफ फिटनेस ग्रुप और एमजी मोटर्स के सहयोग से इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा "वोटिंग ड्राइव कार रैली* का आयोजन किया गया। रैली नेहरु स्टेडियम से शुरू हुई। कार में सवार युवतियां हाथों में तख्तियां लेकर वोटिंग की अपील करती नजर आई। गौरतलब है कि 1 अप्रैल से 11 मई तक मतदाता जागरूकता अभियान चल रहा है। इसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कार्यशाला, मशाल यात्रा, फ्लैश मॉब, रहवासी संघ के साथ बैठक, कार रैली, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के साथ बैठक, महिला संगठन के साथ बैठक, ओपन एयर वोटिंग कैनवास, फ्लैश मॉब, मार्केट एसोसिएशन के साथ बैठक होगी। वोटिंग म्यूजिकल इव का आयोजन शहर के 56 दुकान, ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर, नेहरू स्टेडियम, सेल्फी पाइंट पलासिया चौराहा, टीआई मॉल, राजबाडा, फिनिक्स मॉल व शहर के प्रमुख स्थानों पर फ्लैश मॉब, सिग्नेचर कैम्पेन के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता कर अधिक से अधिक मतदान की मतदाता से अपील की जाएगी।

### विदेश में स्थित चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा भी देना होगा

इंदौर। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को प्रारुप 26 में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ-पत्र में उम्मीदवार के नाम पर विदेश में कोई संपत्ति है, तो विदेश में जमा राशि, अपनी चल अचल-संपत्ति का ब्योरा भी देना अनिवार्य है। शपथ-पत्र में उसे अपना पेन नंबर भी देना होगा। यह शपथ उसे पब्लिक नोटरी या ओथ कमिश्नर अथवा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के समक्ष लेनी है। शपथ-पत्र का कोई कालम भी खाली नहीं छोड़ना है। शपथ-पत्र नामांकन की अंतिम तिथि के दिन तीन बजे तक जमा किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार यदि कोई अभ्यर्थी शपथ-पत्र में कोई भी कालम खाली छोड़ता है एवं इस आशय की जानकारी यदि रिटर्निंग अधिकारी ने सूचना द्वारा अभ्यर्थी को दे दी है एवं इस सूचना उपरांत भी अभ्यर्थी अपने शपथ-पत्र में कालम पूर्ण नहीं भरता या निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त चैक लिस्ट अनुसार नया शपथ-पत्र निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करता तो ऐसी स्थिति में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार अभ्यर्थी का नाम-निर्देशन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों को अवगत कराया है कि अभ्यर्थी नामांकन प्रस्तुत करते समय अपने शपथ-पत्र में कोई भी कालम रिक्त न छोड़े। यदि किसी कालम में कोई जानकारी निरंक है तब वहां "शून्य" या "लागू नहीं होता" लिखा जाना चाहिए।

सोशल मीडिया पर चल रहा वीडियो

# महापौर भार्गव की पत्नी ने बताया किचन वेस्ट से कैस बनाते हैं खाद

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पत्नी जूही भार्गव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उनकी पत्नी किचन वेस्ट से खाद कैसे बनाए इसकी जानकारी दे रही है। सिलसिलेवार समझाया गया है कि किस तरह 40 दिन में कचरे से खाद बनकर तैयार होगी। महापौर ने भी इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है।

साथ ही वीडियो के आखिर में वो भी अपील करते नजर आ रहे हैं। महापौर भार्गव और उनकी पत्नी जूही भार्गव के सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट हुआ है। वीडियो में पत्नी जूही किचन वेस्ट से खाद बनाने के बारे में बता रही है। किस तरह कंटेनर के जरिए आसानी से गीले कचरे को अलग कर उसमें बायो कल्चर या गोबर डाल गीले कचरे का निपटान किया जा सकता है और 40 दिन में खाद बनाई जा सकती है। वीडियो में बताया गया है कि घरों में गीले-सूखे कचरे के अलावा कुल 6 प्रकार के कचरे को अलग-अलग करना होगा। इसमें इलेक्ट्रॉनिक कचरा, प्लास्टिक कचरा आदि शामिल है। वीडियो के आखिर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव कह रहे हैं कि अभी आपने देखा होम कंपोस्टिंग विद होम मिनिस्टर, होम मिनिस्टर ने बनाया कचरे से सोना, कचरे से खाद। हम सब घरों में 6 हिस्से में कचरे को सेग्रिगेट करें। 6 डस्टबिन अपने घरों में रखे।

# कार्यकर्ता सम्मेलन : बूथ स्तर पर पार्टी को करो मजबूत

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी लगातार बैठकें लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बना रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड 66 में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद प्रत्याशी शंकर लालवानी विधानसभा क्षेत्र 4 की विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ , महापौर पुष्यमित्र भार्गव, गोपाल गोयल, महेश कुकरेजा, जीतू चलानी, ऋषि खनूजा, वीरेंद्र शडके, बंसीलाल चौरसिया, कंचन गिदवानी, दयाल बजाज श्यामलाल राजदेव एवं बूथ के सभी अध्यक्ष महामंत्री सभी मोर्चा के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही वार्ड के रहवासी संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने पार्टी की रीति नीति के बारे में बताया। साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने और करवाने की शपथ दिलवाई। इसके अलावा सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की बात कही।

# लापरवाही बरतने पर पांच पटवारी और आरआई सस्पेंड

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

कलेक्टर आशीष सिंह ने गड़बड़ी पाए जाने पर पांच पटवारियों व एक आरआई को सस्पेंड कर दिया है। करीब एक हफ्ते पहले कलेक्टर ने अपर कलेक्टरों की टीम बनाकर अवकाश के दिन सभी रेवेन्यू कोर्ट खुलवाकर निरीक्षण किया था। इसमें कई प्रकार की बड़ी गड़बड़ियां मिली। कलेक्टर ने इसकी पुष्टि की है। जिन पटवारियों को सस्पेंड किया गया है वे रोशिता तिवारी (मल्हारगंज), हरीश शर्मा (मल्हारगंज), ओम परवार (बिचौली हप्सी), प्रभुदयाल मुकाती (जूनी इंदौर) और नितेश राणा (राऊ) हैं। इनमें रोशिता तिवारी और हरीश शर्मा को भू अभिलेख में अटैच किया गया। ओम परवार को हातोद, प्रभुदयाल मुकाती को महू और नितेश राणा को देपालपुर अटैच किया गया है। आरआई सुबोध टैनी को भी सस्पेंड किया गया है। बताया जा रहा है कि इन सभी पटवारियों के खिलाफ लेन-देन की भी कई शिकायतें थी। अधिकारियों ने जो जांच की थी, उसमें पाया कि कई काम थोड़े से रिमार्क के कारण काफी समय से रोके गए थे। यह भी जानकारी मिली थी कि कई काम इसलिए रोके गए क्योंकि संबंधित से रुपए नहीं मिले थे। ये लोग नामांकन, बटांकन, सीमांकन से जुड़े कामों को लेकर काफी परेशान कर रहे थे। बिना लिए कोई फाइल आगे नहीं बढ़ाते थे। अभी और भी शिकायतों की जांच चल रही है। कुछ और पर भी ऐसी कार्रवाई हो सकती है।

कार्यक्रम

वर्ल्ड आर्ट डे पर स्टेट प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में कला जगत के सुनहरे भविष्य के लिए हुई सार्थक चर्चा

# देश कला के क्षेत्र में दुनिया को टक्कर दे सकता है

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड का यदि वास्तव में कला के संवर्धन के लिए उपयोग होने लगे तो कलाकारों का भविष्य बहुत बेहतर हो सकता है और देश कला के क्षेत्र में दुनिया को टक्कर दे सकता है।

शहर में आर्ट कॉलेज की अपनी बिल्डिंग, कला संग्रहालय और आर्ट गैलरी के लिए कलाकार और प्रशासन मिलकर प्रयास करेंगे। इंदौर में बड़े कला महोत्सव आयोजित होंगे और ललित कला अकादमी की मध्यप्रदेश इकाई इंदौर में स्थापित करने के लिए एकीकृत प्रयास होंगे। ये वो सौगातें हैं जो शहर के कला जगत को वर्ल्ड आर्ट डे पर स्टेट प्रेस क्लब, मप्र द्वारा आयोजित 'रूबरु' कार्यक्रम में देश -विदेश से पधारीं कला जगत की हस्तियों, प्रशासन, स्थानीय कलाधर्मियों और कला प्रेमियों की सामूहिक सार्थक चर्चा में मिलीं।

यह दुर्लभ अवसर था, जब कला प्रदर्शनी के लिए शहर पधारे स्वनामधन्य महत्वपूर्ण हस्ताक्षरों ने एक साथ चर्चा की। इनमें बेवर्ली हिल्स की रॉयल क्वीन डेम डॉ. मुन्नी आयरोनी, भारत महोत्सव के संस्थापक डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव, कॉस्मिक आर्ट गैलरी की जालपा विठ्ठलानी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मप्र शासन स्मिता भारद्वाज, अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी एजुकेटर उन्नति सिंह एवं सयाजी होटल की निदेशक सुचित्रा साजिद धनानी शामिल थीं। अलग-अलग पृष्ठभूमि के बावजूद कला जगत और शहर के कलाकारों को बेहतर अवसर प्रदान करने के मुद्दे पर सभी अतिथि न सिर्फ एक जाजम पर खड़े नजर आए, बल्कि उनके बीच सामंजस्य इंदौर के कला जगत को कुछ स्थायी सौगातें देगा, इसका मजबूत आधार तैयार हुआ, जो कि आयोजन की उपलब्धि माना जाएगा। भारत की आध्यात्मिकता से बेहद प्रभावित आर्ट एंड पीस अवार्ड की संस्थापक डेम डॉ.मुन्नी आयरोनी ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कलाकारों की आवाज बनना चाहती हैं, क्योंकि उनकी नजर में भारत से बड़ा कोई ब्रांड नहीं है।



वे भारत से इतना लगाव रखती हैं कि स्वयं को हिंदू बनाकर भारतीय आध्यात्म में गहरी डूबी हैं। आर्ट कम्यून के संस्थापक बायोनिक विजुअल आर्टिस्ट डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि बड़ी कंपनियां यदि सीएसआर फंड का कला जगत की भलाई के लिए पूरी ईमानदारी से उपयोग प्रारंभ कर दें, तो देश के कलाकारों की दशा ही बदल सकती है। आर्ट का बिकना जरूरी है और उसके लिए आर्ट एप्रिसिएशन जरूरी है। उनका मिशन कला जगत को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ना भी है।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल, अभिषेक बड़जात्या, पुष्कर सोनी, मोहनलाल मंत्री, नेहा जैन एवं सुदेश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन एवं आभार प्रदर्शन कलाकर्मी एवं पत्रकार आलोक बाजपेयी ने किया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं स्टेट प्रेस क्लब के प्रकाशन हरेराम बाजपेयी, शुभा वैद्य, सोनाली यादव, मीना राणा शाह, डॉ. माधव हसानी एवं प्रवीण धनोतिया ने प्रदान किए।

# गर्मियों में स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**इंदौर।** रेलवे गर्मी की छुट्टियों के लिए यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाएगा। अहमदाबाद-पटना स्पेशल 21 अप्रैल से 30 जून तक अहमदाबाद से हर रविवार 16.35 बजे रवाना होकर रतलाम 22.10,रविवार) और उज्जैन (23.45/23.50) होते हुए सोमवार को 22.45 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09494 पटना-अहमदाबाद स्पेशल 23 अप्रैल से 2 जुलाई तक पटना से हर मंगलवार को रात 1 बजे रवाना होकर उज्जैन 23.25/23.30, मंगलवार पहुंचेगी।

संपादकीय

# अफसरों की लापरवाही पड़ेगी भारी!



राजीव खण्डेलवाल

शहर में पूंजीपति, नियमों के खिलाफ जाकर ऐसी इमारतें किसकी? मिलीभगत से खड़ी कर रहे हैं। क्या, अनुमति देने वाला नगर निगम नक्शे की जांच नहीं कर रहा है? हवा से बात करने वाले भवनों की छत पर चल रहे रेस्टोरेंट, बार, पेंट हाउस, पब, रुफटॉप गार्डन कैसे बनाए गए? क्या इन्होंने नियमों का पालन किया? इनकी जांच कौन करेगा अफसर...!, लेकिन वो मौके पर जाते ही नहीं है।

बड़ी-बड़ी इमारतें बनाने से इंदौर शहर स्मार्ट सिटी नहीं बन जाएगा। पूंजीपति अपने रसूख के दम पर ऊंची-ऊंची इमारतें तान रहे हैं, ये आसमान को छूने वाले भवन किसी लाक्षागृह या मुर्दे घर से कम नहीं है। ऐसा इसलिए बोल रहे हैं कि, ऊंची-ऊंची इमारत शहर की शान तो बढ़ा रही हैं, लेकिन खतरा भी उतना ही बढ़ा रही हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाकर बनाई गई ये इमारतें शहर में जानलेवा साबित हो रही है। इसके पीछे तमाम अनुमतियां देने वाले अधिकारी ही जिम्मेदार है, जो दो पैसे की स्याही खर्च कर सिर्फ चिड़िया बनाते हैं, वास्तविक स्थिति से रूबरू ही नहीं होते हैं। रविवार को शहर के एबी रोड स्थित इमारत की छत पर बने रेस्टोरेंट में आग लगी, जहां लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। इससे पहले इंडस्ट्री हाउस की पांचवीं मजिल पर आग लगी थी, जिसमें 70 से अधिक लोग घिर गए थे, जिन्हें बमुश्किल बाहर निकाला गया। इस घटना के बाद भी प्रशासन ने कोई सबक ही नहीं लिया। अब सवाल यह उठता है कि शहर में पूंजीपति, नियमों के खिलाफ जाकर ऐसी इमारतें किसकी? मिलीभगत से खड़ी कर रहे हैं। क्या, अनुमति देने वाला नगर निगम नक्शे की जांच नहीं कर रहा है? हवा से बात करने वाले भवनों की छत पर चल रहे रेस्टोरेंट, बार, पेंट हाउस, पब, रूफटॉप गार्डन कैसे बनाए गए? क्या इन्होंने नियमों का पालन किया? इनकी जांच कौन अफसर करेगा!, लेकिन वो मौके पर जाते ही नहीं है। शहर में ऐसी सैकड़ों बिल्डिंग हैं, जो गुफा जैसी बनी है या उनकी छतों पर बार, पब, रेस्टोरेंट, पेंटहाउस, रूफटॉप गार्डन, गेम जोन, जिम, क्लासेस समेत कई अन्य गतिविधियां संचालित हो रही है, जहां अफसरों को देखने जाना चाहिए कि नियम विरुद्ध तो कोई निर्माण तो नहीं हुआ। लोगों की जान-माल की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम है कि नहीं। यदि ऐसा नहीं है तो, प्रशासन को तत्काल ऐसी बिल्डिंगों पर बुलडोजर चलाना चाहिए या ताला जड़ देना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। ऐसे में अफसरों की ये लापरवाही किसी भी दिन शहर को बहुत भारी पड़ेगी। इंडस्ट्री हाउस के अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन ने शहर की ऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी सिस्टम जांचने के निर्देश दिए थे, इस पर काम भी हुआ, लेकिन सिर्फ दो-चार जगह जाकर इतिश्री कर ली। ऐसी इमारतें बनाते वक्त अफसरों को जांचना चाहिए कि नक्शा सही है या ना नहीं, फायर सेफ्टी सिस्टम के क्या इंतजाम किए गए, निगम और प्रशासन की टीम को जांचना चाहिए कि अवैध तरीके से इमारतों में निर्माण तो नहीं किया, यदि ऐसा है तो हाथोंहाथ कार्रवाई कर इन्हें तोड़ना चाहिए, ताकि ऐसी इमारत बनाने वाले सबक ले सकें। शहर में लगातार हो रही इन घटनाओं से प्रशासन को सबक लेना चाहिए। यदि भविष्य में कोई घटना होती है और जान-माल का नुकसान होता है तो अफसरों पर गैर इरादतन हत्या के मुकदमे दर्ज होना चाहिए।



● संपादक

## संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित व्याख्यान में बोले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी

# प्रभु श्रीराम के शासनकाल में सचमुच सच्चा लोकतंत्र था : श्रीवास्तव

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के शासन काल में सचमुच सच्चा लोकतंत्र था। वहां सबको अपनी बात रखने की आजादी थी। राजा दशरथ ने भी वनवास के पूर्व राम को अयोध्या का युवराज बनाने के पहले नगर एवं जनपद के प्रधानों को बुलावा भेजकर उनसे पूछा था कि राम को राजा बनाने के बारे में आपका क्या विचार हैं।

क्षत्रिय का पुत्र ही राजा बनना चाहिए या सिर्फ इसलिए कि दशरथ अपने पुत्र को राजा बनाना चाहते थे – इस धारणा को गलत साबित करते हुए दशरथ ने ऋषि, महर्षि, जनपद प्रधान और सभी अयोध्यावासियों की सहमति के बाद ही राम को राजपाट सौंपने का निर्णय लिया था। जब कैकेई ने राम को 14 वर्ष के लिए वनवास मांगा तो दशरथ विरोध नहीं कर सके, क्योंकि वह निर्णय उनके अकेले का नहीं था।

यह प्रेरक विचार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ,राज्य के सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव के हैं, जो उन्होंने रविवार सुबह संस्था सेवा सुरभि द्वारा जाल सभागृह में आयोजित 'श्रीराम का लोकतंत्र' विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। प्रारंभ में पद्मश्री भालू मोढ़े, जयंत भिसे, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग एवं वीरेंद्र गोयल ने श्रीवास्तव तथा संस्था संयोजक ओमप्रकाश नारेडा के साथ दीप प्रज्जलन कर शुभारंभ किया।

अतिथियों का स्वागत संस्था सेवा सुरभि की ओर से अरविंद जायसवाल, डॉ. सरोज कुमार, हरे राम वाजपेई ने किया।



कार्यक्रम में समाजसेवी विष्णु बिंदल, पूर्व कमिश्नर रेणु पंत , पूर्व महापौर उमाशशि शर्मा , देवेंद्र बंसल, डॉ ओपी जोशी, अजीत सिंह नारंग, गौतम कोठारी, रजनी भंडारी, सुनील गुप्ता, राम ऐरन, भरत शर्मा, राजेश बंसल, गौतम काले, रामेश्वर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत गुरुकुल के गौतम काले एवं कलाकारों द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

गौतम काले के संगीत संस्थान के युवा कलाकारों गुरुषा दुबे, राजस देशपांडे और अमृत कोटस्थाने ने श्रीराम के जीवन से जुड़े भक्ति पद को सस्वर गाकर खूब दाद बटोरी। श्री राम चंद्र कृपाल भजमन की स्तुति के बाद राम का गुणगान करिये,,,, राम भजन करे मन को मधुर ..... सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर बनाए रखा। तबले पर संगत सोपान बकोरे ने की और हारमोनियम पर दीपक खरावल ने।

### भूपालपति चूड़ामणि थे श्रीराम

श्रीवास्तव ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम को भूपालपति चूड़ामणि ऐसे ही नही कहा, क्योंकि राम ही ऐसे है जो भूमि के पालन को अपना दायितव् समझते है। जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ अन्याय नहीं करता और जैव विविधता को बनाये रखना चाहता है वही भूपाल पति कहलाता है। जिसके राज मे मेघ भी समान रुप से बरसते है । आज तो नदियाँ ही नही सूख रही ग्लेशियर भी पिघल रहे है।

### आतंक का स्रोत थी लंका

श्रीवास्तव ने कहा कि रावण की लंका आतंक का स्रोत थी, क्योंकि उसका राजा हिंसक, स्त्रियों के पीछे भागने वाला, अनाचारी था। जहाँ पाप से अर्जित किया धन था और वहां के लोग भी दुराचारी थे इसलिए जब हनुमान ने लंका का दहन किया तो राम ने कुछ नहीं कहा। आज के जो आतंकवादी है उनका भी सफाया जरुरी है। स्मृति चिन्ह मोहन अग्रवाल और ओमप्रकाश नरेडा ने प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति कर्मी संजय पटेल ने किया। आभार माना ओम प्रकाश नरेडा ने।

## हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास महाराज एवं विधायक रमेश मेंदोला सहित कई विशिष्टजनों ने की महाआरती

# 'अवध लोक' में एकाकार हो रही है देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर चल रहे 'सबके राम' महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति एकाकार हो रही है। यहां गत 9 अप्रैल से चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ में शामिल होने के लिए जहां अनेक दक्षिण भारतीय परिवार भी आ रहे हैं, वहीं मेले में लगे स्टाल्स पर उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के लोकप्रिय व्यंजनों की मांग भी दिनोंदिन बढ़ रही है। रविवार को तो 'अवध लोक' में भक्तों का मेला देर रात तक जुटा रहा। हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास महाराज ने भी अवध लोक पहुंच कर रामलला दरबार के दर्शन कर पूजा-अर्चना और महाआरती में भाग लिया।

'सबके राम' लोक कल्याण समिति के संयोजक महेंद्रसिंह चौहान और प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि शहर में रहने वाले दक्षिण भारतीय समुदायों के अनेक सदस्यों ने भी आज महायज्ञ में आकर आहुतियां समर्पित की और यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। यज्ञशाला की परिक्रमा करने वालों में अनेक दिव्यांग और दृष्टिहीन, मूकबधिर श्रद्धालु भी शामिल हो रहे हैं। यज्ञाचार्य पं.किशोर जोशी के निर्देशन में यहां 36 विद्वान 300 से अधिक यजमानों से याज्ञिक क्रियाएं संपादित करा रहे हैं। महोत्सव में लगे स्टाल्स पर उत्तर भारत के लोकप्रिय व्यंजन भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र की पूरण पोली और अलीराजपुर झाबुआ के दाल पानिए सहित अनेक व्यंजन हैं जो शहर के स्वाद प्रेमियों को आकर्षित बनाए हुए हैं। बच्चों के लिए इस महोत्सव में चकरी, झूले के अलावा आईस्क्रीम, कुल्फी, बर्फ के रंग-बिरंगे लड्डू भी पसंद आ रहे हैं। अवध लोक पर चल रहे श्री राम महायज्ञ मे शनिवार को महंत राजूदास महाराज, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री कमल सिंह जादौन, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, आलोक दुबे, विहिप मातृ शक्ति प्रांत संयोजिका श्रीमती आरती जायसवाल, अभा बलाई समाज के अध्यक्ष मनोज परमार, सतीश पवार, भाजयुमो के महामंत्री निक्की राय, वार्ड 82 के पार्षद और झोन 14 के अध्यक्ष पं. नितिन शर्मा,ब्राह्मण सेवा संगठन केंद्रीय समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राम दरबार के दर्शन कर महाआरती में भाग लिया।





### आज के कार्यक्रम

दशहरा मैदान स्थित ' अवध लोक' पर श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ एवं मेले में सुबह 6 से 7 बजे तक निशुल्क योग शिविर , सुबह 7 से 10 बजे तक श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ , सांय 6 बजे राम गीत धुन, सांय 7.30 बजे रामलला दरबार में महाआरती एवं रात 8.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। । सोमवार 15 अप्रैल को संजय तराणेकर एवं वसंत एकेडमी तथा संस्कार भारती के सहयोग से रात 8.30 बजे से ' राम उसी ने पाया' शीर्षक भजन एवं श्रीराम अर्चन का अनूठा आयोजन होगा । मंगलवार 16 अप्रैल को दमयंती मिरदवाल ग्रुप द्वारा देवी स्तुति एवं रक्तबीज संहार नृत्य नाटिका का मंचन होगा । सभी कार्यक्रम आम लोगो के लिए सुबह से रात 11 बजे तक निशुल्क खुले है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** – दशहरा मैदान स्थित अवध लोक पर चल रहे 'सबके राम' आयोजन में शनिवार रात पूर्वा पांडे एवं उनके साथी कलाकारों ने शिव पार्वती महिमा पर आधारित कार्यक्रम में दर्शकों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा। ध्वनि एवं प्रकाश के समन्वय के साथ ही रोशनी से नहाए रामलला मंदिर के आंगन में अपने सधे हुए अभिनय से इन कलाकारों ने सबका मन मोह लिया। संयोजक महेन्द्र सिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा अग्निहोत्री ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# गीता भवन में अखंडरामायण और दुर्गासप्तशती पाठ जारी



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर रामनवमी ,श्रीराम जन्मोत्सव एवं नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिदिन सुबह राम रथ यात्रा, 24 घंटे अखंड रामायण पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ एवं माता मंदिर में नित्य नूतन श्रृंगार के अनुष्ठान जारी हैं। रामनवमी पर श्रीराम दरबार में सुबह यज्ञ, हवन के साथ अखंड रामायण की पूर्णाहुति के बाद दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव की भव्य महाआरती होगी। राम दरबार का मनोहारी श्रृंगार भी होगा। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि नवरात्रि में प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक गीता भवन एवं आसपास के क्षेत्र में संकीर्तन करते हुए राम रथ यात्रा एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है । जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राम दरबार का मनोहारी श्रृंगार पुष्प एवं विद्युत सज्जा के साथ किया जा रहा है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों ने लिया लाभ



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

महावीर जयंती के शुभ अवसर पर दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, इंदौर के तत्वावधान में जैन डॉक्टर्स फेडरेशन द्वारा सेंट्रल लैब के सहयोग से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन रविवार को जबरी बाग नसिया में किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, प्रचार प्रमुख सतीश जैन एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. विशाल जैन ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में शहर के विभिन्न स्पेशियलिटी के सुप्रसिद्ध 24 विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। सेंट्रल लेब की डॉ. विनीता कोठारी का मानना है कि पहले से ही सावधानी बरतना अच्छा होता है। हंसमुख जैन गांधी द्वारा सभा का सफल संचालन एवं सुशील पांड्या ने सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

# बीमारी नहीं, विकार और विकास से जुड़ी गंभीर समस्या है ऑटिज्म



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

ऑटिज्म या स्वलीनता बीमारी नहीं, विकार है, ऐसे बच्चों की तुलना सामान्य से नहीं होना चाहिए।ऑटिज्म विकास से जुड़ी गंभीर समस्या है, जिसमे नर्वस सिस्टम प्रभावित होकर बुद्धि, भावनात्मकता, सामाजिक, शारीरिक स्वास्थ्य पर असर होता है। माधव सृष्टि चमेलीदेवी अग्रवाल मेडिकल सेंटर में रविवार को आयोजित ऑटिज्म जागरूकता कार्यक्रम में प्रसिद्ध बाल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अनघा भागवत ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 18 माह की आयु में इसे वेल बेबी क्लीनिक या टीकाकरण के समय पता लगाया जा सकता है। सामान्य बच्चों की तरह ये भी साइकिल, मोबाइल चलाते हैं। चित्र बनाते हैं, लेकिन दूसरों से समन्वय बनाने में थोड़ी मुश्किल आती है। दवाइयों का इसमें कोई उपयोग नहीं, बच्चों के न्यूरोलॉजिस्ट इसमें स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी का सहयोग लेते हैं। समाज को इनके पैरेंट्स की तकलीफों को महसूस करते हुए इनके सहयोग का प्रयत्न करना चाहिए। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभय भागवत ने भी विस्तार से प्रश्नों के उत्तर दिए। अध्यक्षता शैलेन्द्र महाजन ने की। स्वागत भाषण पुरुषोत्तम गुप्ता ने दिया। अतिथि स्वागत विशाल दुबे, प्रथमेश देसाई, रामदास पटेल, प्रमिला अग्रवाल ने किया। संचालन कपिल जोशी ने किया। डॉ. संजय लोंढे ने आभार माना।

# शिविर में 39 यूनिट ब्लड एकत्रित किया

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर।** तेरापंथ युवक परिषद के नेतृत्व में इंदौर की सामाजिक संस्थाओं ने रक्तदान को एक अभियान बनाने का संकल्प लिया है। इसके साथ 50 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित करने का लक्ष्य रखा है। इन सामाजिक संस्थाओं में शहीद ऊधमसिंह संवेदना सेवा समिति, प्रभुआज्ञा फाउंडेशन, यार्स सोसायटी, गोल्ड कॉइन सेवा ट्रस्ट, श्वेतांबर जैन महासंघ न्यास, वेकअप फाउंडेशन आदि शामिल हैं। ब्लड बैंक सपोर्ट के लिए एमवाय हॉस्पिटल ब्लड बैंक एवं रेडक्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक इस अभियान में शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के माध्यम से इस अभियान में उद्योगों को जोड़ा गया है। इसी श्रृंखला में पहला रक्तदान शिविर 11 अप्रैल को लक्ष्मीबाई नगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवे मसाला प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 39 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ, जिसे रेडक्रॉस सोसायटी के ब्लड बैंक में जमा किया जा चुका है। यदि कोई भी व्यक्ति इस अभियान में भाग लेना चाहे तो लिखे हुए ब्लड कॉल सेंटर नंबर 9826194411, 9826195511 , 9926479979 पर संपर्क करके ब्लड दे सकते हैं।

# सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा रेडियो सरगम सामुदायिक को मिली मंजूरी

**इंदौर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ने सामुदायिक रेडियो योजना के अंतर्गत रेडियो सरगम 90.8 एफएम को स्वीकृति प्रदान की है। बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं के साथ विभिन्न विधाओं के कलाकारों को इस मंच से स्थान दिया जा रहा है, वही सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी इस माध्यम से हो रहा है। सोमवार ,15 अप्रैल को रेडियो सरगम 90.8 एफएम का प्रथम स्थापना दिवस समारोह शिव सिटी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर प्रांगण पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय वि . वि .की सिलिकॉन सिटी शाखा द्वारा सायं 5.30 बजे आयोजित किया गया है। इस मौके पर ब्रह्माकुमार आशीष गुप्ता का जन्म दिवस भी मनाया जाएगा। नवरात्रि उपासना करने वाले मेहमानों के लिए फलाहार तथा ब्रह्म भोज की व्यवस्था भी यहां की गई है।

# दंपतियों ने की पूजन विधियां, आज स्थापित होगी महालक्ष्मी की मूर्ति

**इंदौर।** कैट रोड स्थित सहकार नगर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत रविवार को यजमान परिवार के साथ ही सैकड़ों दंपत्तियों ने सामूहिक रूप से मूर्ति स्थापना की विधियां संपन्न की। सुबह के सत्र में अभिषेक, पूजन हुआ और दोपहर तक अन्य विधियां पंडितों के निर्देशन में चलती रही। श्री महालक्ष्मी मंदिर निर्माण समिति ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्र में महालक्ष्मी का दूसरा सबसे बड़ा मंदिर सहकार नगर में हैं। प्रात-प्रतिष्ठा महोत्सव में आसपास के रहवासियों के साथ ही अन्य स्थानों से भी भक्त प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। 15 अप्रैल को मूर्ति के शैयाधिवास के साथ ही नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में महालक्ष्मी की मूर्ति विराजित होंगी। शाम 6.30 बजे से भंडारे का आयोजन होगा।



## कार्यक्रम — रोटरी क्लब ऑफ मेघदूत की मासिक बोर्ड मीटिंग

# रोटरी फाउंडेशन पर विस्तृत चर्चा सहित कई मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत की मासिक बोर्ड मीटिंग रविवार को संपन्न हुई। मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रितु ग्रोवर की विजिट के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें सभी बोर्ड डायरेक्टर्स को उनकी रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया, जो डीजी विजिट में बताई जाएगी। अध्यक्ष राजेश सबड़ा एंड क्लब सेक्रेटरी रचना शुक्ला ने मीटिंग प्रारंभ करने की घोषणा की।

मीटिंग में चार्टर प्रेसिडेंट आर के मेहता , सुशील मल्होत्रा एवं सर्वप्रिय बंसल द्वारा सभा को संबोधित किया गया। इस दौरान रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन पर विस्तृत चर्चा हुई। डीजी विजिट में देने के लिए 5100 डॉलर की धन राशि एकत्रित की गई। यह धनराशि रोटरी फ़ाउंडेशन को दी जाएगी। इसकी मदद से कई जरूरतमंदों के कई सेवा कार्य किए जाएंगे।



रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चेयर पर्सन रोटेरियन घनश्याम सिंह ने बताया गया कि कार्यक्रम में आने वाले साल 2024-25 के अध्यक्ष मनीष शर्मा क्लब ट्रेनर ब्रजेश अग्रवाल एवं क्लब सेक्रेटरी सौरभ मूंदड़ा द्वारा आने वाले वर्ष के लिए बोर्ड सदस्यों का नाम बताया गया। वर्ष 2025-26 के नामित अध्यक्ष हितेश ठाकुर का स्वागत वरिष्ठ सदस्यों द्वारा फूल माला पहना कर किया गया। मीटिंग में क्लब के 31 बोर्ड के सदस्य उपस्थित हुए। सभी सदस्य ने 2024-25 के अध्यक्ष मनीष शर्मा एवं सेक्रेटरी सौरभ मूंदड़ा को शुभकामनाएं दी और क्लब के सर्विस प्रोजेक्टस में पूरा सहयोग करने का वादा किया। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर के द्वारा चलाए जा रहे आई कैम्प एवं फिजियोथेरेपी सेंटर का संचालन पूरे वर्ष लगभग 18000 लोगों को लाभ दिया जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जितेंद्र खंडेलवाल द्वारा दैनिक राजीव टाइम्स के लिए राजीव प्रिंटर्स, 7 गोराकुंड इंदौर से मुद्रित, प्रकाशित। मुख्य कार्यालय 26 प्रेस कॉम्प्लेक्स एवं सिटी ऑफिस 23, सेक्टर बी, सांवेर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर से संचालित। प्रबंध संपादक : अपूर्वा मेनन। । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। रजि. नंबर आरएनआई/38105/81 पोस्टल रजि. आई./डी./सी./एम.पी./202 मोबाइल 7999999127।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणा पत्र, कांग्रेस ने उठाए सवाल

# मोदी जो बोलते हैं वह करते भी हैं या नहीं

**भोपाल ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। भाजपा के मैनिफेस्टो जारी होने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि चाहे किसानों के ऋण माफी की बात हो। ओला-पाले का प्रहार हो या गेहूं की खरीदी का धोखा हो, चाहे धान की खरीदी का धोखा हो। 3100 धान का समर्थन मूल्य देने का बोला था नहीं हुआ। 2700 का गेहूं बोला था नहीं हुआ। सबका एक अभियुक्त भाजपा है। पटवारी ने कहा कि भाजपा यह बताने में भी असमर्थ रही है कि मोदी गारंटी की जब बात करते हैं तो वह जो बोलते हैं वह करते भी हैं या नहीं। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जीतू पटवारी ने कहा कि दुनिया में अगर सबसे ज्यादा महंगाई की मार कहीं है, तो हमारे देश में है। रुपए के मुकाबले डॉलर का अवमूल्यन किया। ये मोदी जी का सबसे बड़ा अचीवमेंट है। नरेंद्र मोदी यह बताने में असमर्थ हैं कि दुनिया में सबसे बड़ा कर्जदार देश हमारा क्यों है? हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों को दुनिया में क्रिटिसिज्म किया जा रहा है। इसके लिए दोषी कौन है?

**भाजपा ने 80 करोड़ को गरीब बना दिया :** पटवारी ने कहा कि भाजपा जिन्हें राशन दे रही है। उन 80 करोड़ लोगों को गरीब बना दिया। 84 फीसद बच्चों को बेरोजगार बना दिया जो आज घरों में नशा कर रहे हैं। इस देश में पाकिस्तान और बांग्लादेश से ज्यादा महंगाई कर दी। हमारे देश में डॉलर और रुपए का जो अवमूल्यन हुआ है आज तक के इतिहास में सबसे ज्यादा है। देश में 10 फीसद लोगों के पास 90 फीसद संपत्ति पहुंच गई है। और 90 फीसद लोगों के पास 10 फीसद संपत्ति बची। मौलिक अधिकारों का हनन करने में देश नंबर वन हो गया। विश्व में इसका नाम घटा है।



### कांग्रेस ने भाजपा के घोषणा पत्र को बताया झूठ

पूर्व मंत्री और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि भाजपा ने पिछले घोषणा पत्र में किए गए वादे पूरे नहीं किए। हम चाहते हैं कि 10 सालों में 20 करोड़ लोगों को रोगार दिया है तो पोर्टल पर डाल दें, हमें विश्वास हो जाएगा। पहले 500 रुपए में सिलेंडर आता था, अब 1200 रुपए का आता है। किसानों की फसलें खराब होने पर किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि मप्र में महिलाओं के खातों 1200 रुपए डाले लेकिन, 3 हजार डालने का वादा किया गया था अब तक महिलाओं के खाते में 3 हज़ार नहीं आए। महंगाई बढ़ी है। सिंचाई पेयजल को लेकर जो योजनाएं बनाई गई हैं वो अधूरी पड़ी हैं। नल जल योजना में भ्रष्टाचार हुआ है जमीन पर काम नहीं हुआ। आज भी गांव में शौचालय नहीं है। लोग खुले में शौच कर रहे हैं। भाजपा चुनाव जीतने का कारखाना बन गई है।

# हम जो संकल्प लेते हैं उसे पूरा भी करते हैं

**भोपाल ▪ एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा में कहा कि भाजपा ने डॉ. आंबेडकर जयंती के अवसर पर संकल्प पत्र समाज के सामने लाने का निर्णय किया। मैं संकल्प समिति में सदस्य भी हूं। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राजनाथ और नड्डा के साथ हमारा अपना संकल्प पत्र सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला है। हम बाद उसके बारे में विस्तृत बातचीत करेंगे। मैं आज भाजपा द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना करता हूं। भाजपा ने देश के सामने अपनी बात रखी है। आज हमने विजन डॉक्यूमेंट को सामने रखा है अगर हम कोई संकल्प लेते हैं तो उसे लागू भी करते हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संकल्प पत्र को लेकर कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर हमारे संविधान निर्माता की जन्मदिन पर जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति का यह संकल्प पत्र है। जिसको केवल कुछ लोगों ने बैठकर नहीं बनाया है। संकल्प पत्र के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर 15 लाख से ज्यादा सुझाव आए हैं, व्यक्तियों ने संस्थाओं ने सुझाव दिए हैं।

सही अर्थों में यह जनता का जनता के लिए और जनता के द्वारा बनाया गया संकल्प पत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा इसमें 2047 का भारत कैसा होगा इसका रोडमैप बनाया गया है। विकसित भारत यह हमारा लक्ष्य और इसकी पूर्ति के लिए हर संभव उपाय समाज के हर वर्ग का कल्याण इस पर निहित है। एक तरफ इंफ्रा का विकास टूरिज्म को आगे बढ़ने से लेकर अनंत रोजगार की संभावना वाला संकल्प है। यह गरीबी से पूर्णता मुक्ति का संकल्प पत्र है यह नारी सशक्तिकरण का संकल्प पत्र है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनेंगे यह किसानों की आय बढ़ाने का संकल्प पत्र है। इसमें जनता की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी पूर्ति के लिए ठोस रोड मैप है और मैं समझता हूं कि सारा देश इसका स्वागत करेगा।



### संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती पर अपना संकल्प-पत्र जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस संकल्प-पत्र को लेकर हम सब संकल्प ले सकते हैं कि अगले पांच वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, सेवा, सुशासन को समर्पित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है। भारतीय जनता पार्टी जो संकल्प लेती है उस संकल्प को पूरा करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस दिशा में काम करेगा।

# मोहभंग : निशा बांगरे ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**भोपाल ▪ एजेंसी**

मध्यप्रदेश का विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए डिप्टी कलेक्टर पद छोड़ने वाली निशा बांगरे ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकती है। निशा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेजकर पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त करने को कहा है। उन्होंने कांग्रेस पर धोखा देने और षड्यंत्र कर चुनाव लड़ने से रोकने का आरोप भी लगाया है। दो पन्नों के पत्र में उन्होंने लिखा, मैं समझती थी कि कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़कर समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित लोगों का प्रतिनिधित्व करूंगी। बाबा साहब के सपनों को साकार कर सकूंगी, लेकिन पिछले 6 महीने से कांग्रेस की नीयत को करीब से आंकलन कर मैंने यह पाया कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे धोखा दिया। पूर्व डिप्टी कलेक्टर ने लिखा, कांग्रेस में नारी सम्मान के लिए कोई स्थान नहीं है। जिसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव 2024 में मध्यप्रदेश में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व न मिलना भी है। मैं राजनीति में व्यापक स्तर पर कार्य करना चाहती थी, लेकिन कांग्रेस ने मेरी योग्यता को ही अयोग्यता बना दिया। अतः मैं कांग्रेस पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त होना चाहती हूं। अपना पूरा जीवन बाबा साहब के विचारों के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित करती रहूंगी।

### डिप्टी कलेक्टर की नौकरी में वापसी की भी जता चुकी हैं इच्छा



कांग्रेस ने निशा बांगरे को प्रदेश महामंत्री और मुख्य प्रवक्ता बनाया था। इससे पहले उन्होंने सरकारी नौकरी में वापस आने की इच्छा जताई थी। इसके लिए उन्होंने 3 महीने पहले मुख्य सचिव वीरा राणा को आवेदन भेजा था। अभी तक विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। बांगरे छतरपुर जिले में बतौर डिप्टी कलेक्टर पोस्टेड थीं। छतरपुर जिले के लवकुश नगर में एसडीएम रहते उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। वे बैतूल जिले की आमला सीट से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थीं। इसी वजह से सरकारी नौकरी से इस्तीफा दिया था। उनका इस्तीफा शासन की ओर से जब तक स्वीकार किया गया, तब तक कांग्रेस ने मनोज मालवे को उम्मीदवार घोषित कर दिया था। ऐसे में वे चुनाव नहीं लड़ पाई थीं।

**पहले कहा था- कांग्रेस ने मेरी नौकरी छुड़वाई, टिकट भी नहीं दिया :** इससे पहले निशा बांगरे ने कहा था, 'कांग्रेस ने मेरी नौकरी छुड़वाई, टिकट भी नहीं दिया। ये मेरे लिए एक धक्का है। मेरे परिवार को लगता है कि मेरे साथ धोखा हुआ है। मुझे भी लगता है कि कहीं न कहीं गलत तो हुआ है। अन्याय हुआ है। अगर समय पर इस्तीफा स्वीकार नहीं करना अन्याय है, तो यह भी एक तरह का अन्याय है। उन्होंने मेरा कॅरियर खराब किया है।'

## युवती को बंधक बनाकर महीनेभर किया दुष्कर्म

**भोपाल।** शादी करने से मना करने पर एक युवक ने अपनी दोस्त को अगवा कर कमरे में बंधक बनाकर एक माह तक युवती के साथ ज्यादती की थी। अयोध्या नगर थाना पुलिस के मुताबिक युवती ने बताया कि कुटुंब एप के माध्यम से उसका परिचय गिरीश झारे से हुआ था। एक माह पहले गिरीश युवती को डरा धमकाकर कार से अगवा कर नर्मदापुरम ले गया। वहां कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ ज्यादती करना शुरू कर दी। युवती किसी तरह उसके चंगल से छूटकर भोपाल आई और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गिरीश को गिरफ्तार कर लिया है।

## 10वीं-12वीं का रिजल्ट 24 को!

**भोपाल।** दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट अप्रैल के आखरी सप्ताह में आ सकता है। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के सचिव डॉक्टर कृष्ण देव त्रिपाठी ने बताया कि अप्रैल के आखिरी सप्ताह में 10वीं-12वीं का रिजल्ट आ सकता है। इसकी डेट हालांकि अभी फाइनल नहीं हुई है मगर कॉपियों का वैल्यूएशन पूरा हो चुका है। सभी जगह से मार्क्स कलेक्ट किए जा रहे हैं। रिजल्ट्स इन दिनों कंपाइल हो रहे हैं, संभावना है कि 24 अप्रैल तक यह रिजल्ट आ सकता है। बोर्ड पिछले डेढ़ महीने से लगातार रिजल्ट्स को लेकर तैयारियां कर रहा है। मध्यप्रदेश में 10वीं बोर्ड परीक्षा 5 फरवरी से और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से शुरू हुई थीं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित इस परीक्षा में 9,92,101 छात्र एवं 7,48,238 छात्राएं शामिल हुए। पूरे प्रदेश में कुल 7,501 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। भोपाल में दोनों कक्षाओं की परीक्षा 103 केंद्रों पर होगी। 10वीं क्लास का आखिरी पेपर 28 फरवरी और 12वीं का 5 मार्च को होगा। 18 काउंसलर्स अटेंड कर रहे 1000 काल इधर, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चालू हेल्पलाइन सेंटर में इन दिनों एक हजार से अधिक फोन पहुंच रहे हैं। इसमें छात्र सुबह 8 से रात 8 बजे तक अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते है। इसके लिए आपको टोल फ्री नंबर 18002330175 पर कॉल करना होगा। बता दें कि यहां बोर्ड द्वारा 18 काउंसलर्स अपाइंट किए गए हैं।

# हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग में शिफ्ट होगी ओपीडी, मरीजों को मिलेगी राहत

**भोपाल ▪ एजेंसी**

अब हमीदिया की नई बिल्डिंग में ओपीडी को शिफ्ट किया जाएगा, जिससे मरीजों को इलाज के भटकना नहीं पड़ेगा। जांच-इलाज के साथ भर्ती जैसी सुविधाएं 100 मीटर के दायरे में ही मिल जाएंगी। अस्पताल के पुराने भवन और ट्रामा इमरजेंसी बिल्डिंग में संचालित ओपीडी नई बिल्डिंग यानी एच- 1 और एच-2 ब्लाक में शिफ्ट होगी। इस काम की शुरुआत सोमवार से हो गई है। आर्थोपेडिक्स विभाग की ओपीडी एच-एक बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर संचालित होगी। इसके बाद अन्य विभागों की ओपीडी को चरणबद्ध तरीके से शिफ्ट किया जाएगा। हमीदिया में करीब 250 करोड़ रुपए की लागत से 11 मंजिला नए ओपीडी ब्लाक का निर्माण हो



रहा है। ऐसे में पुराने अस्पताल के भवन के एक हिस्से को तोड़ने के बाद दूसरे हिस्से को तोड़ा जा रहा है। इसी हिस्से में ओपीडी संचालित होती है, यही कारण है कि ओपीडी को नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जा रहा है। अभी अस्पताल में ओपीडी, रजिस्ट्रेशन, ब्लड बैंक, दवा लेने और वार्ड तक जाले में मरीजों को करीब एक किलोमीटर का फासला तय करना होता है। 11 मंजिल पर स्थित वार्ड में भर्ती मरीजों को बिलिंग के लिए गेट के पास बने पंजीयन केंद्र आना पड़ता है।

हमीदिया अस्पताल के एच-एक ब्लाक के सेकंड फ्लोर पर ओटी कॉम्प्लेक्स कॉरिडोर की फाल्स सीलिंग गिर गई। घटना गत दिनों तेज हवाओं और आंधी के चलते हुई। इन घटनाओं से 750 करोड़ रुपए में बने नए भवनों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन का कहना है कि हमीदिया अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए ओपीडी नई बिल्डिंग में शिफ्ट की जा रही है। जिससे मरीजों को सभी प्रकार की सुविधाएं सौ मीटर की दायरे में मिल सकेंगी। इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

## हर्बल उत्पाद की दुकान पर बिक रही थीं प्राइवेट स्कूल की किताबें



**भोपाल ▪ एजेंसी**

शहर में एक हर्बल उत्पाद विक्रेता के यहां महर्षि स्कूल की कॉपी-किताबें एवं गणवेश मिली हैं। जानकारी के अनुसार 11 नंबर स्थित महानेचर हर्बल उत्पाद नाम की इस दुकान पर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की टीम ने जांच के बाद कार्रवाई की है।

इस संबंध में शिकायत और वीडियो मिलने के बाद एसडीएम ने डीईओ को जांच करने कहा, लेकिन जब इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने खुद टीम के साथ पहुंचकर जांच की और कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया। मामले में शिकायत के बाद गत शुक्रवार को जांच समिति के सदस्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी फंदा ब्लाक आरएन श्रीवास्तव, शासकीय उमावि बगरौदा के प्राचार्य विनोद कुमार राजौरिया पहुंचे। यहां दुकान पर महर्षि विद्या मंदिर की पुस्तकें बेचने के लिए रखी मिलीं। शनिवार को एसडीएम को कार्रवाई नहीं किए जाने की जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार एसडीएम ने डीईओ से कार्रवाई नहीं करने के संबंध में जवाब मांगा। इसके बाद एसडीएम राय शनिवार शाम डीईओ त्रिपाठी, श्रीवास्ती व राजौरिया के साथ 10 नंबर स्थित महानेचर दुकान पर पहुंचे। यहां महर्षि विद्या मंदिर की किताबें बेची जा रही थीं। इस पर एसडीएम ने कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया है।

महानेचर दुकान पर आयुर्वेदिक, हर्बल प्रोडक्ट का बोर्ड लगा हुआ है। कोलार एसडीएम रविशंकर राय का कहना है कि 11 नंबर स्थित महानेचर दुकान पर जांच दल द्वारा निरीक्षण करने पर पाया गया कि महर्षि विद्या मंदिर का पाठ्यक्रम व गणवेश आदि बेचे जा रहे थे। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को इसी दुकान से पाठ्य सामग्री लेने के लिए बाध्य किया जा रहा था। जांच रिपोर्ट के आधार पर दुकान को सीलकर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

## आरजीपीवी के पूर्व कुलपति गुप्ता जेल में खा रहे खिचड़ी

**भोपाल ▪ एजेंसी**



राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के पूर्व कुलपति सुनील कुमार गुप्ता को अदालत ने 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सेंट्रल जेल में अब वे विचाराधीन कैदी नंबर 244 हैं। विचाराधीन कैदी की हैसियत से उनका स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। मधुमेह के अलावा उन्हें हार्ट की समस्या है। पूर्व कुलपति की जांच के लिए रविवार को विशेषज्ञों का एक दल दोबारा सेंट्रल जेल जाएगा। पूर्व कुलपति सुनील कुमार गुप्ता को सेंट्रल जेल के खंड- अ में रखा गया है। यहां वे सामान्य कैदियों के साथ दिन भर बैठे रहे। उन्होंने लिखित आवेदन देकर जेल प्रशासन से अनुरोध किया है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं रहती है, इसलिए रात के खाने में उन्हें मूंग दाल की सादी खिचड़ी उपलब्ध कराई जाए। मरीजों को दिए जाने वाले खाने की लिस्ट में मूंग दाल की खिचड़ी शामिल होने पर जेल प्रशासन ने उन्हें रात के खाने में खिचड़ी मुहैया कराई। इसके अलावा पूर्व कुलपति ने जेल प्रशासन को दिए एक अन्य आवेदन में मुलाकात के लिए पत्नी, बेटी-दामाद सहित चार अन्य स्वजन से मिलने की इच्छा जताई है।

## दलालों के एजेंट ने रिजर्वेशन कराने आए शख्स को पीटा

**भोपाल ▪ एजेंसी**

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन स्थित रिजर्वेशन बिल्डिंग के बाहर दलालों के एजेंट ने एक शख्स की पिटाई कर दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित अजमल ने दलाल और उनके एजेंट्स पर पुलिस सरंक्षण का आरोप लगाया है। फरियादी अजमल खान ने बताया कि रेलवे का रिजर्वेशन काउंटर सुबह आठ बजे खुलता है। वे रविवार सुबह 5.30 बजे ही मेन गेट के बाहर लाइन में लग गेट के सामने बैठ गए। कुछ देर बाद ही आमिर नाम का व्यक्ति अपने चार-पांच साथियों के साथ आया। उसने मुझसे गेट से हटने कहा। मेरे मना करने पर मेरे साथ जान से मारने की धमकी देते हुए अभ्रदता की। जब मैंने विरोध किया तो उसने मुझे धक्का दे दिया। मैंने इसकी शिकायत जीआरपी और आरपीएफ से की। पुलिस ने पांच में से दो आरोपियों को तुरंत पकड़ तो लिया, लेकिन 10 मिनट बाद छोड़ भी दिया। वे रिजर्वेशन काउंटर पर आकर मुझे फिर धमकाने लगे। अजमल खान ने बताया कि वह लोग दलालों के लोग हैं। हर दिन ये काउंटर खुलने से पहले ही बड़ी संख्या में लाइन में लग जाते हैं। इनके पास कोई फॉर्म भी नहीं होता है। बीच-बीच में लाइन में लगे लोगों को कोई दूसरा फॉर्म देकर चला जाता है। इस मामले में आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव का कहना है कि ऐसी सूचना आई थी हमने इसमें मामला दर्ज किया है।

## होटल के रूम में मिला युवती का शव, दोस्त के साथ ठहरी थी

**भोपाल ▪ एजेंसी**

शहर के बावड़िया कलां में स्थित होटल K स्क्वायर के रूम में युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। अर्धनग्न अवस्था में उसका शव मिला है। शुरुआती जांच में पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। युवती हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली है। उसके परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। टीआई रघुनाथ सिंह ने बताया कि शनिवार रात 11:30 बजे होटल के कर्मचारी ने इस बारे में सूचना दी थी। पुलिस के मुताबिक युवती के गले पर निशान हैं। उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान नहीं हैं। उसके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान शशि पांडे (26) पुत्री अभिनव पांडे के रूप में हुई है। वह हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली है। शनिवार शाम 7:30 बजे उसने होटल में चेक इन किया था। सूत्रों की मानें तो युवती जिस कमरे में ठहरी थी, वहां भोपाल के कोलार में रहने वाला राहुल पांडे पहले से रुका था। दोनों के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हुई थी। राहुल के कहने पर ही युवती भोपाल आई थी। हालांकि टीआई का कहना है कि इस बात का पता नहीं चल सका है कि युवती भोपाल कब और कैसे आई थी। वह क्या काम करती थी। इसकी जानकारी भी नहीं मिली है। होटल कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि घटना के पहले युवक-युवती के बीच विवाद हुआ था।

**चुनाव** ▶ समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन फार्म निरस्त होने के बाद बनाई रणनीति

# खजुराहो में लोकसभा कैंडिडेट समर्थन का ऐलान करेगा 'इंडी'

**भोपाल ▪ एजेंसी**

खजुराहो सीट पर समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन फार्म निरस्त होने के बाद अब इंडी गठबंधन सोमवार को दूसरे दल के उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान करेगा। पीसीसी में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या की है। एक महिला का पर्चा निरस्त कर दिया। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा की बात करती है लेकिन, भाजपा पूरे देश में ऐसे हालात पैदा कर रही है हम चाहे झारखंड में देखें या दिल्ली में... लोकतंत्र और न्याय की बात ही नहीं हो रही है। चुनाव आयोग



भी भारतीय जनता पार्टी का एजेंट बनकर काम कर रहा है। खजुराहो में गठबंधन की उम्मीदवार का पर्चा केवल साइन ना होने की बात कह कर निरस्त कर दिया जाता है। कलेक्टर जब पर्चा लेता है तब वह बिना साइन के ले ही नहीं सकता। ये उनकी जिम्मेदारी होती है। यह जानबूझकर साजिश की जा रही है। इससे पहले विधानसभा चुनाव में इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें की थीं। महिलाओं को तीन हजार रुपए देंगे। किसी को रुपए नहीं मिले। 450 रुपए में सिलेंडर देने की बात की थी, लेकिन आज तक किसी को 450 में सिलेंडर नहीं मिला है। जो मोदी जी की गारंटी बताते हैं, वह झूठ की गारंटी है।

**भर्ती परीक्षाओं के पर्चे हो जाते हैं लीक**

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- उत्तर प्रदेश की बात करें या मध्य प्रदेश की कोई भी भर्ती निकलती है तो इसका पर्चा पूरा लीक हो जाता है। आज भारत में न्याय नहीं मिल रहा है चंडीगढ़ में जो चुनाव में कैद हुआ वह लोकतंत्र की सीधी हत्या है सबके सामने आया है चुनाव आयोग ने फटकार भी लगे, लेकिन यह घबराए हुए हैं जो इनका पहले फूल अच्छा चलता था। यह लोग डरे हुए हैं कि खजुराहो में क्या हो सकता है पूरे मध्य प्रदेश में इंडिया गठबंधन अच्छी स्थिति में है हम लोग खजुराहो सीट पर मंथन कर रहे हैं पूरी तरह से इंडिया गठबंधन मिलकर पूरे देश में हर आएगी।

**भाजपा शासित राज्यों में रोकी जा रही जातिगत जनगणना**

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां जानबूझकर जाति का जनगणना रोकी जा रही है। यह केवल धर्म के नाम पर जनता को बहलाते रहते हैं मोदी जी के जाने का समय हो गया है अगर हिटलर के शासन को देखें तो हिटलर का शासन 10 साल तक ही रहा था। हिटलर की विदाई हुई थी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन उनकी विदाई करने वाला है। 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

कच्चा तेल जाएगा 100 डॉलर के पार!

# ईरान-इजराइल वॉर के कारण विश्व में बढ़ा महंगाई का डर!

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

मिडिल ईस्ट की टेंशन में जिस बात का डर था, वो हो ही गया. ईरान की इजराइल के खिलाफ जंग में सीधी एंट्री हो चुकी है। ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए हैं। अब इजराइल भी पलटवार की तैयारी में है। इस वॉर की वजह से दुनिया में एक बार फिर से स्टेबल होती इकोनॉमी के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। सबसे बड़ा डर महंगाई का सताने लगा है। इस बार ये महंगाई और भी बड़ी देखने को मिल सकती है। जिसका प्रमुख कारण ओपेक के तीसरे सबसे बड़े ऑयल सप्लायर ईरान का इस जंग में कूदना है। साथ ही मिडिल ईस्ट के तमाम देशों से ऑयल सप्लाई डिस्टर्ब होना है. ऐसे में महंगाई का




जोर पकड़ना लाजिमी है।

वैसे जानकार इस वॉर को 24 से 48 घंटे तक वॉच करने के बारे में बोल रहे हैं। जानकारों का कहना है कि ये वॉर ज्यादा दिनों तक चलने वाली नहीं है। दुनिया की बड़ी ताकतें फिर नहीं चाहेंगी कि दुनिया फिर से एक से दो साल के लिए महंगाई के गर्त में चली जाए और उबरती इकोनॉमी के डिरेल होने का खतरा पैदा हो जाए। अगर ये लड़ाई थोड़ी भी लंबी होती है तो भारत समेत दुनिया को अलग संकट में लेकर जा सकती है।

### कच्चे तेल के दाम में आएगी तेजी

मौजूदा समय में खाड़ी देशों का तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के पार कारोबार कर रहा है। इस हमले और ईरान पर संभावित अमेरिकी कार्रवाई को देखते हुए जब सोमवार को इंटरनेशनल मार्केट खुलेंगे। कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है.कच्चे तेल की कीमत में 10 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिल सकती है। इसका मतलब है कि ब्रेंट क्रूड ऑयल यानी खाड़ी देशों के तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच सकती है। यानी ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत में 10 डॉलर प्रति बैरल का इजाफा देखने को मिल सकता है।

## एक रुपए के शेयर पर टूट पड़े निवेशक

मुंबई ▪ एजेंसी

भारतीय शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को कमजोर रुझानों के बावजूद टीमो प्रोडक्शंस एचक्यू लिमिटेड के शेयर में मजबूत खरीददारी देखी गई थी। बुधवार को 2024 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद टीमो प्रोडक्शंस एचक्यू लिमिटेड के शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया था।

5 से नीचे का पेनी स्टॉक शुक्रवार को एनएसई पर 1.25 पर खुला था और फिर इसमें अपर सर्किट लग गया था। शुक्रवार से पहले इस स्मॉल-कैप स्टॉक ने 5, 8 और 9 अप्रैल को भी अपर सर्किट को छुआ था। बता दें कि यह पेनी स्टॉक एनएसई और बीएसई दोनों पर कारोबार के लिए उपलब्ध है। इसका मार्केट कैप 107 करोड़ है और एनएसई पर इसका मौजूदा ट्रेड वॉल्यूम 16.88 लाख है। इसका 52-सप्ताह का हाई प्राइस 3.32 प्रति शेयर है जबकि इसका 52-सप्ताह का लो प्राइस 0.74 प्रति शेयर है।

भारती एयरटेल और आईसीसी को सबसे ज्यादा फायदा

## चार दिन में 10 कंपनियों का मार्केट कैप 59 हजार करोड़ रुपए बढ़ा

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था। इस दौरान सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपए बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23



करोड़ रुपए जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपए हो गई।

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपए बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपए पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपए बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपए हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपए बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपए हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपए बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपए हो गया।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में:** इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपए घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपए रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपए घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपए पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,153.08 करोड़ रुपए घटकर 5,24,663.73 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस, एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## 2075 में दूसरी बड़ी इकॉनमी होगा भारत

नई दिल्ली ▪ एजेंसी



भारत की इकॉनमी रॉकेट की स्पीड से बढ़ रही है और माना जा रहा है कि साल 2075 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी होगा। उस समय तक भारत की इकॉनमी का साइज 52.5 ट्रिलियन डॉलर पहुंच जाएगा जो अभी करीब 4.11 ट्रिलियन डॉलर है। तब केवल चीन की इकॉनमी ही भारत से आगे रह जाएगी।

अभी भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है। उससे आगे अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। माना जा रहा है कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। अनुमानों के मुताबिक 2075 तक चार इस्लामी देश दुनिया के टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। अभी कोई इस्लामी देश टॉप 10 में नहीं है। इंडोनेशिया 1.51 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के साथ 16वें, तुर्की 1.34 ट्रिलियन डॉलर के साथ 17वें और सऊदी अरब 1.11 ट्रिलियन डॉलर के साथ 19वें नंबर पर है।

गोल्डमैन स्कैच के अनुमानों के मुताबिक साल 2075 तक चार इस्लामी देश इंडोनेशिया, नाइजीरिया, पाकिस्तान और मिस्र दुनिया की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। इंडोनेशिया 13.7 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी होगा।

दुनिया का सबसे बड़ा इस्लामी देश है। यहां की करीब 87% आबादी मुस्लिम है। पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजीरिया 13.1 ट्रिलियन डॉलर के साथ 2075 में पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी होगा। नाइजीरिया में 53.4 फीसदी मुस्लिम आबादी है। अनुमानों के मुताबिक साल 2075 में पाकिस्तान 12.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की छठी बड़ी इकॉनमी होगा। अभी पाकिस्तान आर्थिक संकट से जूझ रहा है और उसकी इकॉनमी 340.64 अरब डॉलर है। यानी उसकी इकॉनमी महाराष्ट्र के बराबर भी नहीं है। टाटा ग्रुप का मार्केट कैप पाकिस्तान की जीडीपी से ज्यादा है।

## अडानी ग्रुप के शेयरों में निवेश कर एलआईसी ने की बंपर कमाई

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

अडानी ग्रुप के बारे में हिंडनबर्ग रिसर्च ने पिछले साल एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके बाद ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। ग्रुप में देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी ने भी निवेश किया है। इस पर बवाल मचा था। लेकिन हाल के दिनों में अडानी ग्रुप के शेयरों में काफी तेजी आई है और इससे एलआईसी की भी अच्छी कमाई हुई है। पिछले एक साल में अडानी ग्रुप की कंपनियों में एलआईसी के निवेश की वैल्यू में 59 फीसदी तेजी आई है। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च, 2024 को अडानी ग्रुप




की कंपनियों में एलआईसी के निवेश की कीमत 38,471 करोड़ रुपये थी जो 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये पहुंच गई। इस तरह एलआईसी के निवेश की वैल्यू एक साल में 22,378 करोड़ रुपये बढ़ गई। एलआईसी ने अडानी ग्रुप की दो कंपनियों अडानी पोर्ट्स और अडानी एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी कम की थी। पिछले एक साल में इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 फीसदी और 68.4 फीसदी की तेजी आई है।

## विदेशियों ने किया 13,300 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

भारतीय शेयर बाजार पर विदेशी निवेशक मेहरबान बने हुए हैं। विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति और आर्थिक वृद्धि की बेहतर संभावनाओं के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) ने अप्रैल के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 13,300 करोड़ रुपये से अधिक डाले हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''आगे चलकर भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलावों पर चिंता एफपीआई प्रवाह पर असर डालेगी। यह स्थिति नई संधि के विवरण पर स्पष्टता आने तक बनी रह सकती है।'' उन्होंने कहा कि एक और बड़ी चिंता पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। ईरान-इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है जिसका असर निकट अवधि में एफपीआई के निवेश पर देखने को मिल सकता है।

उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक




(डीआईआई) के पास काफी नकदी है। इसके अलावा खुदरा निवेशक और हाई नेटवर्थ वाले लोग यानी एचएनआई भारतीय बाजार को लेकर आशान्वित हैं। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली की भरपाई यहां से हो जाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने इस महीने (12 अप्रैल तक) भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 13,347 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालांकि, भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलाव की आशंका के चलते शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

**स्पोर्ट्स**

रोहित शर्मा ने लगाया आईपीएल करियर का दूसरा शतक, धोनी जीता ले गए मैच

# चेन्नई ने मुंबई को 20 रन से हराया






मुंबई ▪ एजेंसी

पांच-पांच बार की चैंपियन टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स की टक्कर को आईपीएल का एल-क्लासिको कहते हैं। ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में रविवार रात दोनों टीमों के बीच ऐसा ही घमासान देखने को मिला, जिसमें येलो आर्मी यानी चेन्नई सुपरकिंग्स ने मैदान मारा। खचाखच भरे स्टेडियम में टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई ने स्कोरबोर्ड पर 206 रन टांगे। जवाब में मेजबान मुंबई के लिए रोहित शर्मा ने 63 गेंद में नाबाद 105 रन जरूर बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। मुंबई छह विकेट खोकर 186 रन ही बना पाई और जीत से 20 रन दूर रह गई। चेन्नई के लिए इम्पैक्ट खिलाड़ी श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथिशा पथिराना ने चार ओवर में 28 रन देकर चार बेशकीमती विकेट चटकाते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।

### आखिरी ओवर में धोनी के 3 छक्के टर्निंग पॉइंट!

मुंबई 20 रन के अंतर से मैच हारी और मैच में धोनी ने भी 20 ही रन बनाए। आखिरी ओवर में चार गेंदों में खेली गई 20 रन की पारी को ही मैच का टर्निंग पॉइंट कहा जा सकता है। दरअसल, चेन्नई की पारी के आखिरी ओवर में डेरिल मिचेल (17) ने पंड्या की गेंद पर नबी को कैच थमाया, जिसके बाद क्रीज पर उतरे धोनी ने लगातार तीन छक्के के साथ टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने लॉन्ग ऑफ, मिड विकेट और स्कावयर लेग पर छक्के मारे। अपनी चौथी और पारी की आखिरी गेंद पर दो रन भागते हुए चार गेंद में 20 रन की नाबाद पारी खेली और स्कोर 207 तक पहुंचा दिया। आखिरी ओवर में 26 रन बने। मुंबई की ओर से कप्तान हार्दिक पंड्या दो विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे लेकिन उन्होंने तीन ओवर में 43 रन लुटाए।

**सूर्या के कैच आउट होने से मुंबई के लिए फंसा मैच** : 207 रन के लक्ष्य के जवाब में मुंबई इंडियंस ने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए थे। आठवें ओवर की पहली गेंद पर शानदार बल्लेबाजी कर रहे ईशान किशन 15 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद क्रीज पर उतरे पिछले मैच के हीरो सूर्यकुमार यादव। लेकिन दूसरी ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए।

## केकेआर की लखनऊ पर पहली जीत



कोलकाता ▪ एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स ने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से लखनऊ सुपरजाएंट्स (एलएसजी) को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 161 रन बनाए थे, लेकिन केकेआर ने सॉल्ट के 47 गेंदों पर 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से खेली नाबाद 89 रनों की पारी की मदद से 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया। आईपीएल इतिहास में इससे पहले केकेआर की टीम अब तक लखनऊ को नहीं हरा पाई थी, लेकिन उसने अपने होम ग्राउंड ईडन गार्डेंस पर केएल राहुल की अगुआई वाली टीम के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की।

**लखनऊ ने जीते थे तीन मैच** : केकेआर और लखनऊ के बीच इससे पहले आईपीएल में तीन मुकाबले खेले गए थे और तीनों ही मैच लखनऊ ने अपने नाम किए थे। यहां तक कि पिछले साल ईडन गार्डेंस पर दोनों टीमों के बीच खेला गया मुकाबला भी लखनऊ ने एक रन से जीता था, लेकिन इस बार शानदार लय में दिख रही कोलकाता ने लखनऊ को मात देने में देरी नहीं की और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। केकेआर के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर 38 गेंदों पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि लखनऊ के लिए दोनों विकेट तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने झटके।

### तालिका में दूसरे स्थान पर बरकरार केकेआर

कोलकाता की टीम को पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने होम ग्राउंड पर जीत दर्ज कर वापसी की। कोलकाता ने अब तक पांच मैचों में सिर्फ एक ही मैच गंवाया है, जबकि चार मैच जीते हैं। केकेआर की टीम आठ अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा और टीम छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ छह अंक लेकर तालिका में पाचवें स्थान पर है।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप: अंजू हर्षिता ने फाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

भारतीय पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनायी जबकि अनुभवी सरिता मोर शुरुआती दौर में अप्रत्याशित हार के बाद बाहर हो गई। हाल ही में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उन्हें चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती होगी।



हर्षिता ने फाइनल तक के सफर में सिर्फ तीन अंक गंवायें। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी। फाइनल में उनका मुकाबला चीन की कियान जियांग से होगा। भारतीय टीम को हालांकि 2021 विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सरिता की हार से बड़ा झटका लगा। सरिता अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगोलिया की गंटुया एनखबत से 4-8 से हार गईं। 28 साल की यह खिलाड़ी इस श्रेणी में पदक की प्रबल दावेदार थी। सरिता को हराने के बाद एनखबात अपना सेमीफाइनल हार गईं, जिससे भारतीय पहलवान के लिए रेपेचेज का रास्ता बंद हो गया। मनीषा भानवाला (62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (65 किग्रा) कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## मुक्केबाजी में ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पंघाल भारतीय टीम में शामिल

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है । भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा । विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है।

राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच (57 किलो ) को भी टीम में जगह मिली है । हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63 . 5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है । अभी तक निकहत जरीन (50 किलो ), प्रीति पंवार (54 किलो ) परवीन हुड्डा (57 किलो ) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ) ही ओलंपिक कोटा हासिल कर सकी हैं। महिला वर्ग में अंकुशिता बोरो इटली में 66 किलो में कोटा हासिल नहीं कर सकी जो 60 किलो में उतरेंगी ।



पीएम ने होशंगाबाद में रैली को संबोधित किया

# इतने सालों तक शाही जादूगर कहां छिपा था : पीएम मोदी

होशंगाबाद ▪ एजेंसी

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है। इस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में एक रैली को संबोधित करने पहुंचे। वहां पीएम मोदी ने कहा, 'आग देश में नहीं बल्कि उनके (कांग्रेस के) दिलों में लगी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'इतने सालों तक यह शाही जादूगर कहां छिपा था?'



### आग देश में नहीं, उनके दिलों में लगी है

पीएम मोदी ने कहा, 'अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है... मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। ये 2014 में भी बोलते थे... कभी आग लगी क्या? ये 2019 में भी बोलते थे... आग लगी क्या? ये राम मंदिर के लिए बोलते थे... कभी आग लगी क्या? ये 370 के लिए भी बोलते थे... आग लगी क्या? भाइयों-बहनों... आग देश में नहीं, आग-जलन उनके दिलों में लगी है। ये जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि उन्हें अंदर से जलाती रहती है।'

**ऐसे छटपटा रहे हैं जैसे :** पीएम मोदी ने आगे कहा, 'ये जलन मोदी के कारण नहीं है, ये जलन 140 करोड़ लोगों को मोदी के प्रति प्रेम के कारण है। वो यह प्रेम भी सहन नहीं कर पा रहे हैं। ये लोग दस साल से सत्ता से बाहर हैं, दस साल में ऐसे छटपटा रहे हैं जैसे इनका सबकुछ लुट गया। जैसे उनकी भावी पीढ़ियों का सब लुट गया। कांग्रेस वाले अगर यही कारनामे करते रहेंगे न... तो यह जलन उनको इतनी जला देगी कि देश आगे कभी मौका देने को तैयार नहीं होगा।'

### मोदी की गारंटी वहां से शुरु होती है, जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है

कांग्रेस पर अटैक करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मोदी की गारंटी वहां से शुरु होती है, जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है। इसलिए हताश कांग्रेस ऐसी घोषणाएं कर रही है जो खुद कांग्रेस के नेताओं को नहीं समझ आ रहा है। कांग्रेस के शहजादे ने अभी घोषणा की, आप भी सुनकर हंसोगे। मैं सुनाऊं? आपको जोर से हंसना पड़ेगा। उन्होंने घोषणा कि एक झटके में देश की गरीबी हटा दूंगा। अब बताओ भाई... हंसी आएगी या नहीं? ऐसे लोगों पर कोई भरोसा करेगा क्या? अरे देश पूछ रहा है कि आखिर यह शाही जादूगर इतने सालों तक कहां छिपा था।' पीएम मोदी की यह बात सुन वहां मौजूद लोग हंसने लगे। पीएम मोदी ने रैली में कहा, '2014 से पहले दस साल इन्होंने रिमोट से सरकार चलाई।

एक्शन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# बोरवेल में गिरे बच्चे की मौत के बाद एसडीओ-सीईओ सस्पेंड

रीवा ▪ एजेंसी

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में बोरवेल में गिरे मासूम की मौत के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ताबड़तोड़ ऐक्शन लिया है। सीएम ने एसडीओ और सीईओ को सस्पेंड कर दिया है। सीएम मोहन यादव ने एक्स पर इस बात की जानकारी दी है। सीएम ने एक्स पर लिखा, 'रीवा जिले के मनिका गांव में बोरवेल में गिरे मासूम बच्चे मयंक को प्रशासन के लगातार और अथक प्रयासों के बाद हम नहीं बचा सके। मन अथाह दुःख और पीड़ा से भरा है। ईश्वर दिवगंत आत्मा को शांति एवं परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पीड़ित बच्चे के परिजन को रेडक्रॉस की ओर से 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। दुःख की इस घड़ी में, मैं और मध्यप्रदेश सरकार मयंक के परिजन के साथ खड़े हैं। इस मामले में जवाबदेही तय करते हुए सीईओ जनपद त्योंथर एवं एसडीओ पीएचई त्योंथर को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मेरा आप सभी से अनुरोध है कि ऐसे बोरवेल को ढंक कर रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं को भविष्य में रोका जा सके।'

### 45 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन चला



आपको बता दें कि करीब 45 घंटे तक एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के बाद भी बोरवेल में गिरे 6 साल के मयंक को बचाया नहीं जा सका। बोरवेल में गिरे मयंक को रविवार को मृत अवस्था में बोरवेल से निकाला गया। जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत मनिका गांव में खेत में बने खुले बोरवेल में मयंक शुक्रवार को गिरा था। मासूम को बचाने के लिए हर तरह के प्रयास किए गए और उसे सकुशल बाहर निकालने के लिए लगभग 45 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन चला, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी बोरवेल के अंदर ही मौत हो गई। मृत अवस्था में उसे बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए त्योंथर अस्पताल ले जाया गया। यहां पर उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा। मध्य प्रदेश में अक्सर बच्चों के बोरवेल में गिरने की घटना सामने आती रहती है कई घटनाएं होने और शासन-प्रशासन की सख्त चेतावनी के बाद भी लोग बोरवेल को खुला रखने से बाज नहीं आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि हादसे वाले दिन यह मासूम बच्चा खेत में खेल रहा था और खेलते-खेलते वो गेहूं की बिखरी बाली बिनने लगा। इसी दौरान वो खेत में बने खुले बोरवेल में जा गिरा। यह बोरवेल करीब 70 फीट गहरा था। घटना की जानकारी लगने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। जिसके बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया गया था। मौके पर स्थानीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी सहित जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल और एसपी विवेक सिंह भी गए थे। उनकी निगरानी में लगातार बचाव कार्य किया जा रहा था। बच्चे को बचाने के लिए कई जेसीबी मशीनों से अगल-बगल खुदाई भी की जा रही थी साथ ही गड्ढे में ऑक्सीजन भी दिया जा रहा था और कैमरा लगाकर उसके मूवमेंट का पता लगाया जा रहा था।

## आग बुझाने दौड़े दो बरातियों की कुएं में गिरने से मौत

रतलाम ▪ एजेंसी

रतलाम जिले के सैलाना के निकट एक खेत में शादी की रस्म निभाने के दौरान की गई आतिशबाजी से खेत में आग लग गई। आग लगती देख आग को बुझाने के लिए दौड़े दो बरातियों की बिना मुंडेर के कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। दोनों मृतकों में से एक युवक का शव रात को ही निकाल लिया गया था जबकि दूसरे युवक का शव सुबह रतलाम एसडीआरएफ की टीम ने निकाला।



सैलाना के समीप ग्राम भैंसाडाबर में शनिवार को बद्रीलाल निनामा की बेटी की शादी थी। इसके लिए गोविंद डिंडोर की बरात पिपलौदा तहसील के गांव बड़ौदा से बद्रीलाल निनामा के घर जा रही थी। गांव से कुछ दूरी पर बरात रोककर दूल्हे से खेजड़ी काटने की रस्म निभाई जा रही थी। इस दौरान दूल्हे के परिजन ने आतिशबाजी की, जिससे निकली चिंगारी गेहूं के खेत में पहुंच गई और खेत में आग लग गई। आग लगती देख बरात में शामिल अजय बामनिया और विनोद निंबड़वा आग बुझाने के लिए दौड़े। इस दौरान अचानक वे बिना मुंडेर के कुए में जा गिरे। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना 100 डायल को सूचना दी गई। सूचना पर सैलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बरातियों व ग्रामीणों की मदद से रस्सी के सहारे कुएं में उतरकर अजय बामनिया को बाहर निकाला। एम्बुलेंस से उसे तुरंत सैलाना अस्पताल भेजा गया। अजय के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

## टीवी डिबेट शो में कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता भिड़े

जबलपुर ▪ एजेंसी

मध्य प्रदेश के जबलपुर में शनिवार रात एक टीवी न्यूज चैनल के डिबेट शो के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले और एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गईं, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। मारपीट और कुर्सियां फेंके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



बताया जा रहा है कि जबलपुर शहर के भंवरताल पार्क में एक टीवी डिबेट शो चल रहा था। इस शो में भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान एक प्रश्न के जवाब को लेकर दोनों पक्षों में बहस हो गई और बात इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते मारपीट और हंगामा शुरू हो गया। इस मारपीट में दोनों ओर के कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर ओमती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जबलपुर शहर के भंवरताल इलाके में टीवी डिबेट शो के दौरान भाजपा विधायक अभिलाष पांडे और कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय सक्सेना समेत दोनों दलों के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। किसी प्रश्न को लेकर हो रही बहस ने विवाद का रूप ले लिया।



बदायूं में भी तीसरी बार बदला सपा प्रत्याशी

# इस बार चाचा की ही चली, अखिलेश से बेटे आदित्य को दिलवाया टिकट

बदायूं ▪ एजेंसी

सपा ने कई सीटों पर अपने उम्मीदवारों को बदला है। इसमें बदायूं लोकसभा सीट भी शामिल है। बदायूं में सपा ने सबसे पहले धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन धर्मेंद्र का इस सीट से टिकट काटकर उनकी जगह शिवपाल यादव को उम्मीदवार बनाया और धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ उम्मीदवार घोषित कर दिया। पिछले दिनों संभल में दौरे के दौरान शिवपाल ने गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के बबराला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने नहीं लड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने अपनी जगह बेटे आदित्य के उतरने का ऐलान भी कर दिया था। शिवपाल ने तब कहा था कि इस पर राष्ट्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। हालांकि तभी माना जा रहा था कि शिवपाल की इतनी छोटी मांग को सपा प्रमुख अखिलेश यादव मान ही लेंगे।

चुनाव के समय किसी प्रकार का विवाद वह नहीं चाहेंगे। इसके अलावा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी आदित्य यादव के नाम का प्रस्ताव रखा था और फिर उनके नाम का प्रस्ताव पास करके पार्टी हाई कमान के लिए भेजा गया। इस प्रस्ताव को पास कराने के लिए शिवपाल यादव ने पूरी ताकत झोंक दी। रविवार को सपा की जो लिस्ट आई उससे साफ हो गया कि इस बार सपा प्रमुख की जगह चाचा शिवपाल यादव की ही चली। बदायूं में सपा ने शिवपाल की जगह आदित्य के नाम की घोषणा कर दी। इसके बाद सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। आदित्य अब 15 अप्रैल को कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन भी कराएंगे। हालांकि दो दिन पहले सपा के जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने आदित्य यादव के नाम का पर्चा खरीदा था तभी जिलाध्यक्ष ने प्रत्याशी आदित्य यादव होने की घोषणा की थी। अब लोकसभा चुनाव 2024 का दंगल रोमांचक हो जायेगा और योद्धा जमकर चुनावी जंग को लड़ेंगे।

### अखिलेश की पीढ़ी में आदित्य नहीं उतरे हैं मैदान में



मुलायम परिवार में अखिलेश की पीढ़ी वाले अक्षय यादव, धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव व अर्पणा यादव जहां लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। अर्पणा को छोड़ सभी कभी न कभी जीते भी हैं। यही नहीं मुलायम के पौत्र व अखिलेश के भतीजे तेज प्रताप को भी मैनपुरी उपचुनाव लड़ कर सांसद बनने का मौका मिल गया। वहीं आदित्य यादव को अभी तक न विधानसभा का चुनाव लड़ने का मौका मिला और न लोकसभा का। पार्टी ने पहले धर्मेंद्र यादव को बदायूं से टिकट तय किया था लेकिन बाद में पार्टी ने फैसला बदला और धर्मेंद्र यादव बदायूं की बजाए आजमगढ़ से चुनाव लड़ने भेज दिया। धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ से पिछला उपचुनाव लड़े थे लेकिन हार गए थे। पार्टी ने इस बार बसपा के प्रमुख नेता शाह आलम गुड्डू जमाली को उतार कर समीकरण अपने पक्ष में करने की कोशिश की।

### कौन हैं आदित्य यादव

सपा प्रत्याशी आदित्य यादव का जन्म 12 जून 1988 को हुआ था वह 35 वर्ष के हैं। वह सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव के बेटा हैं। उनकी शादी वर्ष 2016 में राज लक्ष्मी सिंह यादव के साथ हुई थी। आदित्य का पूरा परिवार राजनीति से जुड़ा है। ताऊ और चाचा मुलायम सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, अभय राम यादव, रतन सिंह यादव हैं। उनके दादा सुघर सिंह यादव और दादी मूर्ती देवी हैं।

**राजघराने से हुई है शादी :** सपा नेता शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव की शादी राजघराने की बेटी राजलक्ष्मी सिंह से शादी हुई। राजलक्ष्मी राजपुताना मैहर स्टेट की राजकुमारी रहीं हैं। उनके पिता का नाम संजय सिंह और मां का नाम शारदा कुंवर सिंह है। आदित्य यादव की पत्नी राजलक्ष्मी के नाना राजा कुंवर नारायण सिंह जूदेव तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। बताया जाता है कि मैहर में प्रसिद्ध शारदा देवी के मंदिर का जीर्णोद्धार इसी परिवार ने कराया था। राजलक्ष्मी सिंह ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से एमए किया है।

## भाजपा ने 10 फीसदी भी वादे पूरे नहीं किए : तिवारी



लखनऊ ▪ एजेंसी

भाजपा के घोषणा पत्र पर राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा ने पिछले चुनाव में किए गए 10 फीसदी वादे भी पूरे नहीं किए हैं। हर परिवार को 15 लाख रुपये, प्रति वर्ष दो करोड़ नौजवानों को रोजगार के हिसाब से 10 साल में 20 करोड़ नौजवानों को रोजगार देने, किसानों की आय दोगुनी करने आदि का वायदा पूरा तो नहीं हुआ बल्कि किसानों पर कर्ज जरूर बढ़ गया है। तिवारी ने कहा कि चार जून के पहले ही भाजपा ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली है। संकल्प पत्र की गारंटी में किसान, नौजवान, शिक्षा, चिकित्सा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मामलों पर खामोशी है।

इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रवक्ता डॉ. सीपी राय, मनीष श्रीवास्तव व प्रियंका गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में जनहित के लिए कुछ भी नहीं है। जो सरकार पिछले 10 सालों से सत्ता में है, उसे घोषणा पत्र जारी करने के पहले अपने द्वारा किए गए कार्यों का एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।



## प्रयागराज में भाजपा के त्रिपाठी को टक्कर देंगे कांग्रेस के उज्जवलसिंह

लखनऊ ▪ एजेंसी

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह को रविवार को इलाहाबाद सीट (प्रयागराज) से अपना उम्मीदवार घोषित किया। रमण सिंह का मुकाबला भाजपा के उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी से होगा। प्रयागराज की पूर्व रियासत 'बरांव' मुखिया व वरिष्ठ समाजवादी नेता कुंवर रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह अभी हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके पहले वह समाजवादी पार्टी में थे और पिता की परंपरागत करछना सीट से विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रह चुके हैं। वह 2022 के विधानसभा चुनाव में पराजित हो गये थे। इलाहाबाद में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस तथा तृणमूल कांग्रेस उत्तर प्रदेश में मिलकर चुनाव लड़ रही हैं, जहां 17 सीटों पर कांग्रेस, वहीं सपा 62 सीट पर और तृणमूल कांग्रेस एक सीट भदोही में चुनाव लड़ रही है। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में उज्जवल रमण सिंह का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी से होगा। नीरज त्रिपाठी पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिवंगत केसरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र हैं।

# पल्लवी की पार्टी के सिंबल पर ही चुनाव लड़ेंगे ओवैसी के उम्मीदवार

लखनऊ ▪ एजेंसी

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) से मुकाबला करने के लिए ' पिछड़ा, दलित, मुस्लिम' (पीडीएम) न्याय मोर्चा का गठन करने वाले एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी यूपी में खुद के सिंबल पर प्रत्याशी नहीं उतारेंगे । चुनाव के लिए तैयार प्लान के तहत ओवैसी की पार्टी के उम्मीदवार अपना दल (कमेरावादी) के सिंबल पर ही चुनाव मैदान में उतरेंगे। ओवैसी के करीब एक दर्जन उम्मीदवारों को पल्लवी की पार्टी से ही लड़ाने की तैयारी है। ये प्रत्याशी उन सीटों पर ही चुनाव लड़ेंगे, जिन सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक होगी।

बता दें कि सपा के सिंबल पर चुनाव जीतने वाली अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल और एआईएमआईएम चीफ ने मिलकर पीडीएम न्याय मोर्चा का गठन किया है। साथ ही दोनों नेताओं ने इस मोर्चे के जरिए वह भाजपा के साथ ही यूपी में मुख्य विपक्षी सपा को भी कड़ी चुनौती देने का एलान किया है। इसलिए दोनों नेताओं ने कम से कम तीन दर्जन सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान किया है। सूत्रों के मुताबिक प्लान के तहत मोर्चा ने उन सीटों पर सपा को घेरने की रणनीति तैयार की है, जिन पर सपा की जीत हुई थी और जिन सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या निर्णायक साबित होती रही है।

सूत्रों की मानें तो इस बार ओवैसी



एआईएमआईएम के सिंबल पर प्रत्याशी नहीं उतारेंगे। अलबत्ता उनके पसंद के उम्मीदवारों को अपना दल (कमेरावादी) के सिंबल पर जरूर लड़ेंगे। यह भी तय किया गया कि अब चरणवार उम्मीदवार उतारे जाएंगे। फिलहाल मोर्चा ने फिलहाल तीसरे पांचवें और सातवें चरण में शामिल 7 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। जल्द ही अन्य सीटों पर भी उम्मीदारों की सूची जारी की जाएगी।

**ओवैसी प्रचार करेंगे :** सूत्रों का कहना है कि एआईएमआईएम अपने सिंबल पर भले ही उम्मीदवार नहीं उतारेगी, लेकिन एआईएमआईएम चीफ ओवैसी यूपी में चुनावी रैली और जनसभाएं करने आएंगे। जल्द ही उनके चुनावी कार्यक्रम तय करके भेजा जाएगा। वहीं, कई स्थानों पर पल्लवी पटेल और ओवैसी की संयुक्त सभा कराने का भी कार्यक्रम तैयार किया गया है।

### सपा को मिलेगी चुनौती?

असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल के बीच हुए सियासी करार में मुस्लिमों के वोट को लेकर स्पष्ट संदेश दिया गया है। अपना दल कमेरावादी के नेता जेपी पटेल कहते हैं कि उनकी नेता पल्लवी पटेल ने पीडीए में पिछड़ा और दलित के साथ "अल्पसंख्यको" का नाम देकर बहुत कुछ घालमेल कर दिया था। जेपी कहते हैं कि असल में पीडीए की जगह पर इसका असली नाम उनके नेता पल्लवी पटेल और असदुद्दीन ओवैसी ने पीडीएम रख कर दुरुस्त किया है।

शतचंडी महायज्ञ : हजारों ग्रामीण हुए शामिल

# ढाई लाख दीपकों की रोशनी से चमका मां का दरबार

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

चैत्र नवरात्र के अवसर पर भैंसवामाता पहाड़ी पर चल रहे शत चंडी महायज्ञ के पांचवें दिन दीपोत्सव आयोजित किया गया। शाम होते ही 108 हवन वेदियों के साथ पूरा हवन पंडाल और पहाड़ी ढाई लाख से अधिक दीपक से जगमगा उठी। दीपोत्सव के दौरान शानदार आतिशबाजी भी की गई।

सारंगपुर से 20 किलोमीटर दूर बिजासन मंदिर भैंसवामाता पर शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन शनिवार रात्रि दीपोत्सव मनाया गया। दीपोत्सव में शतचंडी महायज्ञ में शामिल होने वाले यजमानों के परिवार सहित भैंसवा कलाली, हराना, दराना, भोनीपुरा, पाड़ल्या सहित आसपास के कई गांव के महिला- पुरुष शामिल हुए। शाम होते ही मंदिर परिसर, नक्षत्र वाटिका, हवन परिसर सहित पूरी पहाड़ी पर 2 लाख 51 हजार दीपक प्रज्वलित कर आतिशबाजी की गई। इसके पहले वर्षा हुई और वर्षा के बाद ही दीपदान किया गया। जिससे पूरी पहाड़ी जगमगा उठी। बता दें तीसरे 108 कुंडीय महायज्ञ में जहां दिन में यजमान आहुतियां दें रहे हैं।

वही भव्य दिव्य मंदिर निर्माण के साथ एक वैदिक पाठशाला, भव्य शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सत्संग हाल, संत कुटिया सहित पार्किंग जोन बनाकर इस धाम को विश्व पर्यटन की दृ ष्टि से प्रदेश का पहला शक्तिपीठ बनाए जाने की श्रद्धालुओं की मंशा है। इसी के लिए देव आह्वान हेतु यहां विगत वर्षों से यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वहीं नवरात्र के चलते मंदिर में भारी भीड़ उमड़ रही है। रोजाना देशभर से हजारों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इस मौके पर मंत्री गौतम टेटवाल एवं उनकी पत्नी रेखा टेटवाल, जपं अध्यक्ष देवनारायण नागर, पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, नपा उपाध्यक्ष भावना वर्मा, हेमराज नागर, राजेश भंडारी, अखिलेश जोशी, नितेश नागर, चरण नागर, सरपंच कुलदीप नागर सहित अन्य उपस्थित थे। जबकि प्रशासन की ओर से सुरक्षा में तहसीलदार मनोज शर्मा, लीमाचौहान थाना प्रभारी अनिल राहोरिया सहित अन्य उपस्थित थे।







**विवाह दो काया का नहीं दो कुलों का मिलन है : पं. मनावत** – मां बिजासन धाम भैंसवा में चल रही रामकथा में भगवान श्रीराम और जानकी का विवाह धूमधाम से मनाया गया। 108 कुंडीय शतचंडी यज्ञ और रामकथा के विराट आयोजन में भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक पं. श्याम मनावत ने राम- जानकी विवाह के अवसर पर कहा कि विवाह दो तन का नहीं दो मन का मिलन है। विवाह दो व्यक्ति का नहीं दो विचारों का समागम है। विवाह दो शरीर का नहीं दो परिवार की परंपरा का मिलन है। विवाह दो काया का नहीं दो कुलों का मिलन है। पं. मनावत ने विवाह की विशेषता बताते हुए कहा कि विवाह सस्कार में वर और वधु पक्ष की तीन-तीन पीढ़ी के नाम का उल्लेख होता है। दुल्हन व दूल्हा के पिता, दादा और परदादा का नाम लिया जाता है। अर्थात दोनों पक्ष दोनों कुलों को भली भांति समक्ष लें। जहां दो नदियां मिलती हैं उसे प्रयाग कहते है परंतु विवाह में भी दो परिवार का मिलन है इसलिए परिणय भी प्रयाग के समान है।

## दो क्विंटल गुड़ और थूली से बनी स्वादिष्ट लापसी का किया वितरण



राजीव टाइम्स ▪ झाबुआ

अखिल समाजसेवा दल द्वारा स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित सद्गुरु गौशाला में चैत्र नवरात्र पर 13 अप्रैल, शनिवार शाम 5 बजे से गौ-आहार का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें गौ-माताओं 2को क्विंटल से अधिक गुड़-थुली से बनी स्वादिष्ट लापसी खिलाकर पुण्य-अर्जन किया। इससे पूर्व गौ-माता एवं बछड़े की पूजन भी की गई।

समापन पर सभी ने समाजसेवा के क्षेत्र एवं बालिकाओं के लिए कार्य करने हेतु संकल्प भी दोहराया। उक्त कार्यक्रम के लाभार्थी श्वेताम्बर जैन समाज के युवा रिंकू रूनवाल एवं स्व. अनिल नायक की स्मृति उनके सुपुत्र हिमांशु नायक रहे। कार्यक्रम संयोजक अखिल समाजसेवा दल के राष्ट्रीय सलाहकार यशवंत भंडारी रहे। प्रारंभ में गौ-माता एवं बछड़े की पूजन की गई। पूजन ब्राह्मण समाज से अश्विन शर्मा ने संपन्न करवाई। बाद सभी ने भगवान श्रीराम, भारत माता एवं गौ-माता के जयकारे भी लगाए।

पश्चात सभी ने गौ-माताओं को स्वादिष्ट आहार लापसी के साथ हरी सब्जियां भी खिलाई। कार्यक्रम में अखिल समाजसेवा दल के पदाधिकारियों में चेतना चौहान, रेखा शर्मा, भारती राठौर, वंदना व्यास, सुजाता जायसवाल, शांति वसुनिया दंपति, प्रदीप पंड्या, विनोद गुप्ता, दौलत गोलानी, धुरू रूनवाल, जिनानश भंडारी, परी, प्रियांश रूनवाल आदि उपस्थित थे।

## भगवान परशुराम जन्म उत्सव के संबध में बैठक आज

**सारंगपुर**। भगवान परशुराम जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाए जाने के संबंध में एवं तीनों नवीन अध्यक्ष द्वारा नवीन कार्यकारिणी के गठन के संबंध में एक आवश्यक बैठक सोमवार को रात्रि 8 बजे वटकेश्वर महादेव मंदिर गांधी चौक सारंगपुर में रखी गई है। उक्त जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि बैठक में सभी समाजजन सादर आमंत्रित है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी समाज आवश्यक रूप से पधार कर भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी में अपना अमूल्य अभिमत प्रदान करें।

## अभा अनुसूचित जाति परिषद ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती



**देवास**। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद द्वारा जिलाध्यक्ष रश्मि पांडेकर के नेतृत्व में रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ उज्जैन रोड स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व बाबा साहब द्वारा बताए गए सतमार्गों पर चलने का संकल्प लेते हुए मनाई गई। इस दौरान सभा भी हुई, जिसमें पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विक्रम सिंह देवड़ा, मुन्ना सरकार, पत्रकार राजेश मालवीय, हेमराज गोखले, सुशीला चौहान, मदनलाल जेठवा, बाबूलाल गुजराती, देवकरण सोलंकी, जगदीश परमार सहित बड़ी संख्या में परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोकमान्य तिलक मंडल शक्ति केंद्र शिकारपुरा पर मनाई बाबा साहेब की जयंती



**बुरहानपुर**। आज भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 133वें जन्मदिन पर लोकमान्य तिलक मंडल में शक्ति केंद्र शिकारपुरा के भीम नगर बूथ क्रमांक 76 पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज माने ने बाबा साहब के जीवन परिचय के बारे में बताया एवं उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में लोकमान्य तिलक मंडल अध्यक्ष अक्षय मोरे, कैलाश पारीक, नरेश हंसनंदनी, पार्षद हेमेंद्र महाजन, किशोर राठौर, अमित वरूडे, विशाल परीवाले, अशोक रावाये एवं सभी अनुसूचित जाति समाजजन उपस्थित थे।

## पं. दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र पर कन्या पूजन एवं कन्याभोज का हुआ आयोजन

राजीव टाइम्स ▪ देवास

चैत्र नवरात्र के पावन उपलक्ष्य में पं. दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र बावड़ियां में कन्या पूजन एवं कन्याभोज का आयोजन किया गया। संस्था मिशन अन्नपूर्णा ने बस्तियों में रहने वाली छोटी बच्चियों को रसोई पर बुलवाकर उन्हें माता का रूप मान उनका पूजन कर उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराकर माता की आराधना की। रसोई संचालक पं. रितेश उपाध्याय ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से गरीब बस्तियों में कार्य कर रही है। हर वर्ष बस्तियों से छोटी कन्याओं को ससम्मान रसोई केंद्र पर लाकर उन्हें माता स्वरूप मानकर उनकी पूजा कर आशीर्वाद लिया जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रेस क्लब अध्यक्ष अतुल बागलीकर, सचिव शेखर कौशल, शंभु अग्रवाल, पार्षद आलोक साहू, देवेन्द्र नवगोत्री, बंटी मगरोलिया, हरिओम सोनी, सत्यदेव विश्वकर्मा, विनोद माहेश्वरी, आयुष शर्मा, मनोज मालवीय, सचिन पंचोली, मुकेश राठौड़ आदि ने उपस्थित होकर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाया।



## दर्द से कराह रहे नंदी को गौरक्षा सेना ने दिलाई राहत

**शाजापुर**। कई दिनों से काशीनगर में एक नंदी टीन का डिब्बा मुंह में फंसाए दर्द से कराह रहा था। सूचना मिलने पर गौरक्षा सेना ने उसे इस समस्या से राहत दिलाई। इसके पहले गौरक्षा सेना के सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे काबू किया। इसके बाद उसका उपचार किया जो सफल रहा। शनिवार रात को गौ रक्षा सेना के सदस्यों को नंदी के बारे में काशीनगर के लोगों ने बताया। इसके बाद से ही उसे पकड़ने और उसका उपचार करने के लिए गौरक्षक दर-दर भटक रहे थे। रविवार को भी गौरक्षकों ने अपने प्रयास जारी रखे और काफी प्रयासों के बाद गौ रक्षा सेना के सदस्य आयुष शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, रेस्क्यू स्पेशलिस्ट अशोक खींची ने रेस्क्यू कर उसे तालाब की पाल के सामने हनुमान मंदिर के पीछे गुलाब कॉलोनी में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद नंदी के मुंह में फंसे टीन के डिब्बे को निकालने का प्रयास किया जो इतना भी असान नहीं था। क्योंकि सिलोचन का डिब्बा होने के कारण वह उसके मुंह में चिपक गया था जिससे नंदी के मुंह में घाव हो गया था। जिसे गौरक्षकों ने काटकर बाहर निकाला। इसके बाद नंदी के घाव का उपचार किया। इस मौके पर गौरक्षा सेना के अशोक खींची, आयुष शर्मा, सुमित गोस्वामी, विजय कावड़िया, अजय, कान्हा गवली, सुमित योगी आदि का सराहनीय योगदान रहा।





नवरात्र मेले में कलेक्टर ने दिलवाई मतदाता जागरुकता की शपथ

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भरे संकल्प पत्र, ली शपथ

**शाजापुर**। मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध माता राज राजेश्वरी मंदिर प्रांगण में गत दिवस रात्रि महाआरती के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋजु बाफना द्वारा उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते हुए 13 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत आम लोगों से स्वीप टीम द्वारा भरवाए जा रहे संकल्प का भी अवलोकन करते हुए स्वयं भी संकल्प पत्र भरा। मंदिर प्रांगण में मतदाता जागरूकता के लिए एक विशाल रंगोली स्वीप टीम द्वारा बनाई गई थी, जिसका अवलोकन भी कलेक्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसपी यशपालसिंह राजपूत, सहायक कलेक्टर शिवम यादव, मयंक चांदीवाल, राजेन्द्र शिप्रे, केके अवस्थी, योगेश भावसार, बालेन्द्र श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, देवेंद्र पाठक, रजनीश महिवाल आदि उपस्थित रहे।

एक लाख से अधिक भक्तों ने किए माता के दर्शन

## मां बगलामुखी के दरबार में रविवार को भक्तों का उमड़ा सैलाब

राजीव टाइम्स ▪ नलखेड़ा



विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी में चैत्र नवरात्र के छठे दिवस रविवार को मां के आंगन में आस्था का महाकुंभ देखने को मिला। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर मां के दर्शन करें। दर्शन के लिए भक्तों को काफी इंतजार करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी। इस दौरान लगभग 1 लाख से अधिक भक्तों ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई। हवन कुंड पर भी भक्तों को हवन- अनुष्ठान करने के लिए इंतजार करना पड़ा।

रविवार को अल सुबह मंगला आरती के बाद से ही मां बगलामुखी के दरबार में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। जैसे- जैसे समय बीतने लगा वैसे- वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई। देर शाम तक 1 लाख से अधिक श्रद्धालु माता के दर्शनार्थ के लिए माता मंदिर पहुंचे।

यहां पहुंचे भक्तों ने मां के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख, शांति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति हेतु हवन - अनुष्ठान भी किए। मंदिर समिति द्वारा 80 से अधिक हवन कुंड बनाए गए थे। जहां पर भी भक्तों को हवन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई वीआईपी भी हवन के लिए इंतजार करते देखे गए।



मां के दर्शनों का दौर देर रात तक चलता रहा, मंदिर के बाहर नाले के समीप बने मुख्य द्वार से लेकर सिंहद्वार तक भक्तों की लंबी- लंबी कतारें लगी हुई थीं। भक्त मां की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहे थे। नवरात्र के दौरान भक्तों का गर्भगृह में प्रवेश बंद होने से भक्तों को बाहर से ही माता रानी के दर्शन हो रहे हैं।

**देश की कई हस्तियां पहुंच रही माता मंदिर** – चैत्र नवरात्र के दौरान माता मंदिर पर देश की कई राजनीतिक हस्तियों के साथ न्यायिक क्षेत्र व प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, फिल्मी दुनिया तथा टीवी से जुड़े कलाकार, वरिष्ठ चिकित्सक भी माता मंदिर पहुंच रहे हैं, जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष हवन - अनुष्ठान विधि-विधान के साथ किए जा रहे हैं।

**कई स्थानों को बनाया गया पार्किंग स्थल** – रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में चौपाहिया वाहनों के साथ दो पहिया वाहन एवं बसों के माध्यम से माता भक्त मंदिर पहुंचे थे। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा वाहनों के लिए निर्धारित स्थानों पर पार्किंग बनाई गई थी। ईदगाह के सामने वाली पार्किंग फूल हो जाने पर प्रशासन द्वारा पीतांबरा कॉलोनी और वहां भी पार्किंग फूल होने पर ग्राम गुदरावन के समीप से नदी मार्ग पर बनाई अस्थाई पार्किंग पर वाहनों को रोका गया उसके बाद भी भक्तों का सैलाब चारों ओर दिखाई दे रहा था। भक्तों को जहां जगह मिली वहां गाड़ी पार्क की और वहां से माता के दर्शन के लिए पैदल ही मंदिर पहुंचने लगे।

सेहत से खिलवाड़

प्रशासन को करनी होगी कार्रवाई, ताकि लोगों का खराब न हो स्वास्थ्य

# नाले के गंदे पानी से उगाई जा रही सब्जियां, सेहत के लिए खतरनाक

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानी जाने वाली हरी सब्जियां बीमारियां भी दे सकती हैं। पड़ाना कस्बे में कांकरिया रोड पर मुक्तिधाम के सामने से निकले गंदे नाले के पानी से सब्जी उगाई जा रही है। जो कि बाजार में बेची जा रही है। नाले के गंदे पानी से सींचकर उगाई जा रही सब्जी अपने साथ तमाम बीमारियों के जीवाणु लोगों के घरों तक पहुंचा रही हैं। हरी सब्जी से अच्छी सेहत की उम्मीद लगा रहे लोगों के लिए यह सब्जी घातक साबित हो सकती है।

**सेहत से नहीं, मुनाफे से मतलब** – कस्बे में नाले के पानी से सब्जी उगाने का यह गोरखधंधा यहां सालों से चल रहा है, लेकिन आज तक प्रशासन या संबंधित विभाग की नजर इस पर नहीं पड़ी है। पड़ाना के अलावा शहर व आसपास के इलाकों में नाले किनारे खेती हो रही है। किसान नालों में ही मोटर डालकर सीधे पानी खींचते हैं, जबकि कुछ तो पाइप बिछाकर नाले के पानी को आधा किलोमीटर दूर तक ले जाते हैं। गंदे पानी से सब्जियों के साथ खेतों की मिट्टी भी दूषित हो रही है। सब्जी किसानों को सेहत से नहीं, मुनाफे से मतलब है।

**बाजार में बिक रही सब्जी** – पड़ाना में कांकरिया रोड पर कुछ किसानों द्वारा सब्जी की खेती की जा रही है। वर्तमान में यहां गोभी, बेंगन, टमाटर, पालक, हरी मिर्च आदि सब्जी लगी होने की जानकारी है। यह सब्जी कस्बे सहित शहर के बाजार में बेची जाती है। जिसे लोग हरी और ताजी मानकर खरीदते हैं, जबकि इसमें गंदे पानी के तमाम अवगुण मिले होते हैं। नाले के पानी से कई तरह की बीमारियां होती हैं। इसके उपयोग से पैदा की जा रही सब्जियों से भी ऐसी घातक बीमारियां हो सकती हैं। ऐसी सब्जियां जो बिना पकाए सीधे खाई जाती हैं, उनसे अधिक खतरा रहता है। जैसे टमाटर, हरी मिर्च, प्याज आदि का उपयोग सलाद के रूप में किया जाता है। ये सब्जियां अधिक नुकसान करती हैं। किसानों की मानें तो नाले का पानी फसलों के लिए रामबाण साबित होता है। इस पानी से रासायनिक खादों का छिड़काव कम करना पड़ता है और फसल भी कम समय में तैयार हो जाती है। खेत की मिट्टी में इस पानी से उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इससे हर फसल व सब्जी इसी पानी से उगाई जाती है। इससे फसल का उत्पादन अच्छा होने से किसानों को ज्यादा फायदा मिलता है तथा सिंचाई और खाद का खर्चा भी कम देना पड़ता है।



**हर रोज सैकड़ो किलो सब्जी पहुंचती मंडी** – शहर के आसपास नालों के पानी से उगाईं गईं सैकड़ों किलो सब्जी प्रतिदिन एबी रोड किनारे स्थित सब्जी मंडी में बेची जाती है। यहां से यह सब्जी फुटकर विक्रेता खरीदकर बाजार में लाते हैं। यहां ठेले वाले गली- मुहल्लों में बेचते हैं। लेकिन यह सब्जी लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही है। इसकी जानकारी न विक्रेताओं को है और न ग्राहकों को।



**लीवर संबंधी रोगों का रहता है खतरा** – घरों से निकले मल-मूत्र जैसे अपशिष्ट को बहाने वाले नालों के पानी में घुले लेड से हड्डियां कमजोर पड़ने के साथ ज्वॉइंडिस का खतरा बढ़ जाता है, जबकि आर्सेनिक लीवर के लिए स्लो पॉयजनाबित होता है। कास्टिक की अधिकता किडनी को प्रभावित करती है। गंदे पानी में हैवी मेटल होते हैं जो मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। हालांकि गंदे पानी से उग रही सब्जी का उपयोग के दुष्परिणाम तत्काल सामने नहीं आते तथा धीरे-धीरे बीमारी जन्म लेती है।

**• डॉ. मनीष चौहान, सिविल अधीक्षक, सिविल अस्पताल, सारंगपुर**

**कैंसर होने की संभावना भी बढ़ जाती है** – दूषित पानी से सिंचित हरी सब्जियों का सेवन लंबे समय तक करने से कैंसर होने की संभावना होती है। ऐसी सब्जियों में कई रोगजनक माइक्रोन्यूट्रिएंट की मात्रा शामिल हो सकती है। ऐसी सब्जियों का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

**• डॉ. अंकित यादव, शिशि रोग विशेषज्ञ, सिविल अस्पताल, सारंगपुर**

**पानी दूषित हो जाता है** – नाले का पानी फसलों के लिए लाभदायक होता है। इससे सिंचाई करने से खादों का कम प्रयोग करना पड़ता है, लेकिन नालों में पानी दूषित हो जाता है और इस पानी से उगी सब्जियां सेहत के लिए खतरनाक हैं। इनके सेवन से फेफड़े के रोग, टीवी, हाई ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसी बीमारी जन्म ले सकती हैं।

**• एसके उपाध्याय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सारंगपुर**

**कठोरतम कार्रवाई करेंगे** – आपके माध्यम से मुझे जानकारी मिली है। हम जल्द टीम बनाकर जहां भी सब्जियां उगाई जा रही हैं, उसकी जांच करवाकर कठोरतम कार्रवाई करेंगे।

**• संजय उपाध्याय, एसडीएम, सारंगपुर**

## शॉर्ट न्यूज़

### हिंसक पशुओं को लेकर मानवाधिकारी सक्रिय, जमीन स्तर पर प्रशासन निष्क्रिय

**गंधवानी।** विगत पांच दिन पूर्व गंधवानी व ग्रामीण इलाकों में हिंसक पशुओं के आक्रमक होकर नगर में दो- तीन श्वान ने 50 लोगों से भी अधिक को काट लिया था। साथ ही ग्राम बेकल्या में हिसंक जानवर ने चार युवक को घायल कर दिया था, जिसको लेकर भोपाल मानवाधिकार आयोग ने जिला कलेक्टर डीएफओ को नोटिस भेजकर 15 दिन में जवाब मांगा है कि घायलों को दिए गए उपचार, उनकी वर्तमान स्थिति व मुआवजों के संबंध जानकारी चाही गई है। जिला कलेक्टर डीएफओ जिला पंचायत सीईओ सक्रिय भूमिका में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन जमीन स्तर पर प्रशासन खो-खो का खेल खेल रहे हैं। जिस किसी भी अधिकारी से बात करो तो वो पंचायत विभाग की बात करता है। ग्राम पंचायत सचिव से इस विषय को लेकर बात करो तो जवाब मिला कि हमारे पास कोई ऐसे साधन उपलब्ध नहीं है, जिससे श्वानों का रेस्क्यू किया जाए। खूब से खूब पागल श्वान का पता चले तो उससे पकड़ने या मारने का काम कर सकते हैं। जबकि नगर की जनता का यह कहना है कि दो दिन में पागल श्वान ने 50 से अधिक इंसानों को हाथ पैर में काटा है उसका तो पता चल गया पर कितने जानवरों को काटा होगा उसकी जानकारी किसे है।

### रिहायशी मकान से 65 पाव विदेशी मदिरा जब्त, एक धराया

**देवास।** आबकारी विभाग के दल ने वृत्त देवास ब में मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा भोंसले कॉलोनी देवास में एक रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 65 पाव विदेशी मदिरा व्हिस्की बरामद हुई तथा मौके से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसके पास मदिरा को अवैध रुप से संग्रह कर रखी हुई थी। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम का उलंघन होने से प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक निधि शर्मा, राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, उमेश स्वर्णकार, डीपी सिंह, दिनेश भार्गव, विजय कुचेरिया, कैलाश जामोद एवं आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, राजाराम रायकवार, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, राजेश जोशी, नितिन सोनी, दीपक टटवाड़े, निकिता परमार सम्मिलित थे।

### भाजपा अजा मोर्चा ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

**देवास।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती उज्जैन रोड तिराहा पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी, देवास विधायक गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, राजेश यादव, मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, संजय दायमा, ओम जोशी, बहादुर मुकाती, दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, सुभाष शर्मा, फूलसिंह चावड़ा, भारतसिंह पटलावदा, मनीष डांगी, पंकज घारु, संतोष पंचोली, भरत चौधरी, जुबेर लाला, पार्षद भूपेश ठाकुर, सोनू परमार, आलोक साहू, विजय सिंह, अजय चौहान सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ

**देवास।** केऔसुब अग्निशमन शाखा द्वारा बैंक नोट प्रेस देवास में 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। जिसके तहत सर्व प्रथम अग्नि दुर्धटना में कर्तव्य के दौरान शहीद हुए अग्निशमन दल के सदस्यों को स्मरण कर सीजीएम एस. महापात्र, जीएमके एन. महापात्र, बीएनपी संरक्षा अधिकारी अनुराग वर्मा, सहायक कमाण्डेंट अग्नि केजी सोमवंशी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा श्रद्धांजली दी गई। तत्पश्चात भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ बैंक नोट प्रेस देवास में तैनात सहायक कमांडेंट सहाय, कमाण्डेंट अग्नि केजी सोमवंशी द्वारा किया गया। तत्पश्चात आग से सुरक्षा एवं जीवन की रक्षा के संबंध में अग्निशमन सेवा पुस्तिका का विमोचन कर अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया। इस मौके पर सभी अधिकारी एवं केऔसुब के सभी जवान उपस्थित थे।

### मानव सेवा ईश्वरीय सेवा के समान होती है

**देवास।** मां चामुंडा सेवा समिति की ओर से उदासीन अखाड़ा सीडी मार्ग पर फरियाली छाछ वितरण के लगाए गए सेवा पंडाल पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, संत पूर्णानंद महाराज ने टेकरी पर मां के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को फरियाली छाछ का वितरण में अपनी सेवाएं दी। प्रेमलता दीदी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि मानव सेवा ईश्वरीय सेवा के समान होती है। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए फरियाली ठंडी छाछ का वितरण किया जा रहा है। जो प्रशंसनीय व अनुकरणीय है। जो निस्वार्थ भाव से मानव सेवा करते हैं उन पर परमात्मा की कृपा स्वत: ही बरसती है। ऐसे मानव परमात्मा के कृपा पात्र बन जाते हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

# कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के साथ किया अन्याय : सोलंकी

राजीव टाइम्स ■ देवास

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात महान समाज सुधारक, देश के प्रमुख भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के साथ कांग्रेस ने बड़ा अन्याय किया। उनके विचारों का सदैव विरोध किया। उज्जैन रोड तिराहा पर स्थित डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करते हुए यह बात देवास- शाजापुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कही। सोलंकी ने डॉ. अम्बेडकर की उंचाई, विचार, अध्ययन एवं ज्ञान का स्मरण करते हुए कहा कि कांग्रेस ने मरणोपरांत डॉ. अम्बेडकर के भारत रत्न सम्मान को 34 वर्षों तक लटकाए रखा। कांग्रेस ने उन्हे संसद पहुंचने तक के मार्ग में रोड़े अटकाए।



लोकसभा के आम चुनाव में दो बार उन्हें कांग्रेस के कारण हार का सामना करना पड़ा। यहां तक कि कांग्रेस तो डॉ. अम्बेडकर को संविधान सभा का सदस्य तक नहीं बनने देना चाहती थी। लोकतंत्र के 75 वर्षों में कांग्रेस ने दलितों को डराते, धमकाते हुए सत्ता हथियाने के लिए वोट तो बटोरे, लेकिन समाज सुधारक अम्बेडकर एवं उनके विचारों को आत्मसात नहीं किया, न ही उन्हें पूर्ण सम्मान प्रदान किया।

सोलंकी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अम्बेडकर के संबंधों को लेकर भी भ्रांतियां फैलाई गई, जबकि बाबा साहब सामाजिक समानता की दिशा में संघ के कार्यों की सराहना करते थे। यही नहीं उन्होंने संघ शिक्षा वर्ग का दौरा भी किया एवं डॉ. हेडगेवार से दलितों के उत्थान को लेकर गहन चर्चा करते हुए स्वयंसेवकों के साथ भोजन भी किया था। 2014 में जब देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। तब अम्बेडकर स्मारक की आधारशिला रखी गई। वर्ष 2017 में अम्बेडकर के नाम पर भीम ऐप लांच किया गया। दिल्ली में अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना की गई। भारतीय संविधान एवं दलितों के उत्थान में डॉ. अम्बेडकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वर्ष 2018 में अम्बेडकर नेशनल मेमोरियल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, राजेश यादव, पार्षद भूपेश ठाकुर, संजय दायमा, महेश चौहान, शुभम यादव, शेखर कौशल, अशीष दवे, पंकज सोनी, संतोष वर्मा, अनमोल जायसवाल, दीपक चौधरी, लोकेन्द्र शुक्ला, राजेश नागेश, अशोक कटारिया, चिमनलाल, लोकेश रघुवंशी, नितिन शर्मा, मुकेश शर्मा, राहुल कुशवाह, नन्दू महाराज कुशवाह, मनोज जायसवाल, देव मुछाल, कन्हैया सवलिखिया, मुकेश दरबार, दीपक ठाकुर, आकाश ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजजन सहित विभिन्न संगठनों ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

# नगर में गूंजे बाबा साहेब के जयकारे

राजीव टाइम्स ■ शाजापुर

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर में दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी बाबा साहेब की जयंती सभी बूथों पर मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अभा बलाई समाज द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मीनारायण बंगाली के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर में मरीजों को फल वितरण और रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विधायक अरुण भीमावद और समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिलीपसिंह बामनिया द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दलित समाज के उत्थान के लिए बाबा साहब अम्बेडकर ने अपना सर्वस्व अर्पण किया। आज हमें उनसे प्रेरणा लेकर वंचित वर्ग को शिक्षित करने की दिशा में पूरी ताकत से कार्य करना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह शैलेन्द्र सोनी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने अपने जीवन काल में हमेशा सामाजिक समरसता और वंचितों के संरक्षण की बात की और हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर समाज में हर वर्ग की भागेदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी एक समरस समाज का निर्माण होगा। विभाग प्रचार प्रमुख महेंद्रमोहन सोनी ने नशामुक्ति पर कार्य किया जाने पर भी जोर दिया। रक्तदान के अवसर पर डॉ. एसडी जायसवाल, अरविंद बंसोड़, प्रशांत वैद्य, मनोज पाटोदा द्वारा 11 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में रामचंद्र पारस, हरिनारायण मगोरिया, महेश भवसार, अशोक मालवीय एडवोकेट, यश, जितेंद्र मालवीय सरपंच, नारायणसिंह मालवीय, बद्रीलाल सौराष्ट्रीय, राजीव महिवाल, भारत मालवीय, अर्जुन मंडोवर, राजेश पारछे, मूसा आजम, मूलचंद जाटव, नीरज गेहलोद, मोहन किचोलिया, इंदरसिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल मालवीय ने किया।



**835 बूथों पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन** – भाजपा द्वारा भी संविधान निर्माता और सामाजिक समरसता के पुरोधा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को महूपुरा चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित करने के बाद बाबा साहब अमर रहे के जयघोष के साथ जिलेवासियों को शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने बताया कि जिले के 835 बूथों पर डॉ. आंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा बस्ती में पहुंचकर लाभार्थियों से संपर्क भी किया और सरकार की योजना के पत्रकों का वितरण भी किया। जिला मुख्यालय पर भाजपा नगर मंडल द्वारा महुपुरा चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, विपिन राठौर, नपा अध्यक्ष प्रेम जैन, नवीन राठौर, अर्पित परिहार, कालूराम केम, रमेश चमन, कमल सूर्यवंशी, राहुल जैन, दिनेश सोराष्ट्रीय, कुंदन जाटव, कैलाश राठौर, मनोहरलाल राय, मुकेश दुबे, संजय यादव, संदीप राठौर, शुभम ठाकुर, सनी राठौर, संतोष परिहार, राजू मंडोवर, मनोहर अहिरवार, रूपेश ठाकुर, कैलाश जाटव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संविधान के चीफ आर्किटेक्ट थे बाबा साहेब अंबेडकर



राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर

भाजपा के लाखों कार्यकर्ता भी हर बूथ पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मना रहे हैं। बीजेपी डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों पर काम कर रही है। पीएम मोदी सरकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों और वंचितों को सशक्त बना रहे है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर संविधान के चीफ आर्किटेक्ट रहे। उन्होंने भारत के संविधान में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और प्रजातंत्र किस तरह से मजबूत हो सकता है, इसकी नींव उन्होंने संविधान के माध्यम से रखी थी।

उक्त उद्गार भाजपा द्वारा आंबेडकर पार्क में मनाई गई भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मप्र शासन के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज भारत जो तीव्र गति से आगे बढा है, इसमें उनका बहुत बडा योगदान है। जिन्होंने सारे समाज को एकत्र करके एक साथ आगे बढ़ाने में, संवैधानिक ढांचे में उसकी व्यवस्था की थी। आंबेडकरजी को अगर सच्चे मायने में याद करना हो तो उनके बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। ये सब हम लोगों की जिम्मेदारी है और भाजपा उनकी नीतियों पर चलते हुए आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा गुलावता मंडल अध्यक्ष सतीश बैस ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष सतीश बैस, पार्षद बाबूलाल अहिरवार, अमित गिरजे, राकेश पुष्पद, भानु लववंशी, नरेंद्र भंडारे, जीतू फुलेरिया सहित अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाएं : सराफ

राजीव टाइम्स ■ कसरावद

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी हैं। उनके जीवन आदर्शों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उक्त बात रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर सराफ ने सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विधार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यकम में अमित मीना ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को एकसूत्र में पिरोने का काम किया। हम सबको उनके कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए।



लखन चौहान ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि जीवन लम्बा नहीं महान होना चाहिए। इसलिए हमें अपने जीवन में देश और समाज की सेवा के कार्यों को करना चाहिए। संचालन रवि कानूड़े ने किया। कार्यकम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र का पूजन एवं माल्यार्पण कर की। कार्यकम में दीपक चौहान, विजय केवट, अमित रावल, शीतल रावल सहित विधार्थी उपस्थित थे।



## कपालिया में भैरुमहाराज की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**मक्सी/कपालिया।** मक्सी समीपस्थ ग्राम कपालिया में भैरू महाराज के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भैरु महाराज की प्राण प्रतिष्ठा विधि- विधान से संपन्न हुई। गांव के मुख्य मार्ग से चल समारोह निकला, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। चल समारोह के चलते हुए गांव के सभी मंदिरों पर पूजा- अर्चना की गई। पांच दिन पूर्व से ही पंचकुंडीय हवन यज्ञ में आहुति हुई। जिसमें गांव के ही पांच जोड़ों ने बैठ कर हवन में आहुति दी। रविवार को पूर्णाहुति के बाद महाआरती हुई व महाप्रसादी के रूप में भंडारे का आयोजन हुआ। यज्ञाचार्य पं. जितेन्द्र शर्मा व सहयोगी पं. मनीष शर्मा, सुमित शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भैरू महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर महेशचंद्र पाटीदार, होकमसिंह पाटीदार ,अर्जुनसिंह पाटीदार, मानसिंह पाटीदार व समस्त ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## गिरफ्तारी की मांग पर अड़े कर्मचारियों ने अधिकारियों के आश्वासन पर स्थगित की हड़ताल

राजीव टाइम्स ■ नलखेड़ा

नगर परिषद कर्मचारियों से गाली गलौज, अभद्रता व मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कर्मचारियों द्वारा रविवार दोपहर को नवरात्र पर्व को देखते हुए एवं वरिष्ठ अधिकारियों की समाझाइश व शीघ्र गिरफ्तारी के आश्वासन पर अपनी हड़ताल स्थगित की गई। शनिवार को पुराने न्यायालय परिसर में अपने सब्जी व फल के हाथ ठेले लगाने की समाझाइश दे रहे नगर परिषद के ड्यूटीरत कर्मचारियों के साथ तीन सब्जी के हाथ ठेले वालों द्वारा गाली-गलौज, अभद्रता एवं मारपीट की गई थी। घटना के बाद नगर परिषद के कर्मचारी संघ एवं सफाई कर्मचारी संघ के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा चार घंटे में आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग के ज्ञापन सौंपकर उसमें अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी गई थी। देर शाम पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, एससीएसटी एक्ट व अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नगर परिषद कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। रविवार दोपहर में नप सीएमओ मुकेश भंवर द्वारा हड़ताली कर्मचारियों से चर्चा कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन एवं नवरात्र पर्व पर नगर में बिगड़ रही सफाई व्यवस्था के चलते समाझाइश दी गई। जिस पर हड़ताली कर्मचारी अपनी हड़ताल स्थगित कर दोपहर में काम पर लौट आए। कर्मचारी संघ अध्यक्ष महेश गवली एवं सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों की समाझाइश व आश्वासन पर हड़ताल स्थगित की गई है यदि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कर्मचारी पुनः हड़ताल पर चले जाएंगे।

**सफाई और जलप्रदाय रहा प्रभावित** – रविवार को नप कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सम्पूर्ण नगर में न तो सफाई हुई, न ही कचरा वाहन चले और न ही नगर में जलप्रदाय हुआ। जिसके कारण सम्पूर्ण नगर में सड़कों पर कचरा पसरा रहा। यहां तक कि मां बगलामुखी मंदिर पर भी हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। नगर में जल प्रदाय नहीं होने से नागरिक इधर- उधर जल स्त्रोतों से पानी की पूर्ति करते दिखाई दिए। हड़ताल के कारण नगर के विभिन्न वार्डों में स्थित नगर परिषद के ट्यूबवेल भी बंद कर दिए जाने से टंकियां नहीं भर पाई, जिसके कारण स्थिति अधिक विकराल हो गई थी। दोपहर बाद कर्मचारियों के काम पर लौट आने के बाद सफाई कार्य भी प्रारम्भ हो गया था वही जिन वार्डों में जल प्रदाय किया जाना था वहां जल प्रदाय प्रारम्भ कर दिया गया था।

## तेज रफ्तार कार ब्रिज के नीचे घुसी, दो मृत

राजीव टाइम्स ■ देवास

एबी रोड स्थित प्रेस्टीज कॉलेज के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर फ्लाई ओवर के नीचे घुस गई। हादसा शाम 6 बजे के करीब हुआ। दुर्घटना के बाद घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक गंभीर घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहजाद पिता सरफुद्दीन (18) निवासी बावड़िया, अरविंद पिता बहादुर सिंह (22) बीराखेड़ी व अनुराग पिता सुभाष (22) निवासी बीराखेड़ी कार क्रमांक एमपी 09 जीडी 1955 में गैस डलवाकर अपने घर की तरफ लौट रहे थे। तभी प्रेस्टीज कॉलेज के समीप कार अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के नीचे घुस गई। हादसे में शहजाद व अनुराग की मौत हो गई, जबकि अरविंद घायल हो गया। हादसा की पुलिस जांच कर रही है। जिला अस्पताल के डॉ. सीएम गुप्ता ने बताया कि दो लड़कों को विकास नगर से लेकर आए थे। अनुराग व शहजाद की मौत हो गई। एक अन्य घायल है जिसका उपचार किया जा रहा है।





## इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर हुआ बड़ा हादसा

**बलवाड़ा।** बुरहानपुर-इंदौर बस एमपी 09 एफ ए 9372 जो कि बुरहानपुर से आ रही थी। बलवाड़ा भारत पेट्रोल पंप के सामने अपना संतुलन खोकर खेत में जा उतरी। हादसा देखने में इतना भयानक था किंतु किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई। यात्रियों का कहना था कि ड्राइवर काफी तेज रफ्तार से बुरहानपुर से ही बस को चलाते आ रहा था। रास्ते में उसे दो बार यात्रियों ने टोका भी था, किंतु समय का अभाव देते हुए उसने किसी की नहीं सुनी। ग्रामीणों का कहना है कि इंदौर –खंडवा- बुरहानपुर बसों के आरटीओ द्वारा परमिट पांच-पांच मिनट पर दे दिए गए हैं, जिससे बस वाले यात्रियों को बिठाने के लिए हाय-तौबा करते हुए एक- दूसरे से होड़ लगाते हैं। बलवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी यात्रियों को अपने सामान के साथ सुरक्षित अपने-अपने स्थान पर पहुंचा।

## लोकसभा चुनाव ▶ दिग्विजय सिंह 16 से सारंगपुर विधानसभा में जमीनी स्तर पर करेंगे प्रचार की शुरुआत

# तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत गांव-गांव में करेंगे नुक्कड़ सभा

राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आगामी लोकसभा चुनाव में स्वयं एवं कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने के लिए अपने चिरपरिचित अंदाज में जमीनी स्तर पर जनता के बीच पहुंचकर और उनसे जुड़कर सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की शुरुआत 16 अप्रैल मंगलवार से करने जा रहे हैं। इसके लिए विस में तीन दिवसीय कार्यक्रम तय किए गए हैं जिसमें कई गांवों में नुक्कड़ सभा तो होना ही है साथ में रात्रि विश्राम और भोजन भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उनके घरों पर ही होगा। साथ ही पूर्व सीएम सिह द्वारा मां बिजासन धाम भैंसवामाता में अष्टमी के अवसर पर 16 अप्रैल को तीन घंटों तक रुक कर विशेष पूजा- अर्चना भी की जाएगी और बिजासन के दरबार में चल रहे 108 कुंडीय शतचंडी यज्ञ में भी शामिल होकर धर्मलाभ लिया जाएगा।



जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारी नंदलाल नागर ने बताया कि पूर्व सीएम सिंह मंगलवार 16 अप्रैल को दोपहर 2 बजे राजगढ़ से प्रस्थान कर सारंगपुर विधानसभा में पधारेंगे और करीब पौने तीन बजे भैंसवामाता के दरबार में पहुंचेंगे। इस दौरान करीब तीन घंटों तक भैंसवामातजी मंदिर में पूजा- अर्चना एवं यज्ञ में शामिल होंगे। नागर ने बताया कि उसके बाद सिंह देवीपुरा, दराना, हराना, पाटक्या, चाटक्या, काल्याखेड़ी से संडावता पहुंचेंगे। जहां पर सिंह आमसभा करेंगे। आमसभा के पश्चात कांग्रेस नेता गिर्राज गुप्ता संडावता के निवास पर रात्रि विश्राम करेंगे। इसके पश्चात दूसरे दिन 17 अप्रैल को सुबह 10 बजे सिंह मूंडला लोधा में नुक्कड़ सभा करेंगे और देवलीमान जांगीर तथा कडलावद में भी सिंह द्वारा नुक्कड़ सभा को संबोधित किया जाएगा और फिर दोपहर को भोजन के बाद भ्याना, ब्यावरा मांडू, पाडल्यामाता, गुलावता, मऊ में भी नुक्कड़ सभा होगी। मऊ के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पड़ाना कस्बे में प्रचार के लिए पहुंचेंगे और वहां पर भी बड़ी नुक्कड़ सभा का आयोजन कांग्रेसजनों द्वारा किया जाएगा। इसके बाद वह मगराना, काचरिया पुरोहित होते हुए सारंगपुर शहर स्थित कपिलेश्वर धाम में दर्शन एवं गौशाला का अवलोकन करेंगे। कपिलेश्वर से दर्शन के बाद लौटकर वह नारायणपुर गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निर्माणाधीन नेत्र चिकित्सालय पहुंचेंगे और अवलोकन करेंगे। नारायणपुर से पचोर शहर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

**अंतिम दिन यह रहेंगा कार्यक्रम** – नागर ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन 18 अप्रैल गुरुवार को सिंह पचोर में सुबह 9 से 11 बजे तक जनसंपर्क एवं कांग्रेसजनों के साथ संवाद करेंगे और सुबह 11:30 बजे बाबल्दा में नुक्कड़ सभा करने के पश्चात सुल्तानिया, उदनखेड़ी गांव पहुंचेंगे और दोपहर में भोजन करेंगे। इसके बाद सिंह पटाडिया धाकड़, आसारेटा से करोंदी पहुंचेंगे जहां आमसभा होंगी। वहीं से बुढनपुर, टिकोद, लाटाहेड़ी होते हुए शाम साढ़े 6 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# भूपेश बघेल का भ्रष्टाचार से पेट नहीं भरा तो सांसद बनने आ गए : अमित शाह

राजनांदगांव ▪ एजेंसी

छत्तीसगढ़ चुनावी दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में बहुत घोटाले हुए लेकिन कभी भगवान के नाम का घोटाला किसी ने नहीं किया था।

गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राज में टू जी, कॉमनवेल्थ, बोफोर्स घोटाला हुआ, मगर किसी का नाम भगवान के नाम से नहीं है। लेकिन भूपेश बघेल ने भगवान महादेव को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने 508 करोड़ का महादेव घोटाला किया। कोयला घोटाला, अन्न घोटाला, रेत घोटाला समेत तमाम घोटाला करते हुए वह थके नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर कांग्रेस नेता भूपेश बघेल कहते हैं कि आज सोमवार है तो जरूर मान लेना कि आज रविवार है, क्योंकि वह कभी सच बोलते ही नहीं। उन्होंने गंगा जल लेकर कहा था कि शराबबंदी लागू करेंगे, लेकिन शराब की नदियां बहा दीं।

राजनंदगांव लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आज आंबेडकर जयंती है



और आज के दिन भी कांग्रेस झूठ बोलने से बाज नहीं आई। मैंने टीवी में सुना कि खरगे बोले - मोदी संविधान बदल देंगे। मैं दावे के साथ कहता हूं कि, हम कभी आरक्षण खत्म नहीं करेंगे।भूपेश बघेल का भष्ट्राचार करते-करते पेट नहीं भरा तो अब सांसद बनने का ख्वाब पाले बैठे हैं। बघेल अब सांसद बनाकर छत्तीसगढ़ को लूटना चाहते हैं। जब कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में थी, तब भूपेश बघेल ने गोबर घोटाला, महादेव सट्टा एप घोटाला, पीएससी घोटाला किया।विधानसभा से ज्यादा मार्जिन के साथ इस लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल को हराना है।

उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने का काम किया है। पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के बाद छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त प्रदेश बनाएंगे। हमारी प्रदेश सरकार ने नक्सलवादियों को ढेर करने का काम किया। हमारी सरकार के दौरान 150 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए और 250 से ज्यादा ने सरेंडर किया है। पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में देश से नक्सलवाद को खत्म किया है, बस छत्तीसगढ़ में जो बचा हुआ है आने वाले तीन साल में खत्म कर देंगे।

क्षत्रिय समाज ने 'शक्ति प्रदर्शन' कर दिया अल्टीमेटम

# बीजेपी ने प्रत्याशी नहीं बदला तो सभी 26 सीटों पर 'ऑपरेशन रूपाला'



अहमदाबाद ▪ एजेंसी

गुजरात में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिकट के मुद्दे पर क्षत्रिय समाज ने बीजेपी को अल्टीमेटम दिया है। राजकोट में आयोजित क्षत्रिय महासम्मेलन में नेताओं ने कहा कि अगर बीजेपी रूपाला की टिकट वापस नहीं लेती है तो समाज गुजरात की सभी 26 सीटों पर ऑपरेशन रूपाला चलाएगी। सुरेंद्रनगर और भावनगर जैसी सीटों पर जहां क्षत्रिय मतदाता एकजुट होकर दूसरे पक्ष में मतदान करेंगे। क्षत्रियों नेताओं ने साफ किया कि रूपाला के बयान से क्षत्रिय समाज का अपमान हुआ है। ऐसे में इस विवाद को एक ही हल है कि बीजेपी रूपाला का टिकट वापस ले। क्षत्रिय नेताओं ने कहा वक्त बदला है रक्त वही है। क्षत्रिय समाज की संकलन समिति ने महासम्मेलन के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया।

**महासम्मेलन से बढ़ी मुश्किल** : क्षत्रिय समाज के महासम्मेलन से बीजेपी की मुश्किल बढ़ गई। क्षत्रिय महिला वक्ता तृप्ति बा ने कहा कि पुरुष समाज महिलाओं के अपमान पर चुप नहीं रहें। उन्होंने कहा कि बीजेपी में आंतरिक विवाद हो तो बीजेपी रातोंरात मंत्रिमंडल और प्रत्याशी बदल जाते हैं, लेकिन पार्टी का कोई नेता क्षत्रिय महिलाओं के खिलाफ टिप्पणी करे तो क्यों प्रत्याशी नहीं बदला गया। तृप्ति बा ने कहा,लड़ाई लंबी है। इसलिए संघर्ष के लिए हौसला बनाए रखें।

### महिपाल मकराणा भी पहुंचे

सम्मेलन में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमुख महिपाल मकराणा भी सम्मेलन में पहुंचे। मकराणा ने कहा कि ये तो नजारा है। अभी पिक्चर बाकी है। होली के मौके पर पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा था कि महाराजाओं ने अंग्रेजों के सामने घुटने टेक दिए थे और रोटी बेटी का व्यवहार किया था। क्षत्रिय रुपाला के इसी बयान को लेकर आंदोलनरत है। रुपाला तीन बार माफी मांग चुके हैं, लेकिन क्षत्रिय समाज का कहना है कि रुपाला का टिकट रद्द हो इससे कम मंजूर नहीं है। गुजरात में लोकसभा सीटों के नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। राजकोट से बीजेपी के उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला 16 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। राजकोट से कांग्रेस ने परेश धानानी को मैदान में उतारा है। वह 18 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे।

## पीएम मोदी के खिलाफ बसपा उतारेगी मुस्लिम प्रत्याशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट पर सातवें यानी अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद उम्मीदवार हैं। जबकि 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और अखिल भारतीय हिंदू महासभा की ओर से किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी वाराणसी से चुनावी मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों की मानें तो वाराणसी लोकसभा सीट के लिए बसपा ने प्रत्याशी का चुनाव कर लिया है। कहा जा रहा है कि यह प्रत्याशी वाराणसी जिले से ही होगा। बहरहाल जल्द ही बसपा सुप्रीमो मायावती इसकी घोषणा करेंगी। बीएसपी पदाधिकारियों का कहना है कि वाराणसी के रविंद्र पुरी स्थित क्षेत्र में बीएसपी से सांसद घनश्याम चंद्र खरवार, कोऑर्डिनेटर मंडल प्रभारी और जिला पदाधिकारी की मौजूदगी में बसपा प्रत्याशी के नाम का ऐलान होगा।

# चुनावी सभाओं में जमकर झूठ बोल रहे पीएम : प्रियंका वाड्रा

जालोर ▪ एजेंसी

आगामी लोकसभा चुनाव के तहत रविवार को प्रचार के लिए जालोर पहुंचीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पार्टी प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने केंद्र की मोदी सरकार व भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों चुनावी सभाओं में जमकर झूठ बोल रहे हैं। कभी वो गटर से गैस बनाते हैं तो कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं। पीएम समझ में नहीं आ रहा है कि आखिरकार उन्हें करना क्या है।

प्रियंका ने कहा कि हकीकत यह है कि पीएम मोदी देश की जनता से दूर हो चुके हैं। वो कभी भी महंगाई और आम आदमी की समस्याओं पर बात नहीं करते हैं। वहीं, राज्य की भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि मौजूदा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने पर लगी है। इस सरकार को जनता के हित से कोई लेनादेना नहीं है।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कही ये बात : सभा को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा



वाले केवल बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन लोगों ने खुद कुछ भी नहीं किया है। कांग्रेस के नेताओं ने देश के लिए बलिदान दिया है। भाजपा वालों से पूछना चाहिए कि इन्होंने देश के लिए क्या किया है? गहलोत ने कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार कोई काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब राज्य में हमारी सरकार थी तो कई जनकल्याणकारी योजनाओं शुरू की गई थी, ताकि आम लोग लाभान्वित हो सके। आज उन योजनाओं को एक-एक कर बंद किया जा रहा है, लेकिन हम भी खामोश नहीं बैठेंगे। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी संबोधित किया।

## भाजपा के संकल्प 100% पूरा होने की गारंटी : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को भाजपा द्वारा जारी संकल्पपत्र को ऐतिहासिक और भविष्य के भारत की नींव रखने वाला बताते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र, संकल्पों के पूरा होने की गारंटी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जैसा कि सर्वविदित है रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई ठीक इसी प्रकार हमारा संकल्प पत्र है। इसके एक-एक संकल्प के पूरे होने की 100 प्रतिशत गारंटी है। भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो स्थापना से लेकर आज तक अपने मूल्यों और संकल्पों पर अडिग रही और जैसे ही हमें पूर्ण बहुमत मिला, हमने एक-एक कर अपने सभी वादों को लागू भी किया, क्योंकि अपने संकल्पों को पूरा करना भाजपा का डीएनए में है ।

## गोवा में समाप्त हो जाएगी कांग्रेस पार्टी : सुदीन धवलीकर

पणजी ▪ एजेंसी

गोवा के बिजली मंत्री सुदीन धवलीकर ने रविवार को कहा कि गोवा में कांग्रेस खत्म हो जाएगी और 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए आखिरी हो सकता है। महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के वरिष्ठ नेता धवलीकर ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमारे नेताओं को आयात करके हमें खत्म करने की कोशिश की, लेकिन आज उन्हें उसी परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उनके नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के बाकी तीन विधायक भी कुछ अन्य दलों में शामिल होंगे। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वे हमारे साथ शामिल होंगे, लेकिन कुछ अन्य दलों में शामिल होंगे। दरअसल, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में भाजपा की गठबंधन सहयोगी एमजीपी के दो विधायक हैं। गोवा में 11 में से आठ कांग्रेस विधायक 2022 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी के



पास राज्य में लगभग एक लाख वोट हैं और वह यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेंगे कि ये वोट भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जाएं।

उन्होंने कहा कि हम गोवा में भाजपा के दोनों उम्मीदवारों का पूरा समर्थन कर रहे हैं। हमारे पास राज्य भर में कुल एक लाख वोट हैं और हम प्रयास करेंगे कि ये वोट मतपत्रों में जाएं। हमारे उम्मीदवार जो पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ वोटों से हार गए थे, वे भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। भाजपा ने उत्तर से केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक और दक्षिण से उद्योगपति पल्लवी डेम्पो को मैदान में उतारा है। डेम्पो को लेकर धवलीकर ने कहा कि विपक्ष द्वारा अफवाह फैलाई गई है कि पल्लवी डेम्पो ने सामाजिक क्षेत्र में योगदान नहीं दिया है।

# कांग्रेस का खजाना खाली, चंदा जुटाकर कर रहे प्रचार

बनासकांठा ▪ एजेंसी

कांग्रेसी नेता लगातार कह रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं। कांग्रेस के खाते सीज कर लिए गए हैं, इसलिए कहीं भी पार्टी के प्रचार में जोश दिखाई नहीं दे रहा है। ताजा मामला गुजरात की बनासकांठा लोकसभा सीट पर देखने को मिला है। कांग्रेस ने चुनाव खर्च के लिए लोगों से आर्थिक सहयोग लेने के लिए 'डोनेट फॉर देश' अभियान शुरू किया था, जिसमें लोगों से बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने के लिए कहा गया था। बनासकांठा से कांग्रेस उम्मीदवार गनीबेन ठाकोर को भी अपने चुनाव प्रचार पर होने वाले खर्च की धनराशि जुटाने के लिए लोगों से आर्थिक मदद लेनी पड़ रही है।

कुछ दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने भी एक इंटरव्यू में कहा था कि कांग्रेस के पास प्रचार के लिए पैसे नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के इशारों पर आयकर विभाग ने कांग्रेस पर 3560 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया की बात कहते हुए पार्टी के खाते सीज कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि पैसा कांग्रेस के पास नहीं है। बचा-खुचा पैसा आप बैंक से उठाकर ले जा रहे हो। विवेक ने कहा था – 'हम कहां प्रचार कर रहे हैं, कहां पोस्टर बैनर दिख रहा है। जो थोड़ा बहुत हम लोग बोल रहे हैं यही प्रचार है। पैसा ही नहीं है। जब किसी पार्टी के पास पैसा नहीं,तो प्रचार कैसे होगा।'



### बनासकांठा में कड़ा मुकाबला

बनासकांठा में ठाकोर का मुकाबला भारतीय जनता पार्वे की प्रोफेसर रेखा चौधरी से है जो इंजीनियरिंग कॉलेज की एक प्रोफेसर हैं। रेखा चौधरी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बनासकांठा सीट जीती है, जिसमें 2013 में हुआ एक उपचुनाव भी शामिल है। कांग्रेस इस सीट पर 1996, 2004 और 2009 में विजयी रही थी। कांग्रेस प्रत्याशी गनीबेन ठाकोर क्षेत्र की चर्चित नेता हैं। वर्ष 2012 के गुजरात विधानसभा चुनाव में वे भाजपा से हार गई थीं लेकिन 2017 और 2022 में उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी को हराया था।गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर एक ही चरण में सात मई को चुनाव होंगे।

### बनासकांठा प्रत्याशी मांग रही हैं चंदा

बनासकांठा जिले के वाव विधानसभा से कांग्रेस की मौजूदा विधायक गनीबेन ठाकोर ने दावा किया कि उन्हें चुनाव प्रचार पर खर्च करने के लिए लोगों से आर्थिक सहयोग के रूप में अच्छी मदद मिल रही है। गनीबेन ठाकोर ने एक रैली में कहा था कि प्रचार अभियान शुरू किए जाने के बाद पिछले 40 दिन में लोग चुनाव खर्च के लिए दान करने के लिए काफी संख्या में आगे आए हैं और लोगों द्वारा किया गया आर्थिक सहयोग 50 लाख रुपये तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि उनके वाहन के लिए डीजल का खर्चा भी बनासकांठा के लोगों द्वारा ही वहन किया जा रहा है। ठाकोर ने इससे पहले एक जन सभा में कहा था 'मैं बनासकांठा के लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं। पिछले एक महीने और दस दिनों में जिले के 14 तालुका के विभिन्न समुदायों के लोगों ने विभिन्न तरह के खर्च वहन किये हैं जिसमें जनसभाओं की व्यवस्था करना, भोजन आदि शामिल है।

## खरगे से मिले संजय सिंह, आप पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ 20 मिनट से अधिक बैठक की। चर्चा मुख्य रूप से 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने पर केंद्रित थी, जिसे सत्ता में आने पर दोनों पार्टियां लागू करने पर सहमत हैं।

दिल्ली में खड़गे के आवास पर बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने बताया, हमने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि कैसे 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर सभी दल एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हमने विपक्ष के खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में चिंताओं को संबोधित किया और संविधान की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

बैठक में एक साझा घोषणापत्र के विकास पर भी चर्चा हुई, जिसमें सिंह ने जल्द ही निर्णय लेने की



उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, हम अपने साझा दृष्टिकोण के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर नेताओं का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

भाजपा के रविवार को जारी घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए सिंह ने कहा, आपके पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है। आपने 10 साल में क्या हासिल किया? घोषणापत्र सिर्फ वादों के बारे में नहीं होना चाहिए... लोग घोषणापत्र पर कितना भरोसा कर सकते हैं? क्या लोगों को 20 करोड़ नौकरियां मिलीं? क्या किसानों को एमएसपी मिला? क्या मुद्रास्फीति में गिरावट आई? सिंह को 2 अप्रैल को तिहाड़ जेल से रिहा किया गया था।

## राजीव चंद्रशेखर का प्रचार करने पहुंची अभिनेत्री शोभना

तिरुवनंतपुरम ▪ एजेंसी

वेटरन एक्ट्रेस और डांसर शोभना रविवार को बीजेपी प्रत्याशी राजीव चंद्रशेखर के पक्ष में प्रचार करने पहुंची हैं। राजीव चंद्रशेखर बीजेपी प्रत्याशी के रूप में तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए पहुंची अभिनेत्री शोभना ने यहां प्रेस कांफ्रेंस की। इसके बाद नेय्याट्टिनकारा में राजीव चंद्रशेखर के साथ एक रोड शो में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सोमवार को प्रचार करेंगे।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शोभना ने सक्रिय राजनीति में आने के सवाल पर इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह पहले मलयालम सीखना चाहती हैं और बाकी सब बाद में ताकि एक्ट्रेस मलयालम भाषा में सही से स्पीच दे सकें। शोभना ने कहा कि मैं सिर्फ अपनी उम्मीदों और सपनों वाली एक अभिनेत्री हूं। बस इतना ही। मैं भी पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होऊंगी क्योंकि मैं भी एक आमंत्रित सदस्य हूं।

सोमवार को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हिस्सा लेने से पहले शोभना ने रविवार की शाम एनडीए उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के चुनाव प्रचार के लिए नेय्यत्तिनकारा में रोड शो में भी हिस्सा लिया। शोभना ने पहले त्रिशूर में भाजपा के श्रीत्रि शक्ति कार्यक्रम में भाग लिया था जिससे यह अफवाह जोरों पर थी कि वह भाजपा में शामिल होंगी। इस दौरान शोभना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजीव चंद्रशेखर को शुभकामनाएं दीं।

चुनावी समर | लालू यादव को बताया पारिवारिक न्याय का पुरोधा, तेजस्वी पर जड़े आरोप

# राजद में भगदड़ : राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव हुए बागी

पटना ▪ एजेंसी

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच समर में राजद में भगदड़ की स्थिति बन गयी है। अब पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद यादव ने बगावत कर दी है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। माना जा रहा है कि वे पार्टी से बाहर जा सकते हैं हालांकि खुद इस्तीफा देने के बदले पार्टी की ओर से कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंनें नरेंद्र मोदी की तर्ज पर लालू यादव पर सिद्धांत से समझौता और परिवारवाद करने का आरोप लगाया है।

इससे पहले पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम और पूर्व मंत्री वृषिण पटेल ने आरजेडी को बाय-बाय कर दिया है। अशफाक करीम तो नीतीश की पार्टी जदयू में शामिल हो चुके हैं। उससे पहले बांका से राजबल्लभ यादव के भाई विनोद यादव ने पार्टी छोड़कर महागठबंधन के प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के खिलाफ चुनाव के मैदान में उतर चुके हैं।रविवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस कर देवेन्द्र यादव ने बताया कि लालू यादव असल में पारिवारिक न्याय के पुरोधा हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव हो गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बदले आयातित लोगों को टिकट दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पप्पू यादव के साथ न्याय नहीं किया गया। उन्हें अभिमन्यु की तरह घेरा गया। लेकिन वह लाक्षागृह भेदकर निकलेगा।

देवेंद्र यादव ने लालू को चुनौती दी कि यादव समाज के लोग किसी कोठी के अनाज नहीं हैं। आज साम्प्रदायिक लोगों



को पार्टी में शामिल किया जा रहा है। अभी तो राजद से विकेट गिरना शुरू हुआ है, अभी देखिए कितना और विकेट गिरेगा। पुराने दिनों को याद करते हुए राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि लालू यादव ने उन्हें जेल से फोन किया था और कहा था कि तेजस्वी को आशीर्वाद दीजिए। हमने अपना फर्ज निभाया लेकिन आज लालू जी सिद्धांत से समझौता कर रहे हैं। बागी रुख दिखाते हुए उन्होंने कहा कि साथियों से विमर्श करके आगे रास्ता तय करेंगे।

देवेंद्र यादव ने कहा कि लालू यादव ने कई लोगों का रास्ता रोका। वह उन लोगों का लिस्ट निकालने जा रहे हैं। आरजेडी में पहले यूज एंड ग्रो था, आज हमारे नेता यूज एंड थ्रो को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सच कहना अगर बगावत है तो समझो हम भी बागी हैं। उन्होंने दावा किया किया आरजेडी लोकसभा चुनाव में विधान सभा चुनाव की तैयारी कर रही है। लेकिन 2024 नहीं जीतेंगे तो 2025 कहां से जीतेंगे? उन्होंने समर्पित कार्यकर्ताओं और नेताओं की भावनाओं को कुचले जाने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी में उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं कि बाहर से आए नेताओं को सिंबल दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि जनाधारविहीन नेताओं का सुझाव ले कर काम किया जा रहा है। देवेंद्र यादव ने कहा कि मेरा राजनीतिक जीवन लालू यादव के साथ शुरू हुआ। हमारे सामने पैदा हुए नेता का नाम लेकर हम उसका कद नहीं बढ़ाना चाहते। हम लालू यादव को पटरी पर लाने के लिए यह बात बोल रहे हैं। लोकतांत्रिक तानाशाही वास्तविक तानाशाही से भी अधिक खतरनाक होती है। मुझे टिकट की परवाह नहीं क्योंकि पांच बार सांसद रहा। हमारी जगह किसी कार्यकर्ता को टिकट दे दें लेकिन यहां तो आरएसएस के लोगों को टिकट दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि राजद को बनाने में केवल लालू यादव का या केवल हमारा योगदान नहीं, हजारों सैकड़ों लोगों का योगदान है। हमने समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर के लिए इस्तीफा दिया। हम तो लव लेटर का इंतजार कर रहे हैं कि हमपर कार्रवाई करें।

# सरबजीत सिंह के हत्यारे को पाकिस्तान में ‘अज्ञात हमलावरों’ ने लगा दिया ठिकाने

**लाहौर ▪ एजेंसी**

पाकिस्तान के लाहौर में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की जेल में हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की रविवार को हत्या कर दी गई। ‘अज्ञात हमलावरों’ ने सरफराज को गोलियों से उड़ा दिया। सरफराज ने ही साल 2013 में पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारों पर पॉलीथिन से गला घोंटकर और पीट- पीट कर हत्या कर दी थी। सरफराज और अन्य के खिलाफ पाकिस्तान में सरबजीत सिंह पर हमला करने का केस चला था, लेकिन 2018 में सबूतों की कमी के आधार पर उसे बरी कर दिया गया था। पंजाब के तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले किसान सरबजीत सिंह गलती से 30 अगस्त 1990 को पाकिस्तानी चले गए थे। वहां पाकिस्तानी सेना ने उन्हें गिरफ्तार करके जेल में बंद कर दिया था। सरबजीत पर पाकिस्तान ने झूठे मुकदमे लादते हुए आरोप लगाया कि लाहौर और फैसलाबाद में हुए बम धमाकों में सरबजीत सिंह का हाथ था। बम धमाके में कुल 14 लोगों की मौत हुई थी और




सरबजीत को मौत की सजा सुना दी गई। सरबजीत की बहन दलबीर, पत्नी सुखप्रीत के अलावा भारत सरकार ने भी सरबजीत को वापस भारत लाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन ये प्रयास सफल नहीं हो सके। इसी दौरान सरबजीत पर पाकिस्तान के लाहौर स्थित जेल में हमला कर दिया गया, जिसमें उनकी जान चली गई। जेल में सजा काटने के दौरान सरबजीत के सिर पर ईंटों से वार किया गया था। इसके बाद उन्हें लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी।

पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में भारत के कई दुश्मन आतंकियों की एक-एक कर हत्या होती रही है। ‘अज्ञात हमलावरों’ ने अब तक कई आतंकियों को ढेर कर दिया है। बीते दिनों ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर 20 लोगों की हत्या की है। नई दिल्ली ने उन लोगों को निशाना बनाने की नीति लागू की हुई है, जिसे वे भारत का दुश्मन मानते हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, ये मौतें ज्यादातर संयुक्त अरब अमीरात से संचालित होने वाले भारतीय खुफिया स्लीपर-सेल द्वारा की गई थीं। हालांकि, भारत सरकार ने इन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया था।

### ईरान के हमले के साथ हमास भी दिखा रहा अकड़

# इजरायल ने शुरू किया ‘ऑपरेशन बदला’

**तेलअवीव ▪ एजेंसी**

ईरान के हवाई हमले को विफल करने के बाद इजरायल ने अब बदले की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कड़ी में इजरायली सेना ने सबसे पहले लेबनान में हिजबुल्लाह के एक महत्वपूर्ण हथियार निर्माण स्थल को निशाना बनाया है। इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का यह हथियार कारखाना पूरी तरह से नष्ट हो गया। इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने भी पूर्वोत्तर लेबनान के बाल्बेक के पास नबी चित क्षेत्र में हवाई हमले की पुष्टि की है। सेना का कहना है कि हमले में हिजबुल्लाह से संबंधित महत्वपूर्ण हथियार निर्माण स्थल* को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह के पास हथियारों का जखीरा है।

ईरान ने रातभर इजरायल की धरती पर ड्रोन हमले किए। दूसरी तरफ हमास आतंकियों ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इजरायल ने कहा है कि हमास ने संघर्ष विराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के अनुसार, ईरान द्वारा समर्थित उग्रवादी संगठन हमास ने मध्यस्थों द्वारा जारी प्रस्ताव को ठुकरा दिया। माना जा रहा है कि हमास ईरान के साथ युद्ध में उलझे इजरायल के साथ फिलहाल कोई समझौता नहीं करना चाहता, बल्कि वह इसका फायदा उठाना चाहता है। मोसाद का कहना है कि हमास के नेता याह्या सिनवार ईरान के साथ तनाव का फायदा उठाना जारी रखे हुए हैं और मानवीय समझौता और बंधकों की रिहाई अभी करने वाला नहीं है। मोसाद का यह बयान इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी किया गया है।





## ईरान आर्मी की चेतावनी

इस बीच ईरानी सेना ने रविवार को कहा है कि ईरान के दमेस्कस कॉमर्शियल एंबेसी में घातक हमले के जवाब में इजरायल पर उसके ड्रोन स्ट्राइ और मिसाइल हमले ने उसकी कार्रवाई के उद्देश्य को पूरा कर दिया है। ऐसे में इस संघर्ष को आगे जारी रखने की जरुरत नहीं लगती है। यह भी चेतावनी दी है कि यदि और उकसाया तो बड़ा हमला किया जाएगा। ईरानी आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बघेरी का कहना है कि इजरायल के खिलाफ ये ऑपरेशन शुरु करना जरुरी था। क्योंकि इजरायली शासन ने ईरान की लाल रेखाओं को पार कर लिया था। अगर दोबारा ईरान पर किसी तरह का हमला हुआ तो हम इससे भी बड़ा ऑपरेशन अंजाम देंगे।

## इन देशों ने की इजरायल की मदद

इधर, इजरायल ने बताया कि ईरान ने रविवार सुबह 170 ड्रोन, 30 से अधिक क्रूज़ मिसाइलें और 120 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। इजरायल का कहना है कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट कर दिया गया था। इजरायली हवाई क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही ड्रोन को अमेरिका और ब्रिटेन ने मार गिराया है। इजरायल के पड़ोसी जॉर्डन ने ईरानी हमले को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तो क्षेत्र के बड़े और प्रभावशाली मुस्लिम देश सऊदी अरब ने भी इसमें मदद की है।

## मिसाइल प्रूफ घर में शिफ्ट नेतन्याहू

इस सबके बीच खबर है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपने परिवार के साथ अमेरिकी अरबपति साइमन फालिक के मिसाइल-प्रूफ घर में शिफ्ट हो गए हैं। इससे पहले 7 अक्टूबर को हमास के द्वारा किए गए हमलों के जवाब में जब इजरायल के युद्ध की शुरुआत की तो उस समय भी नेतन्याहू का परिवार यरुशलेम के तलपियोट में स्थित फालिक के घर में शिफ्ट हो गया था। हाल के महीनों में नेतन्याहू का परिवार यरुशलेम में गाजा स्ट्रीट पर अपने घर लौट आया था।

## राष्ट्रपति बाइडेन का बयान

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से स्पष्ट कहा है कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ इजरायल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा। अमेरिकी समाचार पोर्टल एक्सिऑस ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि बाइडेन ने ईरान के हमले को विफल करने के लिए इजरायल, अमेरिका तथा अन्य देशों के सम्मिलित प्रयासों की सराहना करते हुए नेतन्याहू से कहा, आपकी जीत हुई है, जीत को स्वीकार कीजिये। इस दौरान पेंटागन प्रमुख ने इजरायल की रक्षा के लिए वाशिंगटन के लौह कवच समर्थन को दोहराया। अमेरिका चाहता है कि ईरान के खिलाफ किसी भी प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई से इजरायल पहले वाशिंगटन को सूचित करे।

## भारतीयों के लिए जारी की नई एडवाइजरी

इजराइल में भारतीय दूतावास ने ईरान के हमलों के बाद अपने नागरिकों के लिए रविवार को एक नया ‘‘महत्वपूर्ण परामर्श’’ जारी कर उन्हें शांतचित्त रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए ‘महत्वपूर्ण परामर्श’ में कहा, ‘‘क्षेत्र में हाल की घटनाओं के मद्देनजर इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को शांत रहने और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है।’’ उसने कहा, ‘‘दूतावास स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है और वह हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजराइली प्राधिकारियों तथा भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है।’’ उसने भारतीय नागरिकों से पहले से उपलब्ध एक लिंक के जरिये दूतावास के साथ पंजीकरण कराने का भी अनुरोध किया है।

# कनाडा में भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या

**ओटावा ▪ एजेंसी**

कनाडा में एक भारतीय युवक को कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना दक्षिण वैंकूवर की है। युवक हरियाणा का रहने वाला था। 24 वर्षीय स्टूडेंट ने हाल ही में अपनी डिग्री पूरी कर वर्क वीजा हासिल किया था। वैंकूवर पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय चिराग एंटिल को पड़ोसियों द्वारा गोलियों की आवाज सुनने के बाद इलाके में एक वाहन के अंदर मृत पाया गया। वैंकूवर पुलिस ने बताया कि लोकल्स द्वारा गोलियों की आवाज सुनने के बाद 12 अप्रैल को रात 11 बजे के आसपास अधिकारियों को ईस्ट 55वें एवेन्यू और मेन स्ट्रीट पर बुलाया गया। एक कार में युवक मृत पाया गया था। उसकी पहचान 24 वर्षीय चिराग एंटिल के रूप में हुई है। कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है चल रहा है।



भारत में रहने वाले चिराग एंटिल के भाई रोनित ने बताया कि सुबह जब उनकी फोन पर बात हुई तो चिराग खुश लग रहे थे। बाद में चिराग ने कहीं जाने के लिए अपनी ऑडी निकाली, तभी उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि मेरे और मेरे भाई के बीच बहुत अच्छे रिश्ते थे। हम हर दिन, दिन-रात बात करते थे। मैंने उससे आखिरी बार दुर्घटना होने से पहले बात की थी। वह काफी खुश था। उसे कभी भी किसी से कोई परेशानी नहीं हुई या किसी से झगड़ा नहीं हुआ। वह बेहद विनम्र व्यक्ति था। चिराग एंटिल, सितंबर 2022 में वैंकूवर गया। हाल ही में यूनिवर्सिटी कनाडा वेस्ट से एमबीए पूरा किया था। हाल ही में अपना वर्क परमिट मिला था।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चिराग एंटिल का परिवार उनके शव को भारत वापस लाने के लिए क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म GoFundMe के माध्यम से धन जुटा रहा है। उधर, कांग्रेस की स्टूडेंट विंग नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के प्रमुख वरुण चौधरी ने एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्रालय को टैग करते हुए छात्र के परिवार को सहायता देने का अनुरोध किया।

# भारतीय सैनिकों का दूसरा बैच मालदीव से वापस लौटा

**माले**। चीन की गोद में खेलने वाले मालदीव की अब अक्ल ठिकाने लगने जा रही है। दरअसल, भारत के साथ द्विपक्षीय समझौते के तहत हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैनिकों का दूसरा बैच नौ अप्रैल को मालदीव से रवाना हो गया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने यह घोषणा की है। स्थानीय मीडिया ने मुइज्जू के हवाले से कहा कि, पहली टीम जा चुकी है। नौ अप्रैल को दूसरे प्लेटफॉर्म से भी सैनिक हटा लिए गए हैं। एडिशन डॉट न्यूज पोर्टल’ ने मुइज्जू के हवाले से अपनी खबर में कहा कि, एक ही प्लेटफार्म बचा है। जैसा कि दोनों देशों ने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, उन्हें (बाकी भारतीय सैन्य कर्मियों को) भी 10 मई से पहले वापस बुला लिया जाएगा। वे चले जाएंगे। इस देश से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर न तो मालदीव रक्षा मंत्रालय और न ही भारत ने कोई टिप्पणी की है। मालदीव सरकार के अनुसार, 88 भारतीय सैनिक मालदीव में एक हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान को संचालित करने के लिए तैनात थे। भारतीय सैनिकों का पहला समूह 11 मार्च को मालदीव से रवाना हुआ था।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का काफी करीबी माना जाता है। उन्होंने अपना राष्ट्रपति पद का चुनाव भी भारत के खिलाफ बयान देते हुए लड़ा था। वह ‘इंडिया आउट’ के नारे के साथ चुनावी मैदान में उतरे थे। राष्ट्रपति बनते ही मुइज्जू ने अपना चीन प्रेम दिखाते हुए वहां की यात्रा की थी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करते हुए 20 मुद्दों पर अहम समझौते कर डाले थे।

### राजस्थान के सीकर में भयानक हादसा

# ट्रक से टक्कर के बाद कार में आग, 7 लोग जिंदा जले

**सीकर ▪ एजेंसी**

राजस्थान के सीकर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जिले के फतेहपुर के आशीर्वाद चौराहे के पास एक पुल पर ट्रक और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई है। इस टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई। हादसे में 7 लोग जिंदा जल गए हैं। हादसा चूरू-सालासार हाईवे पर हुआ है।

बताया जा रहा है कि इस हादसे के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां भी आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची थीं। सीकर के फतेहपुर के शेखावटी में यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि कार में आग लगने के बाद कार में बैठे सभीलोगों को कार से बाहर निकलने तक का समय भी नहीं मिल सका। कार ने ट्रक में पीछे



जोरदार टक्कर मारी थी। जिसके बाद कार में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह ट्रक नागौर का है। कार में आग लगने से पहले जोरदार धमाका हुआ था और फिर चंद ही पलों में कार धूं-धूं कर जलने लगी। इस पुल के नीचे से जयपुर-बीकानेर हाईवे भी निकलता है। जिन 7 लोगों की मौत हुई है उनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। कार की नंबर प्लेट उत्तर प्रदेश की बताई जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि यह कार काफी तेज गति में थी और ट्रक में पीछे से इस कार ने टक्कर मारी थी। इससे वहां तेज धमाका हुआ और फिर आग लग गई। पुलिस अभी मृतकों के बारे में जानकारी जुटा रही है और हादसे की जांच भी कर रही है।

# 20 देशों के राजदूतों ने की गंगा आरती

**वाराणसी** । बनारसी वस्त्रों और बुनकरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काशी में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 20 देश के राजदूत वाराणसी पहुंचे। वाराणसी पहूंचने वाले राजदूतों में श्रीलंका, जिम्बाब्वे, युगांडा, माली, टोगो, पेरू, पनामा आदि देशों के राजदूत शामिल हैं। सभी राजदूतों ने काशी विश्ननाथ में माथा टेका और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती भी देखी। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, हनुमान यादव ने बुके देकर राजदूतों का स्वागत किया। जमैका के राजदूत एच. ई. जेसन ने गंगा सेवा निधि के विजिटर बुक में लिखा, “आज गंगा के तट पर इस आरती में शामिल होकर बहुत सम्मानित और कृतज्ञ महसूस कर रहा हूं। सबके लिए शांति, प्यार और समृद्धि की कामना करता हूं।

# पाकिस्तान में सिख व्यक्ति को नग्न कर बेरहमी से पीटा

**इस्लामाबाद ▪ एजेंसी**

पाकिस्तान में सिक्ख व्यक्ति के साथ बर्बरता का एक वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में सिक्ख व्यक्ति को नग्न कर उसे पीटा जा रहा था। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद तो पाकिस्तान में सिक्ख समाज का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों में आक्रोश का वीडियो भी वायरल हुआ है।

सोशल मीडिया पर पाकिस्तान से एक बेहद चौंकाने वालाा वीडियो सामने आया है। वीडियो में पाकिस्तान में एक अल्पसंख्यक सिख व्यक्ति से बर्बरता की सारी हदें पार करते दिखाया गया है। वीडियो में व्यक्ति को रेडिकल मेजोरिटी ग्रुप के कथित सदस्यों ने नग्न कर बांध रखा था। वीडियो में नजर आ रहा है कि आरोपियों ने व्यक्ति को लाठियों से बेरहमी से पीटा जा रहा है। यह वीडियो रोंगटे खड़े कर देने वाला है।



सिखों के पर्व वैसाखी सप्ताह के दौरान ऐसी बर्बरता दिल को झकझोर देने वाली है।

**सिखों ने सरकार से मांगा जवाब** - घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में जिस तरह से सिख व्यक्ति के हाथ और पांव को लाठियों से बांधकर पीटा जा रहा है वह निर्दयता का हदें पार करने वाला है। वायरल वीडियो के चलते घटना को लेकर सिख समुदाय में भी आक्रोश फैल गया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने घटना की निंदा की है। लोगों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने और कार्रवाई की मांग की है। सिख समुदाय ने पाकिस्तान सरकार से जवाब मांगा है।

### खतरा आने से पहले सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे लोग

# रूस में बाढ़ का कहर खाली कराए गांव

**मास्को ▪ एजेंसी**

रूस के कुर्गन क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। वहां के गवर्नर ने लोगों से अपील की है कि हालात और बिगड़ने से पहले वह बाढ़ग्रस्त इलाके से बाहर निकल आएं। गवर्नर वादिम शुमकोव ने टेलीग्राम पर लिखा टोबोल नदी के जलस्तर में 25 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। यह 17.45 फीट तक पहुंच गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सुबह होने से पहले जरूरी कागजात, मूल्यवान चीजें लेकर खतरा आने से पहले उस जगह से निकल जाएं और सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जाएं।

एक समाचार एजेंसी ने कुर्गन के उत्तर-पूर्व में स्थित टूमेन क्षेत्र की सरकार का हवाला देते हुए कहा कि वहां के दो गांवों को खाली कराया जा रहा है क्योंकि अधिकारियों को डर है कि इस क्षेत्र को इशिम नदी से खतरा हो सकता है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा गया है कि पूरे रूस में 14,000 से



अधिक घर बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। कजाकिस्तान में भी पेट्रोपावलोव्स्क शहर में 1,000 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। 4,500 से अधिक लोगों को अबतक निकाला जा चुका है। पिछले हफ्ते बढ़ते पानी के दबाव के कारण नदी पर एक बांध टूटने के बाद मॉस्को की राजधानी से लगभग 1,200 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित ऑरेनबर्ग क्षेत्र में बाढ़ के कारण हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा। स्थानीय अधिकारियों ने क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक टेलीविजन वीडियोकांफ्रेंस में, ऑरेनबर्ग के गवर्नर डेनिस पास्लर ने बताया कि कुल 11,972 घरों में बाढ़ आ गई है, साथ ही 16 राज्य चिकित्सा सुविधाएं भी हैं।



## मैहर माता का मंदिर: आल्हा करते हैं आरती पर दिखाई नहीं देते

# चमत्कारों से भरा है मां शारदा शक्तिपीठ

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में मैहर की माता शारदा का प्रसिद्ध मंदिर है। मान्यता है कि शाम की आरती होने के बाद जब मंदिर के कपाट बंद करके सभी पुजारी नीचे आ जाते हैं तब यहां मंदिर के अंदर से घंटी और पूजा करने की आवाज आती है। कहते हैं कि मां के भक्त आल्हा अभी भी पूजा करने आते हैं। अक्सर सुबह की आरती वे ही करते हैं।



### आज भी आल्हा करते हैं पहले श्रृंगार

इस मंदिर की पवित्रता का अंदाजा महज इस बात से लगाया जा सकता है कि अभी भी आल्हा मां शारदा की पूजा करने सुबह पहुंचते हैं। मैहर मंदिर के महंत पंडित देवी प्रसाद बताते हैं कि अभी भी मां का पहला श्रृंगार आल्हा ही करते हैं और जब ब्रह्म मुहूर्त में शारदा मंदिर के पट खोले जाते हैं तो पूजा की हुई मिलती है। इस रहस्य को सुलझाने हेतु वैज्ञानिकों की टीम भी डेरा जमा चुकी है लेकिन रहस्य अभी भी बरकरार है।

### कौन थे आल्हा?

आल्हा और ऊदल दो भाई थे। ये बुन्देलखण्ड के महोबा के वीर योद्धा और परमार के सामंत थे। कालिंजर के राजा परमार के दरबार में जगनिक नाम के एक कवि ने आल्हा खण्ड नामक एक काव्य रचा था उसमें इन वीरों की गाथा वर्णित है। इस ग्रंथ में दों वीरों की 52 लड़ाइयों का रोमांचकारी वर्णन है। आखरी लड़ाई उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के साथ लड़ी थी। मां शारदा माई के भक्त आल्हा आज भी करते हैं मां की पूजा और आरती। जो इस पर विश्वास नहीं करता वे अपनी आंखों से जाकर देख सकता है।

### आल्हाखण्ड ग्रंथ

आल्हाखण्ड में गाया जाता है कि इन दोनों भाइयों का युद्ध दिल्ली के तत्कालीन शासक पृथ्वीराज चौहान से हुआ था। पृथ्वीराज चौहान को युद्ध में हारना पड़ा था, लेकिन इसके पश्चात आल्हा के मन में वैराग्य आ गया और उन्होंने संन्यास ले लिया था। कहते हैं कि इस युद्ध में उनका भाई वीरगति को प्राप्त हो गया था। गुरु गोरखनाथ के आदेश से आल्हा ने पृथ्वीराज को जीवनदान दे दिया था। पृथ्वीराज चौहान के साथ उनकी यह आखरी लड़ाई थी। मान्यता है कि मां के परम भक्त आल्हा को मां शारदा का आशीर्वाद प्राप्त था, लिहाजा पृथ्वीराज चौहान की सेना को पीछे हटना पड़ा था। मां के आदेशानुसार आल्हा ने अपनी साग (हथियार) शारदा मंदिर पर चढ़ाकर नोक टेढ़ी कर दी थी जिसे आज तक कोई सीधा नहीं कर पाया है। मंदिर परिसर में ही तमाम ऐतिहासिक महत्व के अवशेष अभी भी आल्हा व पृथ्वीराज चौहान की जंग की गवाही देते हैं।

### सबसे पहले आल्हा करते हैं माता की आरती

मान्यता है कि मां ने आल्हा को उनकी भक्ति और वीरता से प्रसन्न होकर अमर होने का वरदान दिया था। लोगों की मानें तो आज भी रात 8 बजे मंदिर की आरती के बाद साफ-सफाई होती है और फिर मंदिर के सभी कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इसके बावजूद जब सुबह मंदिर को पुन: खोला जाता है तो मंदिर में मां की आरती और पूजा किए जाने के सबूत मिलते हैं। आज भी यही मान्यता है कि माता शारदा के दर्शन हर दिन सबसे पहले आल्हा और ऊदल ही करते हैं।

### मंदिर के कपाट बंद होते ही आती हैं आवाजें

मान्यता है कि शाम की आरती होने के बाद जब मंदिर के कपाट बंद करके सभी पुजारी नीचे आ जाते हैं तब यहां मंदिर के अंदर से घंटी और पूजा करने की आवाज आती है। कहते हैं कि मां के भक्त आल्हा अभी भी पूजा करने आते हैं। अक्सर सुबह की आरती वे ही करते हैं। मैहर मंदिर के महंत बताते हैं कि अभी भी मां का पहला श्रृंगार आल्हा ही करते हैं और जब ब्रह्म मुहूर्त में शारदा मंदिर के पट खोले जाते हैं तो पूजा की हुई मिलती है।

### बुंदेली इतिहास का महानायक

बुंदेली इतिहास में आल्हा-ऊदल का नाम बड़े ही आदरभाव से लिया जाता है। बुंदेली कवियों ने आल्हा का गीत भी बनाया है, जो सावन के महीने में बुंदेलखंड के हर गांव-गली में गाया जाता है। जैसे पानीदार यहां का पानी आग, यहां के पानी में शौर्य गाथा के रुप से गाया जाता है। यही नहीं, बड़े लड़ैया महोबे वाले खनक-खनक बाजी तलवार आज भी हर बुंदेलों की जुबान पर है।

### शारदा शक्तिपीठ का परिचय

मध्यप्रदेश के सतना जिले में मैहर तहसील के पास त्रिकूट पर्वत पर स्थित माता के इस मंदिर को मैहर देवी का शक्तिपीठ कहा जाता है। मैहर का मतलब है मां का हार। माना जाता है कि यहां मां सती का हार गिरा था इसीलिए इसकी गणना शक्तिपीठों में की जाती है। करीब 1,063 सीढ़ियां चढ़ने के बाद माता के दर्शन होते हैं। पूरे भारत में सतना का मैहर मंदिर माता शारदा का अकेला मंदिर है। कहते हैं कि दोनों भाइयों ने ही सबसे पहले जंगलों के बीच शारदादेवी के इस मंदिर की खोज की थी। आल्हा ने यहां 12 वर्षों तक माता की तपस्या की थी। आल्हा माता को शारदा माई कहकर पुकारा करते थे इसीलिए प्रचलन में उनका नाम शारदा माई हो गया। इसके अलावा, ये भी मान्यता है कि यहां पर सर्वप्रथम आदिगुरु शंकराचार्य ने 9वीं-10वीं शताब्दी में पूजा-अर्चना की थी। माता शारदा की मूर्ति की स्थापना विक्रम संवत 559 में की गई थी।

### मैहर का नाम कैसे मैहर पड़ा?

जनश्रुतियों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मैहर नगर का नाम मां शारदा मंदिर के कारण ही अस्तित्व में आया। हिन्दू श्रद्धालुजन देवी को मां अथवा माई के रुप में परंपरा से संबोधित करते चले आ रहे हैं। माई का घर होने के कारण पहले माई घर तथा इसके उपरांत इस नगर को मैहर के नाम से संबोधित किया जाने लगा। एक अन्य मान्यता के अनुसार भगवान शंकर के तांडव नृत्य के दौरान उनके कंधे पर रखे माता सती के शव से गले का हार त्रिकूट पर्वत के शिखर पर आ गिरा। इसी वजह से यह स्थान शक्तिपीठ तथा नाम माई का हार के आधार पर मैहर के रुप में विकसित हुआ।

### मंदिर का इतिहास

विन्ध्य पर्वत श्रेणियों के मध्य त्रिकूट पर्वत पर स्थित इस मंदिर के बारे मान्यता है कि मां शारदा की प्रथम पूजा आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा की गई थी। मैहर पर्वत का नाम प्राचीन धर्मग्रंथ 'महेन्द्र' में मिलता है। इसका उल्लेख भारत के अन्य पर्वतों के साथ पुराणों में भी आया है। मां शारदा की प्रतिमा के ठीक नीचे के न पढ़े जा सके शिलालेख भी कई पहेलियों को समेटे हुए हैं। सन् 1922 में जैन दर्शनार्थियों की प्रेरणा से तत्कालीन महाराजा ब्रजनाथ सिंह जूदेव ने शारदा मंदिर परिसर में जीव बलि को प्रतिबंधित कर दिया था। पिरामिडाकार त्रिकूट पर्वत में विराजीं मां शारदा का यह मंदिर 522 ईसा पूर्व का है। कहते हैं कि 522 ईसा पूर्व चतुर्दशी के दिन नृपल देव ने यहां सामवेदी की स्थापना की थी, तभी से त्रिकूट पर्वत में पूजा-अर्चना का दौर शुरु हुआ। ऐतिहासिक दस्तावेजों में इस तथ्य का प्रमाण प्राप्त होता है कि सन् 539 (522 ईपू) चैत्र कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नृपलदेव ने सामवेदी देवी की स्थापना की थी। प्रसिद्ध इतिहासविद् ए. कनिंघम द्वारा मां शारदा मंदिर का काफी अध्ययन किया गया है। मैहर स्थित जन सूचना केंद्र के प्रभारी पंडित मोहनलाल द्विवेदी शिलालेख के हवाले से बताते हैं कि कनिंघम के प्रतीत होने वाले 9वीं व 10वीं सदी के शिलालेख की लिपि न पढ़े जाने के कारण अभी भी रहस्य बने हुए हैं।





### चौतरफा हैं प्राचीन धरोहरें

मैहर केवल शारदा मंदिर के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है बल्कि इसके चारों ओर प्राचीन धरोहरें बिखरी पड़ी हैं। मंदिर के ठीक पीछे इतिहास के दो प्रसिद्ध योद्धाओं व देवी भक्त आल्हा-ऊदल के अखाड़े हैं तथा यहीं एक तालाब और भव्य मंदिर है जिसमें अमरत्व का वरदान प्राप्त आल्हा की तलवार उसी की विशाल प्रतिमा के हाथ में थमाई गई है। इसके अलावा 950 ईसा पूर्व चंदेल राजपूत वंश द्वारा बनाया गया गोलामठ मंदिर, 108 शिवलिंगों का रामेश्वरम मंदिर, भदनपुर में राजा अमान द्वारा स्थापित किया गया हनुमान मंदिर अन्य धार्मिक केंद्र हैं। इसके अतिरिक्त मैहर क्षेत्र के ग्राम मड़ई, मनौरा, तिदुंहटा व बदेरा में सदियों पुराने भवन व शिलालेख हैं, जो भारतीय इतिहास को एक नए आलोक में झांकने का अवसर प्रदान करते हैं। शिव पुराण के मुताबिक बदेरा में ही शिवभक्त बाणासुर की राजधानी थी जिसकी पुष्टि बदेरा के जंगल में जगह-जगह मिल रहे शिव मंदिरों के भग्नावशेष व शिवलिंग करते हैं।

### आल्हा -उदल तलैया और अखाड़ा

मैहर त्रिकूट पर्वत के नीचे स्थित एक प्रसिद्ध जगह आल्हा-उदल तलैया के पास मंदिर है जो कि यह जंगल के बीच में स्थित है। यहां पर एक तलैया भी है, जहां पर खूबसूरत कमल के फूल देखने की मिलते हैं। यहां पर पिकनिक मनाने के लिए अच्छा स्पॉट हैं। मां शारदा देवी मंदिर के त्रिकूट पर्वत से आल्हा उदल का अखाड़ा दिखता भी है। मान्यता है कि जब रात्रि में शारदा माता का मंदिर का पट बंद हो जाता है तब सुबह में सबसे पहले वहां पर आज भी दो वीर योद्धा आल्हा एवं उदल अदृष्य होकर मां शारदा की पूजा करने के लिए आते हैं और पंडित के पहले ही मंदिर में पूजा पाठ करके चले जाते हैं। मान्यता है कि आल्हा-उदल ने ही कभी घने पहाड़ वाले इस पर्वत पर मां शारदा के इस पावन धाम की न सिर्फ खोज की, बल्कि 12 वर्षों तक कड़ी तपस्या करके माता से अमरत्व का वरदान प्राप्त किया था।

### इन 4 वस्तुओं के चढ़ावे से माता होती हैं प्रसन्न

अगर आप भी नवरात्रि में मां शारदा के पावन धाम मैहर की यात्रा पर जा रहे हैं तो मां को चढ़ावे के लिए पान, सुपारी, ध्वजा, नारियल का चढ़ावा लाना न भूलें। मंदिर के प्रधान पुजारी बमबम महराज ने बताया कि मां करुणामयी हैं। मां शारदा भक्तों की सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ण करती हैं। माई के चरणों में पान, सुपारी, ध्वजा, नारियल का चढ़ावा सब से उत्तम है, माता इससे प्रसन्न होती हैं।

### पान का धार्मिक महत्व

पान का जिक्र 'स्कंद पुराण' में किया गया है, जिसके अनुसार समुद्र मंथन के समय पान के पत्ते का प्रयोग किया गया था। इसके पत्ते में विभिन्न देवी-देवताओं का वास माना जाता है, इसलिए पूजा में पान के पत्ते का विधि-विधान से प्रयोग किया जाता है।

### ध्वज का महत्व

किसी भी देवी देवता को ध्वज चढ़ाने का विशेष महत्व माना जाता है। कहते हैं ध्वज विजय का प्रतीक होता है और भगवान का ध्वज में अंश होता है। इसलिए नवरात्रि में देवी को ध्वज अर्पित करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और बिगड़े काम पूर्ण होते हैं।

### बनी रहेगी मां की कृपा

पुजारी ने बताया कि अगर आप माता शारदा को इन चार वस्तुओं का चढ़ावा चढ़ाते हैं तो आप की सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाएंगी और आप के घर परिवार में सुख समृद्धि का वास होगा. लक्ष्मी मां की असीम कृपा बनी रहेगी।

### इन 4 वस्तुओं का क्या है धार्मिक महत्व

हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार, सुपारी को भगवान गणेश के प्रतीक के तौर पर माना जाता है और नारियल को माता लक्ष्मी के प्रतीक स्वरुप में माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि पूजा में नारियल और सुपारी रखने से सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो जाते हैं।